खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 22°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 22 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 7 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



130वें संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा पेज 2



एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच को हरी झंडी खेल टाइम्स



खंडहरों में फलस्तीन: युद्ध की असहनीय कीमत सम्पादकीय



भारत नहीं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार:जयशंकर पेज 12

# भारत आज भी अंतरिक्ष से सारे जहां से अच्छा दिखता है

## देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के अनुभव साझा किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के अपने अनुभव को अविश्वसनीय बताते हुए गुरुवार को कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से 'सारे जहां से अच्छा' दिखता है।

यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा घर के खाने को मिस किया। उन्होंने देश के बच्चों के लिए संदेश भी दिया कि उन्हें खुद पर भरोसा रखना चाहिए कि वे भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं। श्री शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह वास्तव में अविश्वसनीय था। प्रशिक्षण के दौरान आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन वास्तविक अनुभव अलग होता है। उन्होंने बताया कि यह बेहद सफल मिशन रहा और सारे उद्देश्य पूरे हो गए। वायुसेना में टेस्ट पायलट शुक्ला ने अपने 18 दिन के प्रवास के दौरान अंतरिक्ष में सात तरह के प्रयोग किए। उन्होंने कहा कि इस दौरान काफी कुछ जानने और सीखने को मिला, जो देश के गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में जाने के बाद पहले तीन-चार दिन अच्छा नहीं लगा, लेकिन उसके बाद सामान्य लगने लगा। तीसरे -शेष पृष्ठ दो पर



■ शुभांशु शुक्ला का बच्चों को संदेश- खुद पर भरोसा रखें वे भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं

### राजनाथ सिंह से मिले ग्रुप कैप्टन शुक्ला

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उनके साथ अंतरिक्ष में अपने अनुभव तथा उपलब्धियां साझा की।

श्री सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला को बधाई दी और उनके सफल मिशन को भारत के अंतरिक्ष में मानव मिशन की यात्रा में मील का पत्थर बताया। रक्षा मंत्री ने अंतरिक्ष स्टेशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला द्वारा किए गए प्रयोगों की सफलता का उल्लेख करते हुए भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान और अन्वेषण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणादायक यात्रा युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। श्री सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ मुलाकात के बाद एक्स पर इसकी जानकारी साझा की।

### रुद्रप्रयाग में भूस्खलन, बद्रीनाथ-गंगोत्री हाईवे बंद

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिस्से महाराष्ट्र और गुजरात में बारिश के कारण जन-जीवन प्रभावित हुआ है। दोनों राज्यों में गुरुवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में यमुना के कारण कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। 40 गांव अलर्ट पर हैं। मथुरा में यमुना नदी कटान के बाद अपना मूल रास्ता छोड़कर 2 किमी दूर बह रही है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड के कारण बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। गंगोत्री हाईवे धरासू पुराना थाना और सोनागढ़ के पास ब्लॉक है। यमुनोत्री हाईवे भी नारदचट्टी के पास बंद है। कुथनौर में ट्रैफिक शुरू हो गया है। बाकी जगहों पर मलबा हटाने का काम जारी है। इधर, गुजरात के तटीय जिलों में बुधवार को भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए। जूनागढ़ जिले में 12 घंटों में 331एमएम बारिश हुई। एनडीआरएफ ने पोरबंदर जिले के एक स्कूल में फंसे 46 बच्चों और 4 टीचर्स को बचाया।

### भ्रामक विज्ञापन देने पर रैपिडो पर 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यहां गुरुवार को रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रैपिडो) पर भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए 10 लाख रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने यह कार्रवाई उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए किया है। सीसीपीए ने इसके साथ ही ऑनलाइन कैब व बाइक राइड बुक करने वाले प्लेटफॉर्म रैपिडो को यह सुनिश्चित करने को भी कहा है कि 5 मिनट में ऑटो या 50 रुपये प्राप्त करें ऑफर वाली योजना में शामिल उपभोक्ताओं को वायदे के मुताबिक अगर 50 रुपये मुआवजा नहीं मिला है, तो उन्हें बिना किसी देरी के पूरी राशि दी जाए।

### सतीश गोलचा दिल्ली पुलिस के नए आयुक्त नियुक्त किए गए

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर कहा कि सक्षम अधिकारी की मंजूरी से श्री गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति कार्यभार संभालने के दिन से प्रभावी होगी। श्री गोलचा को श्री एसबीके सिंह के स्थान पर यह जिम्मेदारी दी गई है। होम गार्ड के महानिदेशक श्री सिंह को इसी महीने एक तारीख को दिल्ली पुलिस के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। श्री गोलचा 1992 बैच के पुलिस अधिकारी हैं और अभी महानिदेशक (जेल) के पद पर कार्यरत हैं।

### NIAने तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** एनआईए ने 2019 के रामलिंगम हत्याकांड के सिलसिले में तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे और प्रतिबंधित पीएफआई आतंकी संगठन से संबंधित एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### असम में 18+उम्र वालों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा

**दिसपुर।** असम में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि असम कैबिनेट ने अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता से रोकने के लिए यह फैसला लिया है। सीएम हिमंत ने बताया कि राज्य में 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों के पास अभी तक आधार कार्ड नहीं हैं, उन्हें आवेदन के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और चाय जनजाति के 18+ आयु वाले एक साल तक आधार कार्ड बनवा सकेंगे।

# न्यायिक आतंकवाद से बचें कोर्ट

## राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समयसीमा तय करने के मामले में सीजेआई की बेबाक टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने के मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक सक्रियता, न्यायिक आतंकवाद नहीं बनना चाहिए।

सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भारत के राज्यपाल और राष्ट्रपति की तरफ से बिल को मंजूरी, रोक या रिजर्वेशन मामले की सुनवाई की। बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंदुरकर शामिल हैं। गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोगों को काफी अनुभव होता है और उसे कमतर नहीं आंका जाना चाहिए। इस पर सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि हमने कभी भी निर्वाचित लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा है। मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता, कभी भी न्यायिक आतंकवाद या न्यायिक रोमांच नहीं बनना चाहिए। तुषार मेहता ने अपने सबमिशन में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया, जिसमें राज्यपालों की शक्तियों पर बात की गई। इस मामले पर सुनवाई लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोग सीधे तौर पर जनता का सामना करते हैं। अब लोग जनप्रतिनिधियों से सवाल करते हैं। 20-25 साल पहले हालात अलग थे। अब मतदाता जागरूक हैं और उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्यपाल के पास मंजूरी रोकने का पूरा अधिकार है, जो उन्हें संविधान के अनुच्छेद 200 से मिला हुआ है।



हमने कभी भी निर्वाचित लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता, कभी भी न्यायिक आतंकवाद या न्यायिक रोमांच नहीं बनना चाहिए

### राज्यों को बातचीत करके विवाद निपटाने चाहिए: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर राज्यपाल विधेयकों पर कोई फैसला नहीं लेते हैं, तो राज्यों को कोर्ट की बजाय बातचीत से हल निकालना चाहिए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान अदालतें नहीं हो सकतीं। लोकतंत्र में संवाद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हमारे यहां दशकों से यही प्रथा रही है। मेहता ने आगे कहा कि मान लीजिए कि राज्यपाल विधेयकों पर विचार नहीं कर रहे हैं, तो राजनीतिक समाधान हैं, जिन्हें अपनाया जा सकता है। ऐसा हर जगह नहीं होता कि मुख्यमंत्री अदालत की ओर दौड़ पड़ते हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां बातचीत होती है, मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिलते हैं, वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मिलते हैं और समाधान निकल आता है।

# ऑनलाइन गेमिंग बिल को राज्यसभा की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग (संवर्धन एवं नियमन) विधेयक 2025 को गुरुवार को राज्यसभा ने विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बीच पारित कर दिया। इसके साथ ही इस पर संसद के दोनों सदनों की मुहर लग गई है। लोकसभा ने इस विधेयक को बुधवार को इसी तरह हंगामे के बीच बिना बहस के पारित कर दिया था।

राज्यसभा में पहले स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे कार्यवाही पुनः शुरू हुई थी। विपक्षी दलों के सदस्यों और हंगामे के बीच ही उप सभापति हरिवंश की अनुमति से इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए रखा। सदन ने विधेयक को सदन की प्रवर समिति के समक्ष भेजने और इसके कुछ उपबंधों में संशोधन के कुछ विपक्षी सदस्यों के प्रस्तावों को नामंजूर करते हुए इसे बिना बहस के ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीठ से शिकायत की -शेष पृष्ठ दो पर



■ सदन ने विधेयक को सदन की प्रवर समिति के समक्ष भेजने के प्रस्तावों को किया नामंजूर

### संसद का मानसून सत्र खत्म, कुल 21 बैठकें हुईं

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र 21 अगस्त को समाप्त हुआ। यह सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। वहीं राज्यसभा में 41 घंटे चर्चा हुई। इस दौरान लोकसभा में 12 बिल और राज्यसभा में 15 बिल पास हुए। सबसे चर्चित बिल गिरफ्तार पीएम-सीएम और मंत्रियों को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल रहा। इसे जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता को जेड सिक्योरिटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को केंद्र सरकार ने जेड कैटेगरी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। सीएम सिक्योरिटी में 22 से 25 हथियारबंद जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे। गुप्ता और उनके आधिकारिक आवास की सुरक्षा अर्धसैनिक बल का वीआईपी सिक्योरिटी ग्रुप करेगा।

यह ग्रुप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सोनिया-राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा में भी तैनात है। दरअसल, सीएम रेखा पर 20 अगस्त की सुबह करीब 8.15 बजे जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया। आरोपी गुजरात के राजकोट का रहने वाला राजेशभाई खमिजी है, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था।

■ 20+ हथियारबंद सीआरपीएफ जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे

# खत्म होगा 12 व 28 % जीएसटी स्लैब

## केंद्र सरकार के प्रस्ताव को जीओएम ने किया स्वीकार

**नई दिल्ली।** सरकार जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) प्रणाली को और सरल बनाने की तैयारी कर रही है। हाल ही में जीओएम की बैठक हुई, जिसमें केंद्र द्वारा प्रस्तावित जीएसटी स्लैब को रिजनेबल बनाने के लिए सहमति बन गई है।

इस बैठक में राज्यों के वित्त मंत्रियों ने मौजूदा चार स्लैब को घटाकर केवल दो स्लैब रखने का समर्थन किया है। इसका मतलब है कि अब 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब खत्म हो जाएंगे और केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के स्लैब रहेंगे। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बनी इस छह सदस्यीय मंत्रिसमूह ने यह फैसला किया है कि जीएसटी की दरों को केवल दो स्लैब में बांटा जाएगा। इसमें अच्छी और आवश्यक वस्तुओं पर 5 प्रतिशत की दर लागू होगी, जबकि अधिकांश मानक वस्तुओं और सेवाओं पर 18 प्रतिशत का कर लगाया जाएगा। इसके अलावा लग्जरी वस्तुएं 40 प्रतिशत के स्लैब में रहेंगी। इस फैसले के बाद लगभग 99 प्रतिशत वस्तुएं जो पहले 12 प्रतिशत की दर पर थीं, अब 5 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी।

■ कांग्रेस का दावा नेता विपक्ष राहुल गांधी के दबाव के चलते सरकार ने लिया फैसला

# सुदर्शन रेड्डी ने नामांकन पत्र किया दाखिल



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को यहां गठबंधन के बड़े नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

श्री रेड्डी सुबह संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राज्यसभा सचिवालय में महासचिव पीसी मोदी के कार्यालय में नामांकन करने के लिए पहुंचे। श्री मोदी इस चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। श्री रेड्डी ने चार सेटों में नामांकन पत्र दायर किया। प्रत्येक सेट पर उनके समर्थन में 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों ने हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, गठबंधन के वरिष्ठ नेता शरद पवार, रामगोपाल यादव और कई अनेक नेता भी मौजूद थे। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन का शुक्रवार को अंतिम दिन था। चुनाव में श्री रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से है। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान 9 सितम्बर को होगा और मतों की गिनती उसी दिन शाम को कराई जाएगी।

■ उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितम्बर को होगा मतदान

# मानव रहित मिशन साल के अंत तक होगा लॉन्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के अपने अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और इस साल के अंत तक पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा, जबकि साल 2027 के आरंभ में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा।

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि गगनयान मिशन की तैयारी का काम जोरशोर से चल रहा है। व्हीकल हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम, क्रू इस्केप सिस्टम और पैराशूट का विकास आदि समेत 80 प्रतिशत तैयारी पूरी कर ली गई हैं। शेष 20 प्रतिशत काम भी मार्च 2026 तक पूरे कर लिए जाएंगे। डा. नारायणन ने कहा कि इस साल की अंतिम तिमाही में, संभवत: दिसम्बर के आसपास, पहला मानव रहित मिशन जी-1 लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद साल 2027 में इसरो पहली बार मावन मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे और आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय बने। वह एक्सिओम-4 मिशन में पायलट के तौर पर आईएसएस पर गए थे। उन्होंने वहां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष में खेती जैसे क्षेत्रों में सात प्रयोग किए और उनके इस अनुभव से गगनयान मिशन में काफी मदद मिलेगी।



■ भारत के अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा, 2027 में जाएंगे अंतरिक्ष यात्री

### इसरो के वैज्ञानिकों ने बचाई थी अंतरिक्ष यात्रियों की जान

**नई दिल्ली।** एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन की लॉन्चिंग से पहले ऐन वक्त पर यदि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने हस्तक्षेप नहीं किया होता, तो यह 'विनाशकारी' हो सकता था और मिशन में शामिल सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों की जान जा सकती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचआरसी ने जारी किया मेडिकल छात्र की मौत पर नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कहा कि उसने 9 अगस्त 2025 को कानपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 25 वर्षीय एक मरीज की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने अपने एक बयान में कहा कि उसने घटना पर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मीडिया में आई खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया था कि अस्पताल और पुलिसकर्मियों के कुप्रबंधन के कारण समय पर और उचित उपचार के अभाव में युवक की मृत्यु हुई।

### श्रमिकों के अनाथ बच्चों के लिए मॉक टेस्ट कराएगा विभाग

**लखनऊ।** श्रम विभाग पहली बार अटल आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले श्रमिकों और कोविड में अपने मां बाप को खोने वाले बच्चों के लिए सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा से पहले मॉक टेस्ट कराएगा, जिससे समय से पहले ही बच्चे अपना आंकलन कर परीक्षा की तैयारी कर सकें। प्रदेश के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। इन विद्यालयों में श्रमिकों के बच्चे व कोविड के दौरान अपने मां बाप को खो चुके बच्चे पढ़ते हैं।

### भाजपा सरकार ने देश को पीछे धकेला

**इटावा।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि केन्द्र की मौजूदा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार देश का न सिर्फ बंटाधार करने में लगी है, बल्कि देश को विकास के मामले में काफी पीछे धकेल दिया गया है।

# व्हाट्सएप के जरिये लंबित चालानों का नोटिस भेजेगा परिवहन विभाग

**लखनऊ, वार्ता**

■ विभाग ने जारी किया 8005441222 नंबर

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग अब वाहन कर्मियों को चालान नोटिस भेजने के लिए व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा (8005441222) का सहारा लेगा। इसके ज़रिए से प्राप्त किसी भी ई-चालान नोटिस की जांच कर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

अधिकारियों की मानें तो फिलहाल परिवहन विभाग ने 2024-25 के लिए लंबित चालानों का भुगतान करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। चूंकि कुल लंबित चालानों में से एक-तिहाई से ज्यादा ऐसे हैं, जिनमें वाहनों के पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर या तो गलत हैं या गायब हैं। इसलिए विभाग ने मालिकों को सलाह दी है कि वे परिवहन-जीओवी-इन पोर्टल पर अपने वाहनों के चालान की स्थिति स्वयं देखें और कड़ी सज़ा से बचने के लिए समय पर अपना भुगतान करें। विभाग अपनी व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा के माध्यम से वाहन मालिकों के मोबाइल नंबरों पर अधिकतम 36 लाख ई-चालान नोटिस भेज सकता है।

यह सेवा ब्लू टिक सत्यापित है और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित है। यह सेवा 2022-23 से शुरू होने वाले तीन वित्तीय वर्षों के लिए है। केवल 2024-25 के लिए ही 14 लाख से ज्यादा नोटिस भेजे जाएंगे। सबसे बड़ी संख्या उनकी है, जिन्होंने वाहन पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर नहीं दिए हैं या गलत नंबर दिए हैं।

### संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा

**लखनऊ।** संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक से बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किनारा कर लिया है। उन्होंने बिल को लोकतंत्र को कमजोर करने वाला बताते हुए कहा है कि इसका दुरुपयोग सत्ताधारी पार्टियां अपने लाभ, स्वार्थ व देश के लिए करेंगी। गुरुवार को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर बसपा अध्यक्ष मायावती ने लिखा- केन्द्र सरकार द्वारा कल संसद में, भारी हंगामे के बीच लाया गया 130वां संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनैतिक हालात में, यह स्पष्टत: लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। इसका सत्ताधारी पार्टियां अपने-अपने लाभ, स्वार्थ व द्वेष में ज्यादातर इसका दुरुपयोग ही करेंगी, ऐसी जनता को आशंका है।

# हंगामे के बावजूद 15 विधेयक दोनों सदनों में पारित

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बिहार में मतदाता सूची के विरोध को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को दोनों सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के साथ ही संपन्न हो गया लेकिन एक महीने तक चला सत्र मुख्य रूप से बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया हालांकि दोनों सदनों में हंगामे और बहिर्गमन के बीच 15 विधेयक पारित किए गए।

लोकसभा में पेश किए गए 14 विधेयकों में से 12 को सदन की मंजूरी मिल गई, जबकि उच्च सदन में 15 विधेयक पारित किए गए। किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की गिरफ्तारी और तीस दिन की हिरासत की स्थिति में उन्हें पदमुक्त समझे जाने के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों को लोकसभा ने समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर 16-16 घंटे की चर्चा हुई और लोकसभा में प्रधानमंत्री ने जबकि राज्यसभा में गृह मंत्री ने चर्चा का जवाब दिया। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर लोकसभा में चर्चा शुरू हुई थी, लेकिन यह विपक्ष के हंगामे के कारण पूरी नहीं हो सकी। सत्र की पूरी अवधि के दौरान एकजुट विपक्ष ने सरकार को बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में गड़बड़ी तथा उसे वापस लेने की मांग को लेकर जोरदार तरीके से घेरा और इस पर चर्चा कराने की मांग को लेकर दोनों सदनों में कार्यवाही में निरंतर व्यवधान डाला। विपक्ष ने सत्र के पहले दिन से ही ऑपरेशन सिंदूर और मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी थी। सत्र के दूसरे सप्ताह में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के बाद विपक्ष ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर दोनों सदनों में कार्यवाही नहीं चलने दी।

### आयोग का ध्यान नाम हटाने पर नहीं जोड़ने पर हो: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर फिर हमला करते हुए गुरुवार को कहा कि उसका ध्यान मतदता सूची से नाम हटाने पर नहीं बल्कि तथ्यों की जांच परख कर नाम जोड़ने पर होना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए आयोग जो काम कर रहा है उसका मकसद मतदाता सूचियों को स्पष्ट और पारदर्शी बनाना नहीं बल्कि लोकतंत्र को नष्ट करना ज्यादा है।जयराम रमेश ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के ठीक बाद बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आयोग ने सर्वेक्षण कराया और कहा कि मतदाता सूचियां पहले से ही 'लगभग पूर्ण सटीक' पर हैं, लेकिन कागजी कार्यवाही और जागरूकता की कमी के कारण कई पात्र मतदाताओं का नामांकन नहीं हो पाया है।

## डबल इंजन सरकार की तारीफ करते हुए बोले सीएम योगी

# सपा-कांग्रेस ने केवल अपना विकास किया

**एटा, वार्ता**



■ एटा में 750 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हुआ सीमेंट प्लांट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने सत्ता के लिए सबका साथ लिया, मगर विकास सिर्फ अपने अपने परिवारों का किया है।

एटा में 750 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित एक सीमेंट प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले भारत को मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने तबाह किया और जो कुछ बचा रह गया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने तबाही का नया मंजर पैदा कर देश के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया। आज डबल इंजन सरकार की साफ नीयत, स्पष्ट नीति और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की वजह से उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। योगी ने कहा कि कांग्रेस हो या समा. जवादी पार्टी, इनकी नीयत कभी सबके विकास की नहीं रही। इन्होंने साथ तो सबका लिया, लेकिन विकास सिर्फ अपने परिवार का किया। इनके समय में न व्यापारी सुरक्षित था, न बेटी सुरक्षित थी। यही वजह रही कि देश और प्रदेश पिछड़ते चले गए। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार और डबल इंजन की यूपी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से देश और प्रदेश को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि 8-9 साल पहले एटा की पहचान अपराध और माफिया के गढ़ के रूप में थी। गरीबों की जमीन पर कब्जा होता था, उनकी सुनवाई नहीं होती थी। जब नागरिक की संपत्ति ही सुरक्षित न हो, तब सरकार उसके कल्याण के लिए क्या करेगी। यही स्थिति तब थी। लेकिन आज एटा बेहतरीन कानून व्यवस्था और निवेश की नई पहचान बना है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट से 1500 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

### हजारों लोगों को काम का अवसर मिला

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निवेश से सिर्फ सीधे रोजगार ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट, व्यापार और डिस्ट्रीब्यूशन चैनल से जुड़े हजारों लोगों को भी काम का अवसर मिला है। यही है आत्मनिर्भर भारत की नींव, यही है विकसित भारत की आधारशिला। सीएम योगी ने कांग्रेस काल को याद करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था, जब सीमेंट कंट्रोल से मिलता था। अगर पहुंच है तो एक बोरा मिल जाएगा, वरना चोरी-छिपे खरीदना पड़ता था। घर बनाना मुश्किल था। यही कांग्रेस की नीयत और नीति थी। विकास कैसे होता। योगी ने कहा कि भारत 17वीं-18वीं सदी में दुनिया की नंबर-1 अर्थव्यवस्था था। 1947 से 1960 तक छठे स्थान पर रहा, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की नीतियों ने इसे 2014 तक 11वें स्थान पर पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र दिया और आज भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगले दो वर्षों में यह तीसरे स्थान पर होगा। दुनिया के सामने भारत का नया गौरवशाली चेहरा उभरेगा।

# अखिलेश के दावों की जांच करने में जुटा चुनाव आयोग

■ सपा सुप्रीमो ने कुछ दिन पहले ही लगाए थे आरोप

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और चुनाव आयोग के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। कुछ दिन पहले ही हलफमानों को लेकर अखिलेश ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरा. ेप लगाया था। अब आयोग ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

अखिलेश के शपथ पत्रों के दावे को नकारते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि आयोग को उत्तर प्रदेश या यादव से कोई हलफनामा नहीं मिला है। इस बीच अब आयोग ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता सूची में अनियमितताओं के बारे में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की शिकायत की जांच शुरू कर दी है। शिकायत के बाद, निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को मतदाता सूचियों की जांच करने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कथित तौर पर गलत तरीके से नाम हटाए गए हैं। कासगंज, जौनपुर, बाराबंकी और लखनऊ के जिलाधिकारियों ने अपनी जांच पूरी कर ली है और यादव के दावों को निराधार और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया है। सपा प्रमुख ने सोमवार को संसद परिसर में मीडियाकर्मियों को हलफनामे की प्रतियां वितरित कीं थी। यादव ने कहा कि ईसीआई में हलफनामे दायर किए गए हैं, जिनमें 2022 के विस चुनावों के दौरान उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने और अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।

सेंसेक्स 82000.71
निफ्टी 25083.75

सोना रु. 99147
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 112690
प्रति किलो



# छठे दिन सेंसेक्स 82 हजार के पार

**मुंबई, वार्ता**



आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी दिग्गज कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 142.87 अंक (0. 17 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,000.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 33.20 अंक यानी 0.13 फीसदी ऊपर 25,083.75 अंक पर पहुंच गया। दोनों सूचकांक फिलहाल चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर हैं। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच कुल मिलाकार बाजार की धारणा आज कमजोर रही मझौली और छोटी कंपनियों से निवेशकों ने पैसे निकाले। सेंसेक्स 362.62 अंक की बढ़त में 82,220.46 अंक पर खुला और एक समय 82,231.17 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में अचानक यह 200 अंक से ज्यादा की तेजी गंवाता हुआ 82,000 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का निचला स्तर 81,921.22 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 91.45 अंक चढ़कर 25,142 अंक पर खुला। यह नीचे 25,054.90 अंक और ऊपर 25,153.65 अंक तक गया। निफ्टी-100 सूचकांक में भी 0.06 प्रतिशत की तेजी रही।

मझौली और छोटी कंपनियों में हालांकि बिकवाली से निफ्टी मिडकैप-50 में 0.46 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,068 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, जिनमें 1,503 में तेजी रही, जबकि 1,475 के शेयर फिसल गए। वहीं 90 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। निजी बैंक के साथ आईटी, रियलिटी, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक बढ़त में रहे, जबकि एफएमसीजी, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और सरकारी बैंक जैसे सेक्टरों में गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर टूट गए। बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे अधिक 1.12 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.09 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 0.90, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.86 और एलएंडटी में 0.76 फीसदी की तेजी रही। बीईएल, मारुति सुजुकी, सनफार्मा, भारती एयरटेल, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक भी बढ़त में रहे। पावर ग्रिड में 1.51 फीसदी, इटरनल में 1.47 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.08 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स में 0. 95 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 201 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी की कीमत भी 1,496 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,009,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,985 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 26,673 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में यूपी पहले स्थान पर, रजिस्ट्रेशन में भी आगे

**लखनऊ, वार्ता**

■ अक्षय ऊर्जा दिवस पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दी जानकारी

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अब देश में अग्रणी राज्य बन गया है। प्रदेश ने रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन में भी आगे है।

अक्षय ऊर्जा दिवस पर सोलर ऊर्जा को लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखते हुए प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि पीएम सूर्य घर योजना में उत्तर प्रदेश ने जुलाई 2025 माह में 27,771 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं प्रति दिन इंस्टॉलेशन में भी हम अब पहले नंबर पर हैं। ऊर्जा मंत्री ने आगे लिखा कि अब तक के कुल 196,327 इंस्टॉलेशन के साथ, यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है। जल्द ही शीर्ष राज्य बनने की ओर हम अग्रसर है। एके शर्मा ने कहा है कि पंजीकरण में भी हम पहले से ही प्रथम स्थान पर थे। उन्होंने 2017 से 2025 तक के आंकड़ों को शेयर करते हुए लिखा है कि यूपी में कुल सौर ऊर्जा क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2017 में जहां ऊर्जा क्षमता 389 मेगावाट थी। वहीं 2022 में 2,244 मेगावाट और 2025 में 5,157 मेगावाट हो गई है। शर्मा ने कहा कि बायो ऊर्जा परियोजनाओं में भी हम अग्रणी राज्य बन रहे हैं। 230 टन प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता के साथ हम कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के उत्पादन में देश में नंबर एक पर हैं।

### किसानों से ठगी-बेइमानी करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि खाद और बीज के व्यापार में किसानों के साथ ठगी और बेइमानी करने वालों से सरकार कड़ाई से निपटेगी। चौहान अपने मंत्रालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वृहद 'कर्मचारी संकल्प सम्मेलन' का आयोजन राजधानी में पूसा में आयोजित किया गया था। कृषि मंत्री ने कहा कि नकली खाद-बीज और कीटनाशक के नाम पर किसान लुटते रहे और हम देखते रहे, अब ऐसा बिल्कुल नहीं होगा, बेइमानों को हम छोड़ेंगे नहीं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत आज...**

दिन आईएसएस पर पहले से मौजूद नासा की एक अंतरिक्ष यात्री उनके पास आई और पूछा कि क्या वह देखना चाहेंगे कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है। नासा की अंतरिक्ष यात्री ने आईएसएस में बनी खास खिड़की से श्री शुक्ला को भारत दिखाया। भारत के गगनयान मिशन के संभावित क्रू सदस्यों में से एक श्री शुक्ला ने बताया कि उस समय धरती पर रात थी। पहले दक्षिण में हिंद महासागर के ऊपर पूरा अंधेरा दिखा और फिर अचानक लगभग त्रिकोणाकार भारत दिखा, जो रौशन था। यह काफी अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि उसके बाद उन्होंने कई बार भारत को देखा, लेकिन पहली बार का दृश्य उनके दिल में उतर गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से 'सारे जहां से अच्छा दिखता है।'

**ऑनलाइन...** कि विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता है। इसके बाद वह मतदाता सूची के मुद्दे पर बोलने का प्रयास करने लगे, तो श्री हरिवंश ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। उप सभापति ने कहा कि विधेयक पर चर्चा हो रही हो, तो कोई और बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। संसदीय कार्यमंत्री ने पीठ की अनुमति से बोलते हुए श्री खड़गे की बात पर आपत्ति जताई और कहा कि पीठ पर प्रश्न उठाना ठीक नहीं है। विपक्ष के नेता विषय पर तो बोलते नहीं हैं और पीठ पर सवाल उठाने लगते हैं। विपक्ष ने पूरे मानसून सत्र में कार्यवाही चलाने में सहयोग नहीं किया। उपसभापति ने सदन में तख्ती लेकर आने के विपक्षी सदस्यों के आचरण पर खेद जताते हुए कहा कि तख्ती लाना सदन की परंपरा के विपरीत है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान (130वां) संशोधन विधेयक और उसके साथ लोकसभा में प्रस्तुत दो विधेयकों की समीक्षा कर उस पर सिफारिश के लिए लोकसभा द्वारा प्रस्तावित संयुक्त समिति में शामिल होने और इसके लिए राज्य सभा के दस सदस्यों को उप सभापति द्वारा नामित किए जाने के प्रस्ताव को रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को मंजूरी मिलने के साथ ही उप सभापति ने सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी।












**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।




# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

## भांजी को लेकर भागा मामा

### हिंदू संगठनों का थाने पर प्रदर्शन, छात्रा चंडीगढ़ से बरामद

**विशाल खटीक**

**मंडावर।** स्थानीय पुलिस ने 24 घंटे के अंदर छात्रा को बरामद कर लिया है। छात्रा को उसका मामा लेकर फरार हुआ था। इस घटना को लेकर हिंदू संगठनों में रोष देखा गया था।

प्राप्त समाचार के अनुसार ट्यूशन पढ़ कर स्कूल जाते हुए मौहल्ला फराशटोली से रहस्यमय ढंग से लापता हुई छात्रा को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 25 घंटे में चंडीगढ़ से प्रेमी सहित बरामद कर लिया है। उसे कोई और नहीं, बल्कि उसका कलयुगी चचेरा मामा ही बहला फुसलाकर ले गया था। आशंका थी कि छात्रा को कोई अज्ञात अपहरण कर के या फिर बहला फुसलाकर ले गया है। इस घटना से स्कूल में हड़कंप मच गया था। हिंदू संगठनों के लोग छात्रा के स्कूल पर जमा हो गये और थाने पर पहुंच हंगामा किया था।

बुधवार की सुबह मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम पदमपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाने में दी गई थी। तहरीर में बताया गया कि उनकी भतीजी मंडावर स्थित प्रकाश पब्लिक स्कूल में बाहरवी की छात्रा है। रोज की तरह वह बाइक द्वारा आज बुधवार को भी अपनी भतीजी को ट्यूशन छोड़ने गैस एजेंसी के सामने मौहल्ला फराश टोली स्थित एक कोचिंग सेंटर पर गये थे। जहां से उनकी भतीजी मंडावर स्थित स्कूल जाती है। किंतु ट्यूशन छुटने के पश्चात वह स्कूल नही पहुंची, काफी तलाश करने पर भी नही मिली। जिस कारण परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाते हुए किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर ले जाने का अंदेशा जताते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। इस मामले में पुलिस छात्रा के स्कूल पहुंची तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही थी। परिजनों ने हंगामा किया तो मौके पर क्षेत्राधिकारी गौतम राय थाने में पहुंचे और गहनता से जांच कर पुलिस को दिशा निर्देश दिये। थाना प्रभारी राजकुमार सरोज पुलिस टीम के साथ के साथ लापता छाता की बरामदगी में जुट गए।

थाना प्रभारी राजकुमार सरोज ने तेज तर्रार उपनिरीक्षक कुलवीर सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल अजय तोमर, अजित व महिला कांस्टेबल की टीम गठित कर मोबाइल लोकेशन के आधार पर चंडीगढ़ भेजा। जहां टीम ने छात्रा को उसके प्रेमी सहित बरामद कर गुरुवार की सुबह थाने लेकर पहुंची। पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में ले रखा है। जबकि छात्रा का चिकित्सा परिक्षण के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार लापता छात्रा को कोई और नहीं, उसका कलयुगी चहेरा मामा ही बहला फुसलाकर कर चंडीगढ़ ले गया था। मामा वैसे तो किरपुर के पास के एक गांव का रहने वाला है और चंडीगढ़ में घर बनाकर रहता है।

## कोबरा सांप निकलने से खौफजदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर में चौंकाने वाला एक मामला सामने आया है लगभग तीन दिनों से सोफे के अंदर छिपा बैठा किंग कोबरा सांप को देखकर परिजनों के होश उड़ गए, वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने सांप को पड़कर जंगल में छोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला किला टीचर कॉलोनी निवासी सुखविंदर सिंह के घर में सोफा रखा हुआ था गृह स्वामी द्वारा लगभग तीन दिनों से सोफे के अंदर चूहा होने की आहट महसूस हो रही थी बृहस्पतिवार को परिजनों द्वारा सोफे के अंदर सांप के फुंफकार की आवाज सुनाई दी तो परिवार में हड़कंप मच गया। तुरंत ही गृह स्वामी सुखविंदर सिंह ने वन विभाग को सूचना दी जिस पर वन दारोगा सुनील कुमार राजौरा ने स्नेक रेस्क्यू टीम को साथ में लाकर सांप को रेस्क्यू कर जंगल छोड़ने की बात कही वन दरोगा ने लोगों को बताया कि यह किंग कोबरा प्रजाति का सांप है जो बहुत ही जहरीला व खतरनाक होता है। उन्होंने क्षेत्र वासियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया कि सांप या किसी भी जहरीले जीव, जंतु द्वारा काट लेने पर झाड़ फूंक करने वाले के चक्कर में ना पड़े सीधे सीएचसी या पीएचसी में उपचार कराएं।



## मामूली धाराओं चालान की शिकायत

**चांदपुर।** मौहल्ला काजीजादगान निवासी कैफ पुत्र दिलशाद अहमद ने पुलिस क्षेत्रधिकारी से मिलकर वादी के साथ अकारण गली गलौच करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी का मामूली धाराओं में चालान करने की शिकायत की है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक अवैध तमंचा व जीवित कारतूस भी बरामद किए। पीड़ित कैफ पुत्र दिलशाद अहमद ने पुलिस द्वारा मामूली धाराओं में की गई कार्रवाई का विरोध करते हुए पुलिस की शिकायत की।

## कुत्तों ने मासूम बच्चों को काटा

**सहसपुर।** मोहल्ला चौधरियान निवासी मास्टर यूसुफ की पुत्री सिमरा उम्र 10 वर्ष अपने छोटे भाई बहन के साथ दुकान से कुछ सामान खरीदने के लिए जा रही थी सामने से आ रहे कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया वहा पर मौजूद भीड़ ने उसको बचाया वही दूसरी ओर मोहल्ला अफगानान निवासी हुमा परवीन का बेटा उजेर बाहर खेल रहा था उसको कुत्ते ने उसके सीने पर चढ़कर काटा लोगो ने बहुत मुश्किल के साथ उसको बचाया दोनों को सी एच सी स्योहारा ले जाया गया डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए सलाह दी कि कुत्ते ने ज्यादा काटा हैं जिसके कारण इसमें सीरम लगाना पड़ेगा जिसकी वजह से उन दोनों को बिजनौर रैफर कर दिया गया।

## साइबर ठगों ने पार किए तीन लाख

### पुलिस से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक जहांगीराबाद के मौजा पृथ्वीपुर बनवारी निवासी असलुब अंसारी के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 3 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस व बैंक अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित असलुब अंसारी ने बताया कि बुधवार देर शाम वह घर पर मौजूद था। इसी दौरान उसके मोबाइल से पांच मिनट के भीतर ही बैंक खाते से अलग-अलग आठ ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 3 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। इस पर जब उसने तुरंत अपना मोबा. इल चेक किया तो खाते से निकली रकम की जानकारी हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित गुरुवार तड़के ही यूनियन बैंक की स्थानीय शाखा पहुंचा और बैंक प्रबंधक को पूरे मामले से अवगत कराया। इसके बाद उसने कोतवाली पुलिस को भी शिकायती पत्र देकर ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस के मुताबिक, मामला साइबर क्राइम से जुड़ा होने के कारण शिकायत को बिजनौर स्थित साइबर क्राइम थाना भेज दिया गया है। वहां से जांच शुरू की जाएगी और साइबर विशेषज्ञ खाते से निकली धनराशि का पता लगाने का प्रयास करेंगे। पीड़ित का कहना है कि उसकी मेहनत की गाढ़ी कमाई एक झटके में ठगों ने उड़ा दी, जिससे परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। उसने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ा जाए और उसकी रकम वापस दिलाई जाए।

उधर पुलिस का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन ठगी की जाती है तो इसकी शिकायत तुरंत दर्ज कराना बेहद जरूरी है। ठगी की सूचना एक घंटे के भीतर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके दें। पुलिस का दावा है कि यदि शिकायत एक घंटे के अंदर दर्ज होती है तो ठगी गई रकम वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है। साइबर ठगी रोकने के लिए ही सरकार ने 1930 नंबर की सुविधा दी है, लेकिन अफसोस कि अधिकतर लोग इस नंबर से अब भी अनजान हैं। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि इस नंबर को नोट करके रखें और यदि आसपास इस तरह की कोई घटना होती है तो तुरंत शिकायत कराएं।

## थानाध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

### अधिकारों के प्रति सचेत रहने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने कहा छात्र छात्राओं की सुरक्षा के प्रति पुलिस गंभीर है। छात्र-छात्राओं से जीवन में अनुशासन बनाए रखने का आह्वान करते हुए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई।

एचएमआई इंटर कॉलेज में आयोजित महिला मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को थानाध्यक्ष धीरज नागर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में छात्र-छात्राओं का जागरूक होना आवश्यक है। पढ़ाई के साथ-साथ होने वाली समाज की हर गतिविधियों पर ध्यान रखकर अपने आप को सुरक्षित करें। मोबाइल पर पैसे मांगने वाले गिरोह से सचेत रहें। यदि ऐसी कोई कॉल आती है, तो कॉल से बिल्कुल नहीं घबराएं। उनके कहने पर अपने परिवार के बैंक खातों के बारे में तथा उनकी आईडी के बारे में बिल्कुल जानकारी न दें। छात्राओं को अवगत कराया कि विद्यालय आते समय कोई भी अंजान व्यक्ति कोई घटना करने की कोशिश करता है। उस समय बिल्कुल नहीं घबराएं उक्त घटना के बारे में अपने परिजनों को अवश्य ही अवगत कराये। साथ ही आसपास के किसी मोबाइल से पुलिस को सूचना दें, ताकि पुलिस समय से मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर सकें। उन्होंने बताया कि परिवार में अपने माता-पिता से कोई भी बात न छुपाए। किसी भी व्यक्ति द्वारा या रिश्तेदार द्वारा किसी भी प्रलोभन के झांसे में न आए। अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहकर अपने आप को सुरक्षित करें। थाने में फरियादियों के लिए हमेशा दरवाजे खुले हैं। किसी भी समय आकर किसी भी समस्या से अवगत कराकर समय से निदान कारये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बिलाल अहमद, राम अवतार सिंह, खान कासिम, अलीम अहमद, मंसूर अली आदि मौजूद थे।



## सैकड़ों महिलाओं ने की पूजा



**नगीना।** नगर के श्री पंजाबी महावीर मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के छठे दिन का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सैकड़ों महिलाएं एकत्र होकर विशेष पूजा-अर्चना में शामिल हुईं। कार्यक्रम में भंडारे का भी आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार को स्थानीय मोहल्ला सैय्यदबाड़ा स्थित श्री पंजाबी महावीर मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में संगीतमय माहौल के बीच भंडारा कर भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। नगर के लोगों ने स्थानीय श्री पंजाबी महावीर मंदिर में जाकर श्री कृष्ण जी के दर्शन किए। समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिर. कत की। इनमें सीपी सचदेवा संरक्षक, गोरखनाथ खन्ना प्रबंधक, राजकुमार सेठी उपप्रबंधक, एसके बब्बर सचिव, तिलक राज, हरमीत सिंह मल्होत्रा, पीके सचदेवा, आर के सचदेवा, देवेंद्र खरबंदा, ओमप्रकाश बांगा, चरणजीत सचद. ेवा, धीरज कालरा, राजकुमार मुठरेजा, संजीव मुठरेजा, सुभाष कुमार अरोड़ा, अमित कुमार टिक्कू घनश्याम मुठरेजा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## एचएमआई में महत्वपूर्ण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** थाना प्रभारी धीरज नागर द्वारा एच एम आई इंटर कॉलेज नहटौर में छात्र-छात्राओं को साइबर जागरूकता तथा अनुशासन की आवश्यकता से अवगत कराया। नहटौर थाने के तेज तर्रार थाना प्रभारी श्री धीरज कुमार द्वारा एच एम आई इण्टर कॉलेज नहटौर पहुंच कर छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया इस दौरान थाना अध्यक्ष द्वारा छात्र-छात्राओं से जीवन में अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई तथा साइबर जागरूकता के संबंध में छात्रों को अवगत कराया गया उन्होंने छात्र-छात्राओं से नहटौर नगर में पुलिस की छवि के संबंध में प्रश्न पूछा तथा आश्वासन दिया की पुलिस छात्राओं की सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है पीड़ित निसंकोच थाने जाकर अपनी बात रख सकते हैं छात्र-छात्राएं थाना प्रभारी के संबोधन के दौरान प्रसन्न नजर आए तथा उन्होंने थाना प्रभारी द्वारा मार्गदर्शन किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की प्रधानाचार्य सैयद बिलाल अहमद जैदी ने थाना प्रभारी का धन्यवाद करते हुए कहा की श्री धीरज नागर के कार्यकाल में नगर में पूरी तरह शांति व्यवस्था बनी हुई है तथा फरियादियों के लिए थाने के दरवाजे हर समय खुले हुए हैं।



## एक नजर

### छठी का पर्व मनाया

**नहटौर।** पूर्वी चौधरियान शिव मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के चलते गुरुवार को भगवान श्री कृष्ण छठी का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिला तीर्थ मण्डल ने भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया। बाल कृष्ण की झांकी को महिलाओं ने तिलक करके उपहार दिए। गुरुवार को मंदिर परिसर में आयोजित छठी के कार्यक्रम में नगर कीर्तन मण्डल ने भजन कीर्तन के कार्यक्रम में धार्मिक भजनों को प्रस्तुत करके कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। साथ ही बाल रूप में बनी भगवान कृष्ण की झांकी का तिलक करके उपहार दिए। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। चावल कढ़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष नीरज कुमार, अरविन्द शर्मा, आशु कौशिक, रजनीश शर्मा, आशीष अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, पुष्पेन्द्र शर्मा, बबलू त्यागी, सौरभमुनि त्यागी, ब्रह्म सिंह रवि, गगनदीप सिंह, राकेश चौहान राकेश दत्त शर्मा आदि गणमान्य नागरिकों व महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा मोहल्ला सराय जोखा शिव मंदिर, कायस्थान शिव मंदिर, बागवान नकटा में आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।

### योगेन्द्र सिंह बने राष्ट्रीय सचिव

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर चौधरी योगेंद्र सिंह को राष्ट्रीय समाजवादी मजदूर सभा का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। चौधरी योगेंद्र सिंह पुत्र श्री हरज्ञान सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट-गंज, निजामतपुरा बिला, अहतमाली, बिजनौर, को इस महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया गया है। पार्टी को उम्मीद है कि योगेंद्र सिंह अपनी ऊर्जा, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के साथ समाजवादी मजदूर सभा को सशक्त बनाएंगे और समाजवादी पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस नियुक्ति को पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह और नई ऊर्जा का संचार करने वाला कदम माना जा रहा है। चौधरी योगेंद्र सिंह ने इस नियुक्ति पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, ष्मैं समाजवादी पार्टी के आदर्शों और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य करूंगा।ष उनकी यह नियुक्ति बिजनौर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के संगठन को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### डा. दर्शिका को मिली सफलता

**नगीना।** अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चौहान की होनहार पुत्री डा. दर्शिका वत्स एमबीबीएस ने देश की प्रतिष्ठित नीट (पीजी) परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर अपने परिवार व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। दर्शिका वत्स की कामयाबी पर गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है। अपर जिला एंव सत्र न्यायालय नगीना में कार्यरत अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (क्रिमिनल) पंकज चौहान की होनहार सुपुत्री डॉ० दर्शिका वत्स एमबीबीएस ने आल इंडिया लेवल की नीट पीजी की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। वर्तमान में जनपद पीलीभीत जिला अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ. दर्शिका वत्स ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के आशीर्वाद को बताते हुए कहा कि वह एमडी मेडिसिन या रेडियोलॉजी में करके पीड़ितों की सेवा करना चाहती हैं। डॉ० दर्शिका वत्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके पिता अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चौहान को उनके शुभचिंतक वरिष्ठतम अधिवक्ता सज्जाद अहमद शमसी एडवोकेट के अलावा एड मौ० आरिफ खां, एड टीकम सिंह, एड अशोक त्यागी, एड प्रेम कुमार शर्मा, एड फरीद खां आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### पति के गुप्तांग पर हमला

**मंडावर।** खादर क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बुधवार की शाम जब वह घर पर था।तो मेरी पत्नी ने ब्लैड से मेरे गुप्तांग पर हमला कर दिया। जिसमें में गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को चिकित्सा परिक्षण के लिये जिला अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी मंडावर राजकुमार सरोज ने तहरीर मिलने व घायल को जिला अस्पताल भेजने की पुष्टि की है।

### कांग्रेसियों की विचार गोष्ठी

**स्योहारा।** कांग्रेसी नेताओं ने धामपूर नगर स्थित भाग्यश्री नर्सिंग होम पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर एक पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र सिंह चौहान ने की तथा संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष जिला सचिव वसीउर्रहमान ने किया इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुजफ्फरनगर प्रभारी सुधीर कुमार ने कहा कि स्व. राजीव गांधी जी का बलिदान देश कभी नहीं भुला सकता आज के आधुनिक भारत के निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है इस गोष्ठी में विशेष रूप से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रदेश महासचिव नासिर उर्फ आदिल चौधरी को प्रमुखता से याद किया गया और उनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में डा सुमन चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस नसीर चौधरी प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस नदीम नजाकत खां नगर अध्यक्ष शेख हाफिज सदन साहब ,महफूज अहमद डॉ. ।जींत जुनैद पूर्व जिला सचिव रिफाकत चौधरी जिला अध्यक्ष आरटीआई, विपिन कुमार आदि शामिल रहे।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई



अमित गुप्ता
प्रबंधक
डीवीएम इंटर कालेज, नगीना

10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश
विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।
आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।
B.Tech (CS) | MBA
BCA | MCA
BBA | LLB
B.Com | LLM
BA LLB | M.TECH.
B.Sc Microbiology | MSW
B.Sc. Computer Sc. | M.Sc. Home Sc.
B.Sc Home Sc. | MA Education
B.Sc Physics | Chemistry | Maths Botany | Zoology
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893



स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई
रंजना वर्मा
संचालिका
नगीना फिलिंग स्टेशन (पेट्रोल पम्प)
कृष्णा बैंकट हॉल के सामने
रामलीला ग्राउंड के पास, धामपुर रोड, नगीना

यौमे आजादी की सभी को मुबारकबाद



आफताब अंसारी
ग्राम प्रधान-कस्बा कोटरा, नगीना

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद।

### सार्वजनिक सूचना

संस्था डा. भीमराव अम्बेडकर खादी आश्रम समिति, मौ. शेखान निकट घास मण्डी नहटौर, जिला बिजनौर सर्वश्री 01. श्री चन्दन सिंह पुत्र श्री ओम प्रकाश सिंह भूतपूर्व उपमंत्री निवासी मौ. शमना सराय, शेरकोट, जिला बिजनौर। 02. श्री भारत सिंह पुत्र श्री सुक्खन, भूतपूर्व कोषाध्यक्ष निवासी ग्राम व पो. फुलसन्दा, जिला बिजनौर। 03. श्री तवरेज आलम पुत्र श्री मौ. ताहिर सलीम, भूतपूर्व सदस्य ग्राम व पो. रायपुर सादात, बिजनौर। 04. श्री मकबूल अहमद पुत्र श्री अल्लाह बख्श, भूतपूर्व सदस्य ग्राम व पो. कोतवाली देहात, जिला बिजनौर। 05. श्री ऐजाज अहमद पुत्र श्री मौ. हसनैन, भूतपूर्व सदस्य ग्राम व पो. कोतवाली देहात, जिला बिजनौर। 06. श्री सुभाष कुमार पुत्र श्री घसीटा सिंह, भूतपूर्व सदस्य, ग्राम मटौरा, पो. भटियाना, जिला बिजनौर। 07. श्री होरी सिंह पुत्र श्री शिब्बा सिंह, भूतपूर्व सदस्य ग्राम व पो. सरकरा चकराजमल जिला बिजनौर। 08. श्री राकेश कुमार पुत्र श्री रामचन्दर सिंह, भूतपूर्व सदस्य ग्राम व पो. सरकरा चकराजमल जिला बिजनौर। 09. श्री करन सिंह पुत्र श्री रामस्वरूप सिंह, भूतपूर्व सदस्य ग्राम व पो. सरकरा चकराजमल, जिला बिजनौर।

उक्त के सम्बंध में अवगत कराना है कि संस्था डा. भीमराव अम्बेडकर खादी आश्रम समिति, मौ. शेखान निकट घास मण्डी नहटौर, जिला बिजनौर संस्था की प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2024-25 पंजीकृत किये जाने हेतु श्री मौ. अनस स्वयं को उक्त संस्था का मंत्री दर्शाते हुए प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्रस्तुत प्रबन्ध समिति में त्याग पत्र दिये जाने के कारण आपको संस्था में चयनित नहीं दर्शाया गया है। अत: उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति नोटरी शपथ पत्र सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में सो.रजि. एक्ट 1860 के अन्तर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

**आज्ञा से- ( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबंधक**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, नूरपुर ( बिजनौर )

पत्रांक: 804/न.पा.प.नूर./2025-26 दिनांक: 21/08/2025

### -: ई-टेण्डर :-

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नूरपुर बोर्ड फण्ड/पालिका निधि से निर्माण/विकास कार्य कराने हेतु इच्छुक ठेकेदार/फर्मों से ई-निविदा आमंत्रित करती है। ई-निविदा वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 22/08/2025 को प्रात: 10:00 बजे से अपलोड/डाउनलोड की जा सकेगी जो उक्त वेबसाईट पर दिनांक 11/09/2025 को सायं 04:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इच्छुक फर्म/ठेकेदार उक्त वेबसाइट पर निर्धारित तिथि के भीतर अपनी ई-निविदा डाल सकते हैं। उक्त ई-निविदा दिनांक 11/09/2025 को समय सायं 5:00 बजे नगर पालिका कार्यालय में समिति द्वारा खोली जायेगी। ई-निविदा की नियम व शर्तें कार्यालय नगर पालिका परिषद नूरपुर में देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| Tender Refrance Number | No. Dated-21.08.2025 |
| Publish Date and time for RFP | 21-08-2025 को प्रात: 10:00 बजे से |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 11-09-2025 को अपराह्न 04:00 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 11-09-2025 को सायं 05:00 बजे |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Palika Parishad Noorpur (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tender list |

नोट :-(1) जमानत राशि एवं निविदा शुल्क (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित) आर.टी.जी.एस. के माध्यम से नगर पालिका परिषद नूरपुर के एच.डी.एफ.सी. बैंक खाता सं.-50100727483458 आई.एफ.एस.सी. कोड- HDFC0008421 में जमा की जा सकती है। जमानत के रूप में एफ.डी.आर. टेण्डर अवधि की अपलोड करनी होगी।

2. अन्य शर्तें www.etender.up.nic.in व कार्यालय नगर पालिका परिषद, नूरपुर में देखी जा सकती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| ( डी.एस. सोलंकी ) | ( सन्तोष कुमार मिश्र ) | ( डा. महेन्द्र प्रताप सिंह ) |
| अवर अभियन्ता ( सिविल ) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |

**नगर पालिका परिषद नूरपुर ( बिजनौर )**

## धामपुर पब्लिक स्कूल में प्रतिनिधियों का चयन



**धामपुर।** धामपुर पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन छात्रों के लिए विशेष अनुभव लेकर आया। विद्यालय प्रशासन ने प्रतिनिधियों के चयन हेतु मतदान प्रक्रिया कराई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डाले। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की शिक्षा देना है। उन्होंने कहा कि चुने गए प्रतिनिधि विद्यालय की अनुशासन और गरिमा को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस दौरान शिक्षकों ने पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने का विशेष ध्यान रखा।

## अमरनाथ यात्रा के पच्चीस वर्ष पूरे पचरंगी का होगा भव्य अभिनंदन

**धामपुर।** नगर के जाने-माने शिव भक्त सुनील कुमार अग्रवाल पचरंगी बीते 25 वर्षों से लगातार अमरनाथ यात्रा पर शिव भक्तों को ले जाने का पुण्य कार्य कर रहे हैं। भगवान भोलेनाथ की कृपा से उन्होंने अब तक अनेक धार्मिक संकल्प पूरे किए हैं। जिनमें हरिद्वार से कांवड़ जल लेकर पैदल धामपुर आना, स्थानीय शिवालयों में जलाभिषेक करना तथा माता वैष्णो देवी दरबार की यात्राएं सम्मिलित हैं।

इनकी इस समर्पित साधना और सेवा भाव की पूर्णता पर आगामी 26 अगस्त को रामा रेजीडेंसी, रेलवे स्टेशन मार्ग पर रजत जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर के गणमान्य लोग व भक्तगण उपस्थित रहेंगे।

## Name Correction Notice

I, Laiqa Saim, daughter of Mohammad Saim, hereby declare that in my High School marksheet, my father's name has been wrongly mentioned as "Saim Raja" instead of his correct name "Mohammad Saim".

Henceforth, my father's correct name is "Mohammad Saim" should be treated as valid for all purposes.









# गंगा नदी में उफान से पाइप लाइन को खतरा



## इंडियल ऑयल के तेल की सप्लाई बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गंगा नदी का जल स्तर लगातार बढ़ने से लालपुर सोजिमल क्षेत्र में कृषि भूमि का कटान हो रहा है। बीती रात अचानक जल स्तर काफी बढ़ने से गंगा नदी के पास खड़े आम के बाग को खतरा उत्पन्न हो गया है। कई आम के पेड़ नदी में समा गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार गंगा नदी क्षेत्र के ग्राम लालपुर सोजिमल में कहर बरपा रही है। उफनाई गंगा नदी ने कई बीघा कृषि भूमि का कटान कर दिया है। गंगा गिलास फैक्टरी बालावाली के मालिक कपिल दत्त शर्मा के आम के बाग के कई पेड़ गंगा नदी में बीती रात और आज तड़के बह गए। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की नजीबाबाद में पानीपत से आने वाली भूमिगत तेल पाइप लाइन भी कटान की जद में आ गई। गंगा नदी के कटान से पाइप लाइन पर खतरा उत्पन्न होने के बाद आईओसी के अधिकारियों ने पाइप लाइन से तेल की आपूर्ति बंद कर दी है। आईओसी अधिकारी मौके पर पाइप लाइन पर निगाह रखे हुए हैं। लालपुर सोजीमल के किसान काल. राम, लाखन सिंह, सत्यपाल सिंह, गंगाराम, अमरपाल, संजय, चरण सिंह, शरण सिंह, विजय चौधरी आदि की सैकड़ों बीघा कृषि भूमि और फसल कटान की चपेट में आकर गंगा नदी की भेंट चढ़ चुकी है, जिससे किसान चिंतित है। किसानों का आरोप है कि गंगा नदी पिछले कई दिनों से कटान कर रही है, लेकिन अभी तक भी किसी प्रशासनिक व सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण नहीं किया गया। जिससे किसानों में रोष है। तहसीलदार संतोष यादव का कहना है कि नदी कटान कर रही है और आबादी से काफी दूर है। उन्होंने बताया कि स्थिति पर राजस्व टीम के साथ निगाह रखी जा रही है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# पीड़िता ने की आत्महत्या

## दहेज को लेकर किया जा रहा था लगातार उत्पीड़न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** विवाहिता को दहेज के लालचियों ने आत्महत्या करने को मजबूर कर दिया।

प्रात समाचार के अनुसार मौहल्ला ब्रहमपुरी निवासी पिंटू जोशी का विवाह कनक जोशी (25 वर्ष) के साथ लगभग आठ माह पूर्व हुआ था। पिंटू के परिजन दहेज कम लाने को लेकर उसे ताने मारते थे। जिसको लेकर आपस में कहासुनी होती रहती थी। इसे लेकर पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। कई बार रिश्तेदारों ने पिंटू जोशी के परिवार वालों से बातचीत कर समझा बुझाने की कोशिश की, मगर कोई सुधार नहीं आया। पति पत्नी में विवाद बढ़ता चला गया। आखिरकार दहेज के तानों से तंग आकर पीड़िता को आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा। अपनी पुत्री कनक जोशी के आत्महत्या करने की खबर सुनकर परिजनों के पैरों की जमीन खिसक गई। परिजनों ने अपनी बेटी की ससुराल पहुंच कर जमकर हंगामा किया। उन पर गंभीर आरोप लगाए। मामले को बढ़ता देखकर प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर मृतका के परिवार वालों को समझा-बुझाकर मामले को शांत करने की कोशिश की, मगर परिजन किसी की बात को मानने को तैयार नहीं थे। पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद परिजनों को समझा बुझाकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस व फोरेंसिक जांच टीम ने मौके पर घटना की जांच की। प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने आरोपी ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।



# जानवरों के हमलों से इंसानों में दहशत

**अफजलगढ़।** कुत्ते, बन्दर व बिल्लियों द्वारा काटकर घायल करने के मामलों में दिन प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही है। अधिकतर मामले कुत्तों के काटने के सामने आ रहे है। सीएचसी अफजलगढ़ व पीएचसी कासमपुर गढ़ी में प्रति दिन लगभग दो दर्जन से ज्यादा लोग कुत्तों द्वारा काटने के शिकार आ रहे हैं। आज भान सिंह पुत्र बासु सिंह निवासी ग्राम शाहपुर जमाल, करनवीर सिंह पुत्र हरजीत सिंह निवासी ग्राम मुरलीवाला, मंजु देवी पत्नी ओमपाल सिंह इस्लामाबाद को कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। असद अहमद पुत्र शरीफ अहमद निवासी ग्राम हरेवली बंदर के हमले का शिकार हो गया। पालतू बिल्लियों के शौकिन मौहम्मद इरशाद पुत्र तौहिद गांव सुआवाला को काटकर घायल कर दिया।

## एक नजर

### ठाकुर मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम



**हल्दौर।** नगर स्थित धुलिया महादेव मंदिर संस्थान में श्रीकृष्ण छठी के पावन अवसर पर पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का नेतृत्व पंडित अवधेश शर्मा ने किया। जिसमें मुख्य यजमान कपिल कुमार, चरण सिंह सैनी और महिपाल सिंह रहे। बाबा मंशादास मंदिर परिसर में अभिषेक चौहान, ऋषभ रस्तोगी, मयंक कुमार, यश शर्मा व विनोद चौहान सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति के समक्ष भोग अर्पित कर कढ़ी-चावल व हलवा आदि का प्रसाद वितरित किया। श्रद्धालुओं ने आस्था व भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। ठाकुर मंदिर में भी श्रीकृष्ण के छठी पर्व को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर रवि विश्वकर्मा, नवनीत शर्मा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रीकृष्ण छठी पर्व के इस आयोजन ने धार्मिक वातावरण को अधिक सशक्त किया।

### नहटौर में इकबाल का स्वागत



**नहटौर।** मौहल्ला नौधा के इकबाल अहमद को आजाद समाज पार्टी काशीराम का नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इकबाल अहमद ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, उसका निर्वाह पूरी ईमानदारी से करेंगे। पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। पार्टी हमेशा गरीबों, पीड़ितों की मदद के लिए खड़ी है।

### मजदूर संघर्ष समिति की बैठक



**कोतवाली देहात।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक ग्राम ऊमरी में हुई। संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि 20 अगस्त की शाम को संगठन के युवा जिला प्रभारी इमरान चौधरी के साथ टोल कर्मियों द्वारा बदतमीजी का मामला सामने आया है, जो कि बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। पदाधिकारियों से शीघ्र पुरैनी टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन तथा आंदोलन शुरू करने का आह्वान किया। विकास चौधरी ने कहा कि किसी भी कीमत पर टोल कर्मियों द्वारा क्षेत्र की जनता का शोषण नहीं करने दिया जाएगा। बैठक के दौरान तय किया गया कि 23 अगस्त को सुबह 11 बजे पुरैनी टोल प्लाजा पर एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। विकास चौधरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बैठक के दौरान शासन प्रशासन द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो धरना दिया जायेगा।

## एक नजर

### सैकड़ों रोगियों का परीक्षण



**धामपुर।** ग्राम चकशहजानी में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लाभ उठाया। शिविर का आयोजन श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना की ओर से किया गया। अनुभवी चिकित्सकों ने करीब 130 रोगियों की जांच की। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन तथा नेत्र जांच की गई। मरीजों को मौके पर ही आवश्यक दवाइयां वितरित की गई। शिविर में डॉक्टर अनुराग शर्मा, डॉ. गौहर फैयाज, डॉ. वसीम सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे। अस्पताल स्टाफ ने भी सक्रिय सहयोग दिया। चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि अस्पताल समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता रहेगा। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### धामपुर में भंडारे का आयोजन



**धामपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर मुख्य दरबार में श्रीकृष्ण जी की छठी के रूप में भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत डॉ अमित गिरी व महंत दआदित्य गिरी ने मुख्य यजमान हरीश अग्रवाल के पुत्र व लक्ष्मी नारायण अग्रवाल तथा अन्य भक्तों के द्वारा आरती कराकर भगवान को कढ़ी, उड़द-चावल व हलवे का प्रसाद का भोग लगाया गया। कन्या पूजन व ब्राह्मण भोज कराकर सभी भक्तों में कढ़ी-चावल, उड़द-चावल व हलवे का प्रसाद वितरित किया। शुभम जोशी, विनीत कौशिक, गोपाल सिंह, आकाश सिंह, विकास जोशी, राकेश वर्मा, मिथिलेश वर्मा, नितिन चौहान, नितिन सैनी, ज्वेलर्स सत्यनारायण अग्रवाल, कन्या स्वीट्स, मित्तल गारमेंट्स, डॉ. सुधीर गौड़, डॉ. राजेंद्र चौधरी, डॉ. आरपी भारद्वाज, रूपांशी शर्मा, मिस्टी शर्मा, प्रियांक शर्मा तथा अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान राधा कृष्ण जी का प्रसाद ग्रहण किया।

### बबीता का हमलावर राजवीर अरेस्ट



**स्योहारा।** स्थानीय पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए जानलेवा हमले के मामले में वांछित राजवीर पुत्र लोकेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कासमाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। दो अगस्त को ग्राम हरौली निवासी गौरव पुत्र रामलाल ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन बबीता पर राजवीर ने चाकू से हमला कर जान से मारने की कोशिश की थी। बबीता मौके पर ही बेहोश होकर गिर गई थी।

### मशकूर को मिला खीरी मेडिकल कालेज



**स्योहारा।** ग्राम मकसूदपुर निवासी विकलांग छात्र मशकूर आलम पुत्र हाफिज इंतेजार अहमद का एमबीबीएस में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय लखीमपुर खीरी के लिए चयन हो गया है। मशकूर आलम ने बताया कि 13 वर्ष पूर्व 2012 यूपी सीपीएमटी में नंबर आने के बाद लखनऊ में केजीएमयू मेडिकल कालेज से विकलांग होने के कारण यह कह कर निकाल दिया कि तुम एमबीबीएस नहीं कर सकते। फिर एक साल बाद 2013 एआईपीएमटी से जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी से भी यहीं बात कह कर निकाल दिया था। लेकिन अब 2025 में नीट में नंबर आ गया और काउंसलिंग में मशकूर आलम को राज्य चिकित्सा महाविद्यालय लखीमपुर खीरी मिला है।

### दिव्यांगों का पंजीकरण

**कोतवाली देहात।** आजाद समाज पार्टी की ओर से ब्लॉक में कैंप लगाकर दिव्यांगों को उपकरण देने के लिए 62 का पंजीकरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर ने बताया कि सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा अगले महीने दिव्यांगजनों को अपनी ओर से जरूरत के उपकरण दिए जाएंगे। इसके लिए ब्लॉक कोतवाली में कैंप का आयोजन किया गया। रोहित सागर ने बताया कि दिव्यांगजनों को वॉकर, व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, ई साइकिल, श्रवण यंत्र, बैसाखी आदि दी जाएगी।

# बरसात में बाउंड्रीवाल जमींदोज

## निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, जांच की मांग

**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** हसूपुरा के शमशान घाट में लाखों रुपए की लागत से हो रहे निर्माण कार्य के अंतर्गत बाउंड्रीवाल पहली बरसात में ही जमींदोज हो गई। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

प्रात समाचार के अनुसार ग्राम हसूपुरा में शमशान घाट पर बिल्डिंग व बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी अनुमानित लागत करीब चौबीस लाख रुपए बताई जा रही है। निर्माण कार्य अभी चल रहा है। पिछले दिनों हुई तेज बारिश के चलते शमशान घाट की बाउंड्री वाल पूरी तरह जमींदोज हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य मे ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है, जिसके कारण बाउंड्रीवाल एक बरसात भी नहीं झेल पाई। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है।

उधर पंचायत सचिव नीरज कुमार का कहना है कि बाउंड्रीवाल के पीछे मिट्टी का पुश्ता बना दिया गया था। लेकिन भारी बारिश के कारण तालाब में अधिक पानी भरने से बाउंड्रीवाल की मिट्टी खिसकने से वह गिर गई है।

इस सम्बंध में ग्राम प्रधान से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी। ग्राम प्रधान कभी भी किसी से बात करना पसंद नहीं करते हैं। श्मशान घाट की बाउंड्रीवाल के निर्माण के घोटाले ने सभी की आंखों को खोल दिया है। ग्राम में बनी सड़क भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। आधिकारियों ने ग्राम प्रधान के विकास कार्य की बारीकी के साथ जांच कराई, तो भ्रष्टाचारी का जिन्न सामने आ जायेगा।



# बिना अनुमति स्कूल से पेड़ काटे

## ग्राम प्रधान ने माफियाओं के खिलाफ दर्ज नहीं कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समय-समय पर आम नागरिकों व विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा करने के लिए पौधारोपण करने के वास्ते प्रोत्साहित किया जाता हे। बीती रात बन्द पड़े विद्यालय परिसर से लकड़ी माफिया द्वारा हरे पेड़ों पर आरा चलाकर काट लिया गया।

ग्राम पंचायत अलियारपुर के ग्राम खैरूल्लापुर स्थित विलय के बाद बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में खड़े यूकेलिप्टस, आम, बकेन अदि के कई हरे-भरे पेड़ लकड़ी माफियाओं द्वारा काट डाले गए। ग्राम प्रधान सहित कई सफेद पोश स्कूल में पेड़ चोरी प्रकरण को रफा-दफा करने में जुटे हैं। स्कूल के प्रभारी अध्यापक दिलावर सिंह ने बताया कि उपरोक्त विद्यालय पेयर होने के बाद ग्राम अलियारपुर प्राथमिक विद्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया था। जब वह किसी कार्य से बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय खैरूल्लापुर पहुंचे, तो तीन पेड़ यूकेलिप्टस के, एक पेड़ बकेन का एवं एक पेड़ आम का कटा पाया। प्रधानाध्यापक ने इस मामले की सूचना शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में डालकर पुलिस को तहरीर देने की बात कही है।




### ट्रेन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

**नांगल सोती।** बीती रात्रि लगभग 10 बजे ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा निवासी रविंद्र सिंह (45 वर्ष) निवासी लालपुर सोजिमल के फाटक संख्या 15 के निकट डाउन लाइन पर ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविंद्र के तीन पुत्री थी। रविंद्र की मौत से परिजन गमजदा है।

### 25 अगस्त को होंगे आईटीआई में फिर प्रवेश

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि अभी तक राजकीय आईटीआई में अगस्त 2025 से प्रारंभ हो रहे प्रशिक्षण सत्र हेतु तीन चरण के प्रवेश उपरांत भी संस्थान के कुछ व्यवसायों में सीट रिक्त रह गई है। जिनका विवरण संस्थान के सूचना पट एवं पर उपलब्ध हैं। इन सीटों पर प्रवेश के लिए राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा गैर प्रवेशित पुराने एवं नए आवेदनकर्ताओं की सूची पोर्टल पर उपलब्ध है। इन गैर प्रवेशित अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि यदि वे प्रवेश लेने के इच्छुक हैं, तो वेबसाइट से अपनी रैंक निकालकर संस्थान में 24 अगस्त से पूर्व संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश के लिए पुराने आवेदनकर्ताओं में से पुराने आवेदन कर्ताओं को वरीयता प्रदान करते हुए मैरिट रैंक के अनुसार चयनित सूची तैयार 25 अगस्त को प्रात: संस्थानों के सूचना पद पर चस्पा कर दी जाएगी।




यौमे आजादी की मुबारकबाद
मौलाना मौहम्मद दिलशाद
मदरसा दारूल उलूम अशर्फिया
फरीदपुर भोगन, बिजनौर


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**नजीबाबाद (बिजनौर)**
अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147(2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री मौ. फुरकान पुत्र श्री फारूख मौहल्ला दरबाराशाह** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री मौ. उस्मान आदि पुत्र श्री फारूख** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू बजरिये न्यायालय व शपथ-पत्र सहित आवेदन -पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दे। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति **सं. : 68 मौहल्ला दरबाराशाह** नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**नजीबाबाद (बिजनौर)**
अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147(2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री चकित खट्टर पुत्र स्व. श्री विनोद कुमार खट्टर मौहल्ला दीवान परमानन्द** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती पुष्पा खट्टर पुत्र स्व. श्री विनोद कुमार खट्टर** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू बजरिये रजिस्टर्ड दान पत्र व शपथ-पत्र सहित आवेदन -पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दे। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति **सं. : दीवान परमानन्द** नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**

**न्यायालय सिविल जज**
**(जू.डि.) नगीना**
प्रकीर्ण वाद संख्या: 146/2025

(1) अनिल कुमार आयु 50 वर्ष (2) चमनपाल सिंह आयु 65 वर्ष (3) शिवपाल सिंह आयु 68 वर्ष पुत्रगण स्व. यशपाल सिंह निवासीगण ग्राम रनावली, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर ...वादीगण

**बनाम**

(1) धर्मेन्द्र सिंह पुत्र स्व. चन्द्रपाल सिंह आयु 61 वर्ष (2) श्रीमती दयावती देवी पत्नी धर्मेन्द्र सिंह आयु 58 वर्ष (3) उदित कुमार पुत्र धर्मेन्द्र सिंह आयु 38 वर्ष निवासीगण ग्राम रनावली परगना स्योहारा तहसील धामपुर जिला बिजनौर। ...असल प्रतिवादीगण

(4) ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम सभा रनावली परगना स्योहारा तहसील धामपुर जिला बिजनौर।
...तरतीवी प्रतिवादीगण

दरख्वास्त मुस्समा प्रार्थी वास्ते हुसूल सार्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय याफ्तारी मुसम्मा अनिल कुमार आदि मुसबफा धर्मेन्द्र आदि अपने मुजिब एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है। ई. तारीख 25.08.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त आदेश 1(8) सी.पी.सी. के उज्र हो तो या असालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) नगीना में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक: 25.08.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना, बिजनौर**


स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



शेख मौहम्मद आसिफ
वरिष्ठ समाजसेवी
बढ़ापुर, जनपद-बिजनौर

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



मौहम्मद अख्तर
प्रधान पति व पूर्व प्रधान
ग्राम रामजीवाला, परगना बढ़ापुर

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



अकील अहमद
सभासद, नगर पंचायत बढ़ापुर

# नगर पालिका परिसर में बने मज़ार पर पड़ी प्रशासन की नजर

**0सरकारी जमीनों पर अनाधिकृत किए गए धर्म स्थलों के निर्माण को लेकर दिख रहा है प्रशासन का दोहरा आचरण, शहर के मुख्य मार्गों पर नियमों की अंदेखी की मूर्तियां स्थापित करने कवायद तेज, तहसीलदार व ई ओ ने मजार कमेटी से मांगे स्वामित्व के सबूत, सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों को दिखाया जा रहा है ठेंगा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एक तरफ जहां सरकारी जमीनों पर अनाधिकृत रूप से कई मंदिरों का निर्माण कराया जा रहा है, वहीं नगर पालिका परिसर में बरसों पुराने मज़ार को लेकर प्रशासन ने आंखे तरेर ली हैं। तहसीलदार व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने मजार कमेटी के पदाधिकारियों से स्वामित्व के अभिलेख उपलब्ध कराने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया है। जिसको लेकर प्रशासन के दोहरे चरित्र पर सवालिया निशान लगने लगे हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र शासित राज्यों व प्रदेश सरकारों को सरकारी जमीनों पर अनाधिकृत रूप से किए गए धर्म स्थलों के निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किये हैं। सम्भल में कई सरकारी विभागों व थानों में समुदाय विशेष के पूजा स्थल आज भी मौजूद हैं और नये पूजा स्थलों के निर्माण का सिलसिला भी बदस्तूर जारी है। शहर के शंकर कॉलेज चौराहा पर भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने के लिए फाउंडेशन तैयार कर दिया गया है। इसके लिए नगर पालिका परिषद के बोर्ड से भी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है जबकि सरकारी भूमि पर किसी भी महापुरूष की प्रतिमा स्थापित किया जाना सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की स्पष्ट अवहेलना है। गुरूवार को तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार सिंह नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे और अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी व कुछ हिंदू संगठनों के लोगों से वार्ता करने के बाद बाहर निकल कर पालिका परिसर में बने मज़ार पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही मजार कमेटी से जुड़े शाहद हुसैन मसूदी, सभासद शौकीन, सभासद रागिब हुसैन, मौहम्मद सुहैल आदि दर्जनों लोग भी यहां पहुंच गए। तहसीलदार ने मजार कमेटी के लोगों से भूमि से सम्बंधित अभिलेख दिखाने को कहा। जबकि अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने बताया कि पालिका के रिकार्ड में कोई भी मजार दर्ज नहीं है। माना जा रहा है कि मजार को हटाने की कोशिश की जा सकती है। उसको लेकर स्थानीय बाशिंदो में काफी चिंता दिखायी दे रही है, क्योंकि प्रशासन अभी तक एक समुदाय विशेष के धर्म स्थलों पर बुल्डोजर जस्टिस की कारवाई की तत्परता जिस तरह दिखा रहा है उसके विपरीत दूसरे सम्प्रदाय के पूजा स्थलों की ओर उसका कोई ध्यान अभी तक नहीं गया है। प्रशासन के इस दोहरे आचरण को लेकर भी अब सवाल उठने शुरू हो गए हैं। मजार कमेटी के लोगों का कहना है कि बरसों पुराने मज़ार के मालिकाना सबूत तो मागे जा रहे हैं लेकिन पालिका की भूमि पर बने पिंडदान स्थल को हाल फिलहाल में पुख्ता कराने के साथ पत्थ्कर लगाकर उसका सौन्दर्यकरण कराया गया है।



सम्भल- नगर पालिका परिसर स्थित मजार को निरीक्षण करते तहसीलदार व ई ओ।

# जींस वॉशिंग प्लांटों को कराया बंद

**0नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में की गई छापमार कार्रवाई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जींस वाशिंग प्लांटों पर चल रही छापामार कार्रवाई में नगर मजिस्ट्रेट ने अनाधिकृत रूप से संचालित वाशिंग प्लांटों को बंद कराया जबकि विद्युत लाइनों को कटवाकर रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए।

गुरूवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्तीपुर इल्हा में अवैध रूप से संचालित जींस कारखानों पर छापमार कार्यवाही की गई। छापे के दौरान जींस कारखानों व वाशिंग प्लांटों के मानक पूरे नहीं पाये गए। वांशिंग प्लांटों में कैमिकल युक्त पानी नालियों बहाता हुआ पाया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने याकूब पुत्र मो. फैजान निवासी दीपा सराय का संचालन बन्द कराया गया तथा विद्युत लाईन कटवाई गयी। अजीमुर्रहमान पुत्र सगीर अहमद निवासी दीपासराय। मौके पर बन्द तथा विद्युत लाईन कटवाई गयी। जबकि बिलाल पुत्र अनवार निवासी तुर्तीपुर इल्ह का संचालन बन्द कराया गया तथा विद्युत लाईन कटवाकर जनरेटर सील किया गया। इसके अलावा इश्तेकार पुत्र अख्तर निवासी तुर्तीपुर इल्हा का संचालन बन्द कराकर विद्युत लाईन कटवाकर विद्युत विभाग द्वारा एफ.आई.आर. करायी गयी। मरगूब पुत्र मकसूद निवासी नाहरठेर। मौके पर बन्द मिला तथा विद्युत लाईन कटवाई गयी तथा जनरेटर सील। किया। सफदर पुत्र अकबर निवासी तुर्तीपुर इल्हा एवं इमरान पुत्र इस्लाम निवासी खानपुर बन्द संचालन बन्द कराया गया तथा विद्युत लाईन कटवाई गयी। विद्युत विभाग द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी।

# गुरु जम्भेश्वर विवि के वाइस चांसलर ने किया एमजीएम डिग्री कॉलेज का भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी ने नगर के एमजीएम कॉलेज में पत्रकार वार्ता कर कहा कि स्नाकोत्तर में प्रवेश की संख्या बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार की ज़रूरत है। स्नातक में प्रवेश के लिए सीट लॉक के दौरान मिली विसंगतियों को दूर कर दिया गया है। एक उन्नत समाज के निर्माण के लिए अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान दिया जाये। शिक्षक-शिक्षिकाओं को सुझाव दिया कि वह अपने पाठयक्रम के रिकार्डिग कर वेबसाइट पर अपलोड करें ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्रायें लाभान्वित हो सके। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय क्षेत्र में आने वाले महाविद्यालयों की स्थिति में सुधार लाने के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं। वाइस चांसलर ने पत्रकारिता के गिरते स्तर पर जब चिंता प्रकट की तो पलटवार करते हुए पत्रकारों ने उनके चयन को लेकर ही सवाल खड़े कर दिए। जिस पर कुलपति कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे सके लेकिन मामले को इधर-उधर भटकाने का प्रयास किया। जब वाइस चांसलर से यह कहा गया कि वित्त विहीन कॉलेजों में साक्षत्कार लेने जाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं की नियुक्ति में भेदभाव बरता जाता है। जो कि शासनादेश का स्पष्ट उल्लंघन है तो उन्होने शासनादेश का अवलोकन कर व्यवस्था में सुधार लाने का आशवासन दिया। इस अवसर एसडीएम विकास चंद्र, प्राचार्य डा. योगेन्द्र कुमार सिंह व रजिस्ट्रार मौजूद रहे।

# कार्य नहीं करने वाले कर्मचारियों को कठोर चेतावनी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन शक्ति, आईसीडीएस आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण एवं भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक में चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य नहीं करने वाले कर्मचारियों को कठोर चेतावनी जारी करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। उन्होने बच्चों के शपथ पत्र और जन्म प्रमाण पत्र पर चचा करते हुए आधार कार्ड बनवाने को सम्बंधित उप जिलाधिकारी का सहयोग लेकरं शत प्रतिशत बच्चों के आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मिशन शक्ति आकांक्षात्मक ब्लॉक से संबंधित मामलों में जानकारी ली और कन्या सुमंगला की प्रगति विभाग वार ली। जिलाधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव की जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करने पर ज़ोर दिया जबकि समाज सेविका संगीता भार्गव ने मिशन शक्ति के अन्तर्गत उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों से जिलाधिकारी को जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सीएचसी चंदौसी में स्थापित पोषण पुनर्वास केन्द्र एन आर सी के समान प्रत्येक ब्लॉक के सीएचसी पर चार- चार बेड आरक्षित कर एन आर सी के पैरामीटर पर कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने आकांक्षात्मक ब्लॉक असमोली एवं गुन्नौर के अन्तर्गत सैम एवं मैम बच्चों की संख्या के विषय में जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्यों को लेकर विकासखण्ड वार जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी ने आर ई डी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण तीव्र गति से एवं गुणवत्ता पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। नहीं तो कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा।इसके अलावा जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस को निर्देशित करते हैं जिन कर्मचारियों के द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है उनको कठोर चेतावनी जारी करते हुए आवश्यक दिशा निर्देशित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा की वीएचएनडी सत्र पर समस्त आंगनबाड़ी अपने उपकरण सहित उपस्थित रहे इसको प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अपना अपना कार्य लक्ष्य के सापेक्ष करने से निश्चित करें किसी भी दशा में लापरवाही संज्ञान बनाए।



सम्भल- मिशन शक्ति को लेकर बैठे लेते जिलाधिकारी।

# ग्राम पंचायतों में मेरिज होम व बाज़ार किए जाएंगे विकसित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति की चर्चा की गयी। बैठक में आरआरसी सेंटर की क्रियाशीलता यूजर चार्ज ओडीएफ मॉडल विलेज रिपोर्ट पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिटिजन पोर्टल पर आई एच एच एल एप्लिकेशन, ओडीएफ प्लस पर व्यय पर चर्चा की गयी।

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में शापिंग काम्प्लेक्स, मेरिज होम तथा बाजार विकसित करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया।जबकि सभी पंचायत भवनों में दिव्यांगजनों के लिए रैम्प बनाये जाने को निर्देशित किया। इसके अलावा बायोगैस संयत्र, रेट्रो फिटिंग, केयर टेकर मानदेय, बहुउद्देशीय पंचायती भवन आदि पर चर्चा की गयी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय तथ समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में हज ज़ायरीनों का शारीरिक दक्षता का हुआ परीक्षण

**0 23 अगस्त तक किये जायेंगे मेडिकल फिटनेस**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हज 2026 की यात्रा पर जाने वाले जायरीनों का जिला अस्पताल में शारिरिक दक्षता का परीक्षण किया गया।

हज यात्रा पर जाने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। हज ट्रेनर तकी अशरु एडवोकेट ने बताया कि इस बार जिला सम्भल से 536 लोगों ने हज को जाने के लिए फौर्म भरा है और सभी की मंजूरी आ गयी है। हज कमेटी आफ इंडिया की ओर से सभी हज यात्रियों के मेडिकल फिटनेस का एलान होने के बाद गुरूवार सुबह 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक जिला अस्पताल सम्भल में शारिरिक दक्षता के लिए हज यात्रियों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गयी। हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने बताया कि हज यात्रियों के मेडिकल फिटनेस के लिए अलग से टेबल लगाकर काम किया जा रहा है। जिसके लिएवह स्वयं मौजूद रहे। साथ में हाजी नदीम ने जायरीनों हाजियों की खिदमत के लिए अलग से टेबल लगाकर बैठे हुए हैं। हाजियों के मेडिकल फिटनेस 23 अगस्त तक जिला अस्पताल में होंगे, सभी लोग अपने मेडिकल बनवाकर पोस्ट से हज कमेटी भेजें या फिर ऑनलाइन हज कमेटी की वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं। हज की सभी तरह की जानकारी के लिए हज फैसिलिटी सेन्टर मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, तेल मंडी सम्भल में सम्पर्क करें।

## डीएसएम में नेत्र परीक्षण कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में भानु आई केयर सेंटर बबराला द्वारा नेत्र परीक्षण कैंप लगाया गया। जिसमें सभी कर्मचारी अपना और अपने परिवार का नेत्र परीक्षण कराया और कैंप का लाभ प्राप्त किया। कैंप का उदघाटन आशीष कुमार शर्मा और डा. भानु यादव के द्वारा किया गया।

## एक नज़र इधर भी

### कायनात स्कूल में विज्ञान शोध पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कायनात इंटरनेशनल स्कूल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे विज्ञान और उसके शोध कार्य पर विचार किया गया की किस तरह एचएम साइंस में और तरक्की कर सकते है जो चीजें आज हमारे पास टेक्नोलॉजी से हमे मिली हैं उसमे और कैसे प्रोग्रेस किया जा सकता है। इस अवसर पर नौसैबा अंजार, प्रोफेसर मनु, मुख्य अतिथि रहे। जिसका आयोजन के एम फहीम ने किया। एवं प्रिंसिपल मो इमरान प्रोग्राम इनचार्ज सबा इकबाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### खाद की किल्लत पर आप कार्यकर्ता करेंगे विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं सम्भल,असमोली,चंदौसी विधानसभा प्रभारी आतिर हुसैन ने बताया 23 अगस्त को दोपहर 2 बजे उनके आवास बदायूं दरवाजा, चौधरी सराय, सम्भल पर चंदौसी विधानसभा के कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा की जाएगी। जबकि बैठक के बाद, शाम 4 बजे सम्भल स्थित एस.डी.एम. कार्यालय पर किसानों को हो रही यूरिया की किल्लत और कालाबाजारी के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा एक प्रदर्शन किया जाएगा और एस.डी.एम. सम्भल को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

### निरीक्षण भवन का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नवीन निरीक्षण भवन का निरीक्षण कर डीएम ने आधारभूत सुविधाओं को विस्तार पूर्व देखने के निर्देश दिए। बहजोई तेली रोड स्थित निरीक्षण भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने निरीक्षण भवन में आधारभूत सुविधाओं को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जबकि विस्तार पूर्वक निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से कहा की निरीक्षण भवन की आवश्यक सुविधाओं को भी विस्तार पूर्वक देखें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य 25 को सम्भल में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो 25 अगस्त 2025 को जनपद भ्रमण कार्यक्रम करेंगे। प्रस्तावित भ्रमण को लेकर आयोग के सदस्य जनपद के आकांक्षी विकास खण्डों का अधिकारिक दौरा करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य मानवाधिकारों और समावेशी विकास से संबंधित प्रमुख विषयगत क्षेत्रों की कार्यान्वयन स्थिति और जमीनी स्तर की वास्तविकताओं की व्यापक समीक्षा करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने बताया कि समीक्षा के दौरान बच्चों, युवाओं, छात्रों, पेंशन भोगियों, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य सामुदायिक प्रतिनिधियों सहित संबंधित हितधारकों से भी संवाद करेंगे। संबंधित हितधारकों को इस आशय की सूचना प्रसारित की जा रही है।

### बबराला में विद्युत आपूर्ति चार घंटे बाधित रहेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** विद्युत वितरण खण्ड बबराला के 33/11 केवी उपकेन्द्र पर आज (शुक्रवार) सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक विद्युत उपकेन्द्र गुन्नौर पर इनकमिंग बदलने के कारण विद्युत आपूर्ति 4 घण्टे बाधित रहेगी। बबराला के 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र पर कार्यदायी संस्था द्वारा इनकमिंग बदलने का कार्य कराया जाएगा। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बबराला अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि इनकमिंग बदलने के दृष्टिगत 3311 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र बबराला से पोषित समस्त क्षेत्रों में आज सुबह 11बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।जिसमें नगर बबराला के साथ एक दर्जन से अधिक गांवों की आपूर्ति बाधित रहेगी। कार्य के बाद सप्लाई शुरू हो जायेगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री को पुण्य तिथि पर किया गया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर नमन किया गया। भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय ने कहा कि कल्याण सिंह जी उत्तर प्रदेश व देश की राजनीति में मुख्य स्थान रखते थे। भाजपा के लिए वह महत्वपूर्ण नेता रहे। वह राम भक्त थे।इसके लिए मुकदमे भी झेले। उनको हम नमन करते हैं। भाजपा सभासद मीना गुप्ता ने कहा कि बाबू जी के पार्टी को दिए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनको पुण्यतिथि पर हम नमन करते हैं।नमन करने वालों में मीना वार्ष्णेय, अनुपमा वार्ष्णेय, दिनेश कौशल, राजीव कुमार, सुखदेव वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे। उधर भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने बाबू जी का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि वह एक बेहतरीन नेता थे। उनके जैसा व्यक्तित्व बड़ी मुश्किल से मिलता है। नमन करने वालों में जूलियस सीजर,हर्षित वार्ष्णेय, संजीव कुमार,विनोद वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## ज्ञान की बातों को किया प्रेरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर पंचायत बबराला कार्यालय में निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर जय गिरि महाराज का नगर पंचायत अध्यक्ष ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। नगर पंचायत बबराला को कार्यालय को भक्तिमय बना दिया है। उन्होंने नगर पंचायत में ज्ञान की बातों का वर्णन किया। उन ज्ञान की बातों का अनुसरण करने को प्रेरित किया।इस दौरान अरविंद कुमार, सचिन, प्रमोद कुमार आदि रहे।

# प्रधान पुत्र के साथ मारपीट करने के पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के मुबारिकपुर गांव निवासी प्रधान पुत्र के साथ मारपीट करने के मामले में 5 पांच पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

थाना क्षेत्र के मुबारिकपुर गांव निवासी प्रधान पुत्र होराम सिंह बुधवार रात्रि सौंधन से अपने घर जा रहे थे। गांव के नजदीक पंचायत घर के पास पहुंचे तो गांव के ही हसमत, मौहम्मद, यूनुश, आरिफ तथा महमूद पुत्र सिराज लाठी डंडे लेकर आ गए। गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिससे होराम के चोट लग गई। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। होराम की तहरीर पर कैला देवी थाना पुलिस ने उपरोक्त पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कटिया कनेक्शन डालकर चल रहा था जींस वॉशिंग प्लांट

**0पूर्व में अधोमानक होने पर कराया गया था बंद**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अनापत्ति प्रमाण पत्र और प्रदूषण नियंत्रण विभाग की एनओसी बिना संचालित बंद किया गया जींस वाशिंग प्लांट कटिया कनैक्शन से कारखाना संचालित किया जा रहा था। नगर मजिस्ट्रेट के छापे में संचालित कारखाना स्वामी पर कार्रवाई के निर्देशस दिए गए।

गुरूवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार हयात नगर थाना क्षेत्र में बंद किये गए जींस वाशिंग प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे। कारखाना बाहर से बंद था लेकिन अंदर से उसे संचालित किया जा रहा था। जबकि पूर्व में उक्त प्लांट पर मारे गए छापे में प्रदूषण विभाग और अन्य एनओसी न होने पर प्लांट को बंद कराया गया था। जबकि प्लांट की बिजली संयोजन का विच्छेदन करा दिया गया था। गुरूवार को मारे गए छापे में कारखाना संचालित था और उसे कटिया कनैक्शन डालकर बिजली का उपयोग किया जा रहा था। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि विद्युत लाइन कटवाए गए जींस कारखाने का का संचालन जुनैद नामक व्यक्ति द्वारा संचालित पियर्स जींस कारखाने के नाम से अवैध रूप से कटिया कनेक्शन डालकर लाइट का प्रयोंग कर रहा था। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट के अलावा बिजली टीम को भी बुला लिया गया। इसके अलावा नगर मस्जिट्रेट ने रुकनुद्दीन सराय बिजली घर से 100 मीटर दूर स्थापित अवैध रूप से संचालित जींस कारखाने का भी निरीक्षण किया।





सम्भल- बंद वाशिंग प्लांट का निरीक्षण करते नगर मजिस्ट्रेट

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अधिवक्ताओं के हित को आवश्यक

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** आजकल अधिवक्ताओं के विरूद्व फर्जी मुकदमें लिखवाना, उनको जान और माल का नुकसान पहुंचाना, आम बात होती जा रही है। ऐसे में एडवोकेट व्यवसाय करने वाले लोगों में भय का माहौल हो चला है। ऐसे में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की नितांत आवश्यकता है जो कि प्रदेश सरकार को लागू कर देना चाहिए। जिससे अधिवक्ता एवं उसके परिवार की जानमाल की रक्षा हो सके और सहज ही कोई झूठे मुकदमें में फसा नहीं सके। उत्तर प्रदेश सरकार एक्ट को लागू करती है अधिवक्ता के हितों की रक्षा हो सकती है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के लागू हो जाने से अधिवकता और उनके परिवार के सदस्यों को किसी प्रकार की क्षति व चोट पहुंचाने की धमकी देना, किसी भी सूचना को जबरन उजागर करने का दबाव देना, दबाव पुलिस अथवा किसी अन्य पदाधिकारी से दिलवाना, वकीलों को किसी केस में पैरवी करने से रोकना, वकील की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, किसी वकील के खिलाफ अपमान जनक शब्द का इस्तेमाल कर कार्यो को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। ये सभी अपराध गैर-जमानती अपराध होंगे। ऐसे अपराध के लिए 6 माह से 2 वर्ष की सजा के साथ-साथ दस लाख रुपये जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है। इन अपराधों के लिए पुलिस को 30 दिनों के भीतर अनुसंधान पूरा करना होगा।जिसकी सुनवाई जिला व सत्र न्यायाधीश जिला व सत्र न्यायाधीश करेंगे। अधिक्ता न्याय के प्रशासन, मानवाधिकारों की रक्षा, लोकतंत्र और कानून के शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते चले आ रहे हैं। अधिवक्ताओं पर व्यक्तिगत और संस्थागत रूप से हमले लगातार हो रहे हैं। जिससे स्वतंत्र रूप से और सुरक्षित रूप से कानून का अभ्यास करने की उनकी क्षमता खतरा मंडराने लगा है। वकीलों की स्वतंत्रता पर हमले पूरे कानूनी पेशे पर एक भयावह प्रभाव डाल सकते हैं। उच्च न्यायालय मद्रास के एक फैसले में कहा गया कि अदालत में वकीलों की निडरता,स्वतंत्रता, शुचिता, ईमानदारी, समानता ऐसे गुण हैं। जिनकी बलि नहीं दी जा सकती आर. मुथुकृष्णन बनाम रजिस्ट्रार जनरल ऑफ द हाईकोर्ट आफ ज्यूडिकेचर एट मद्रास एआईआर 2019 एससी 849 वहीं अधिवक्ता एसोसिएशनों की शिकायत पर तीन सदस्यीय कमेटी जांच करेगी। वकीलों के कर्तव्यों के निर्वहन में कोई त्रुटि होने पर वकीलों को जिम्मेवार नहीं ठहराया जा सकेगा।सीजेएम के आदेश के अलावा किसी वकील को गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा। वकील के खिलाफ केस दर्ज होने पर सीजेएम पहले नोटिस जारी कर वकील का पक्ष जानकर आगे की कार्रवाई के बारे में आदेश जारी करेंगे। प्राकृतिक आपदा जैसी स्थिति में केंद्र व राज्य सरकार जरूरतमंद वकीलों को 15 हजार रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। सरकार बीमा, चिकित्सा, सामाजिक योजनाएं लागू करेगी। एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल को कानून का दर्जा देने का भी प्रावधान है। अधिवक्ता को सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट में आवेदन करना होगा। हाईकोर्ट वकील के आचरण सहित अन्य तथ्यों की जांच कराकर जरूरत पड़ने पर स्टेट बार काउंसिल तथा बीसीआई से जानकारी लेकर सुरक्षा देने के बारे में आदेश जारी करेगा। एक बार किसी वकील को सुरक्षा दिए जाने के बाद उसे वापस लेने के लिए कोर्ट के रजिस्ट्रार के स्पष्ट निर्देश के बाद ही सुरक्षा वापस ली जा सकेगी। यहां बता दें कि बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष, सीनियर एडवोकेट मनन कुमार मिश्रा ने 2 जुलाई 2021 को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ष्वकील पुलिस और न्याय पालिका के बीच कड़ी के रूप में कार्य करते हैं और जब कि पुलिस और न्यायपालिका के पास सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और विशेषाधिकार हैं। वकील जो कानून की अदालत में बहस करते हैं।उनके पास अभी भी आवश्यक सुरक्षा उपलब्धा नहीं हैं। तब से बार काउंसिल आफ इंडिया ने कई राज्यों से वकीलों की सुरक्षा के संबंधा में एक कानून बनाने का अनुरोध किया है।बीसीआई ने पहले ही 2021 में अधिवक्ता संरक्षण कानून का एक ड्राफ्ट कानून केंद्रीय कानून मंत्रालय को सौंप दिया था।अधिवक्ता सुखदेव वार्ष्णेय ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट आज के दौर में जरूरी है। अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमले हो रहे हैं। अधिवक्ता सुमित यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमे लिखवा दिए जाते हैं। जिनसे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वकीलों का पक्ष भी नहीं पूछा जाता है। अधिवक्ता भानु प्रताप यादव ने कहा कि अधिवक्ता को,उनके परिवार को क्षति व चोट पहुंचाने धमकी देने पर अपराध की श्रेणी में रखा जाए। वकीलों को अपमानजनक शब्द कहना भी गलत हो। अधिवक्ता किशनपाल व योगेन्द्र सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं।अधिवक्ताओं की हत्याए की जा रही है। जिससे उनमें भय का माहौल रहता है। उनकी सुरक्षा को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट जरूरी है।




# पेट्रोलमैन रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुगलपुरा थाना क्षेत्र के बिजली विभाग में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एंटी करप्शन टीम ने बिजली विभाग के कर्मचारी अंकुश शर्मा को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई उस समय हुई जब अंकुश शर्मा 5500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। यह मामला क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती और पारदर्शिता लाने की दिशा में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। लकड़ी फाजलपुर निवासी अंकुश शर्मा वर्ष 2019 से बिजली विभाग में पेट्रोल मैन के पद पर कार्यरत है। पेट्रोल मैन का पद ऐसे कर्मचारियों को दिया जाता है जो विद्युत उपकरणों के पेट्रोलिंग और रखरखाव का जिम्मा संभालते हैं। आमतौर पर ये कर्मचारी विद्युत आपूर्ति में समस्याओं का पता लगाते हैं और आवश्यक मरम्मत और निरीक्षण कार्य करते हैं। हालांकि, कर्मचारियों के इस पद का दुरुपयोग कर कुछ लोग घोटाले और



रिश्वतखोरी में लिप्त हो जाते हैं। ऐसे में अंकुश शर्मा का रिश्वत लेते पकड़ा जाना बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की गहरी समस्या को उजागर करता है।एंटी करप्शन टीम को सूचना मिली थी कि अंकुश शर्मा बिजली घर में कार्य करते हुए आम जनता और अन्य अधिकारियों से पैसे की मांग कर रहा है। सूचना पर टीम ने विशेष छापेमारी की, जिसमें शराब, कोल्ड ड्रिंक या अन्य किसी प्रकार की कोई वस्तु नहीं बल्कि सीधे रिश्वत लेते हुए आरोपी को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार कर्मचारी को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। टीम अधिकारियों का कहना है कि मामले की पूरी तह तक जाने का प्रयास किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े कदम उठाने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। नागरिकों ने एंटी करप्शन टीम की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की खुलकर प्रशंसा की है। कई लोगों ने माना कि यह पहल भ्रष्टाचार की रोकथाम को प्रभावी बनाने में मददगार साबित होगी। स्थानीय व्यापारी, कर्मचारी और आम जनता का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई से विभाग में भय और जागरूकता दोनों बढ़ेगी, जिससे वे भ्रष्ट आचरण से बचेंगे। साथ ही, इससे लोगों को न्याय मिलने का विश्वास भी मजबूत होगा। बिजली विभाग जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों से ना सिर्फ आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि लोकव्यवस्था और सरकार के प्रति जनता का विश्वास भी डगमगाता है। भ्रष्टाचार के कारण कई बार बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है, जिससे सामान्य जनता को भी असुविधा उठानी पड़ती है। इस घटना से यह साफ हो जाता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ शासन पूरी तरह गंभीर है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई से विभाग में कार्यरत अन्य कर्मचारियों में सुधार और ईमानदारी का माहौल बनने की उम्मीद है।

# टीएमयू में विश्व उद्यमिता दिवस पर स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य छात्रों में स्वदेशी सोच को प्रोत्साहित करना, नवाचार की भावना को बढ़ावा देना और युवा वर्ग को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान हेतु प्रेरित करना रहा। इसमें विशेष अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. राजीव कुमार (अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख) एवं श्री कपिल नारंग (प्रांत संयोजक, मेरठ प्रांत) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और छात्रों को उद्यमिता की बदलती आवश्यकताओं, चुनौतियों और अवसरों पर प्रकाश डाला। डॉ.



राजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी उद्यमिता केवल व्यापार का माध्यम नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का सशक्त उपकरण है। आज की युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे अपने नवाचार, विचारों और कौशल के माध्यम से ऐसे स्टार्टअप्स विकसित करें जो देश की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति में सहायक हों। वहीं श्री कपिल नारंग ने युवा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और इसी युवाशक्ति के माध्यम से हम आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय संसाधनों और तकनीक के माध्यम से स्वरोजगार और उद्यमिता को आगे बढ़ाना समय की मांग है। इस अवसर पर टिमिट के कॉमर्स एवं मैनेजमेंट संकाय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रोफेसर विपिन जैन (डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट) ने कहा कि विश्व उद्यमिता दिवस का यह अवसर हमारे छात्रों के लिए केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि उनके जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खोलने का माध्यम है। स्वदेशी उद्यमिता का मूलमंत्र है आत्मनिर्भरता, नवाचार और समाज के प्रति जिम्मेदारी। हमारा उद्देश्य है कि छात्र न केवल नौकरी खोजने वाले हों बल्कि नौकरी देने वाले बनें। हम चाहते हैं कि वे अपने कौशल और विचारों से स्थानीय से वैश्विक स्तर तक प्रभाव डालें और भारत को आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से और सशक्त बनाएं।

# गणेश चतुर्थी पर भव्य रथयात्रा, 25 अगस्त से शुरू होगा चन्दौसी का प्रसिद्ध गणेश मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** 25 अगस्त से उत्तर भारत का प्रसिद्ध मेला शुरु होगा। 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के दिन नगर में भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी जिसमें आसपास एवं दूर-दराज से हजारों की संख्या में दर्शक आते हैं। मेले में दुकानें लगनी शुरु हो गई हैं।

मेला कमेटी द्वारा सफाई व्यवस्था के लिए नगरपालिका से सफाईकर्मियों की मांग की गई है। सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह का कहना है कि नगर में 65 टन कूड़ा रोजाना उठाया जा रहा है। कूड़े को गाडिघ्यों के माध्यम ट्रेन्चिंग ग्राउंड भेजा जाता है। एक माह का खर्चा लगभग दो लाख रु0 आता है। गणेश मेला लगभग 21 दिन चलेगा,



मेले ग्राउंड सफाई के लिए लगभग 06 सफाईकर्मियों की आवश्यकता होगी। वहीं प्रत्येक दुकान पर नगरपालिका बोरा आदि रखवायेगी जिसमें दुकानदार कूड़ा भरकर रखेंगे। साथ ही मेले में प्रतिबंधित पॉलीथीन एवं प्लास्टिक पर बैन लगाया गया है। अधिशासी अधिकरी धर्मराज राम ने बताया कि जिलाधिकारी का आदेश है कि मेले में प्रतिबंधित पॉलीथीन का प्रयोग नहीं किया जायेगा। मेले में सफाई पर मुख्य रुप से फोकस किया जायेगा।

## अमन खुराना हेल्पिंग सोसाइटी ने किया सम्मान समारोह



**चन्दौसी।** अमन खुराना हेल्पिंग सोसाइटी (रजि.) द्वारा एक धर्मशाला में आयोजित समारोह ने शिक्षा और समाजसेवा की नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव और रिजर्व इंस्पेक्टर अशोक चौधरी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। राष्ट्रगान से शुरुआत हुए इस आयोजन में लगभग 100 छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अमन खुराना ने कहा कि शिक्षा और संस्कार के सहारे ही सम्भल जिला नई ऊँचाइयाँ छूएगा। अधिकारियों ने संस्था द्वारा चलाई जा रही कंप्यूटर क्लास, नि:शुल्क लाइब्रेरी, 10 रु. थाली सेवा और नि:स्वार्थ एम्बुलेंस सेवा को जनपद का गौरव बताते हुए सराहा। अंत में अमन खुराना ने माता-पिता को अपना सच्चा मार्गदर्शक मानते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा और बुजुर्गों को सम्मान देना ही उनकी सबसे बड़ी दौलत है।

# न्यूरो स्वास्थ्य पर जागरूकता गोष्ठी विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चंदौसी अमन द्वारा पार्थ हॉस्पिटल चन्दौसी में एक न्यूरो स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. मनीष भारद्वाज, न्यूरो स्पाइन सर्जन, लीलावती हॉस्पिटल मुंबई ने शिर. कत की। उन्होंने उपस्थित लोगों को दिमाग की बीमारियों के शुरुआती लक्षणों के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी और समय रहते सावधानी बरतने एवं सही इलाज की महत्ता पर प्रकाश डाला। क्लब अध्यक्ष दीपेश गुप्ता, सचिव राहुल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष अविनाश गोयल ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। गोष्ठी की अध्यक्षता



सीनियर सर्जन डॉ एस.के. झा ने की तथा संचालन जनरल फिजिशियन डॉ टी.एस. पाल ने किया।

इस अवसर पर डा. वीरेश सिंह (पार्थ हॉस्पिटल), कमल किशोर गुप्ता, लोकेश गुप्ता, अतुल गुप्ता, प्रदीप वार्ष्णेय, भुवनेश्वर वार्ष्णेय, विकास गुप्ता, पवन गुप्ता, भूपेंद्र गुप्ता, एड. नरेंद्र सिंह, रो. प्रतीक अग्रवाल, रो. सपना गुप्ता, रो. अर्पिता वार्ष्णेय, रो. साधना गुप्ता, रो. शिखा शर्मा, रो. पूजा गुप्ता, अनुरुद शंखधार, हरिओम, सतीश सिंह आदि मौजूद रहे।

# साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन




**बिलारी।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट में साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे थाना बिलारी से प्रभारी श्रीमती छाया उपनिरीक्षक, श्रीमती ममता तोमर कांस्टेबल उपस्थित रहे। जिन्होंने साइबर अपराध से जुड़े हैकिंग, फिशिंग, डाटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी आदि से होने वाली हानियां एवं इनसे बचने के तरीके बताये साथ ही साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के विषय में विस्तार से छात्र छात्रा को बताया द्य इस अवसर पर प्रधानाचार्य रघुपति देव भी उपस्थित रहे।

# रोगों से बचाव के लिए प्राकृतिक पोषक तत्वों की अति आवश्यकता

## होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया शाखा की मासिक बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया शाखा की मासिक बैठक रामगंगा विहार स्थित फ्लेवर्स रेस्टोरेंट में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता डॉ सुरभि ने अपने व्याख्यान में होम्योपैथिक इलाज के साथ-साथ पोषक तत्वों को दिए जाने पोषक तत्वों को विभिन्न भोज्य पदार्थ के साथ भोजन में सम्मिलित करने पर बल दिया और बतलाया कि आजकल जो भोजन लिया जा रहा है उसमें पोषक तत्वों की बहुत कमी है जिससे मनुष्य का स्वास्थ्य गिर रहा है जिसको पूरा करने के लिए पोषक तत्व अति आवश्यक है होम्योपैथिक चिकित्सा के साथ-साथ यदि पोषक तत्वों का निरंतर उपयोग किया जाए तो रोगी को रोग से शीघ्र मुक्ति दिलाई जा सकती है और भविष्य में रोगों से बचाव के लिए भी प्राकृतिक पोषक तत्वों की अति



आवश्यकता है, जो कि हमें सूखे मेवे फलों हरी सब्जियां अंकुरित अनाजों (दालें) मिलेट्स के द्वारा प्राप्त हो सकती है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आर.के. शर्मा ने बतलाया कि होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनीमैन ने अपने लेखों में प्राकृतिक पोषक तत्वों को भोजन में सम्मिलित करने पर बल दिया था। सभा का संचालन डॉ. कुलदीप शर्मा ने किया ,बैठक में डॉ. नूतन आर्य, डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ.एम. पी. सिंह डॉ. रजनी सिंह, डॉ.संतोष मेहरोत्रा, डॉ. दिनेश चौहान,डॉ. लीना वाष्णेय, डॉ.विभु, डॉ. रती, डॉ .हर्षित, डॉ. एकता, डॉ. एस.पी. गंगवार आदि लोग उपस्थित थे।

# श्रीगीता सत्संग भवन में हुआ कथा वाचन



**चन्दौसी।** नगर के सीतारोड स्थित श्रीगीता सत्संग भवन से गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई जिसमें राजस्थान से आये कथावाचक आचार्य रामनिवास महाराज सहित श्रद्धालुओं ने भाग लिया। तदुपरांत दोपहर 03 बजे के करीब कथावाचक द्वारा कथा का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि मानव जीवन ईवर की अमूल्य रचना है जो हमें परमात्मा ने प्रदान की है। इसी में रहते हुए इसी जीवन में ही अपनी व प्रभु की अनुभूति हमें प्राप्त कर लेनी है और इसकी विधि हमें अनुभूति प्राप्त संत ही बता सकते हैं। कलियुग तक सत्युग से लेकर गुरु वशिष्ठ मुनि, रामानुजाचार्य जी महाराज, सतगुरु रामानंद आदि ने जीवन जीने की कला सिखाई है और प्रभु को पान लेना अंतिम पथ बताया है। कथा के दौरान चौधरी ललित सिंह, उमेश सैनी, श्वेता गुप्ता, दिव्यांशु सैनी, अजय सैनी, सुबोध यादव, यादराम सैनी, हरिशंकर, पूनम, रिंकू वार्ष्णेय आदि सहित काफी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अब्दुल रऊफ व पुत्रवधू श्रीमती आसमीन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेन-देन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मौहम्मद हुसैन पुत्र रजा हुसैन निवासी ग्राम ओवरी थाना असमौली तह. व जिला सम्भल।**

# श्रीकृष्ण की छठी पर किया भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर भगवान श्रीकृष्ण जी की जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। इस पर्व के 6 दिन बाद श्री कृष्ण जी की छठी मनाई जाती है।हिंदू धर्म में जब किसी बच्चे का जन्म होता है तो उसके 6 दिन बाद षष्ठी पूजा संस्कार किया जाता है इसी क्रम में महानगर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम नजर आ रही है इस दौरान महानगर में भगवान श्री कृष्ण की छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर शहर के मझोला थाना क्षेत्र खुशहालपुर पी ए सी रोड पर हर साल की भांति न्यू कृष्णा डेयरी पर आठवां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भगवान श्री कृष्ण की छठी महोत्सव



के अवसर पर पूजा पाठ हवन यज्ञ और आरती की गई व कढ़ी चावल व हलुवा के प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भंडारे में प्रसाद को ग्रहण किया। और कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। राधा कृष्ण जी और शंकर जी और पार्वती जी कि भेष में कलाकारों द्वारा नित्य कर लोगों को अपनी तरफ आकर्षित किया ।इस मौके पर लक्ष्मी स्वीट्स व न्यू कृष्णा डेयरी के मालिक डॉयमंड यादव,गुंजन यादव,रंजू यादव,शारदा देवी, सीमा, लक्ष्मी यादव,कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# फर्जी अंकतालिका लगाकर नौकरी करने वाले शिक्षक बर्खास्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** माध्यमिक शिक्षा विभाग में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। वर्ष 2014 में एलटी ग्रेड सहायक अध्यापक भर्ती के तहत 2016 में नियुक्त किए गए 22 शिक्षक फर्जी अंकों और प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी करते पाए गए। जांच में दोषी पाए जाने पर सभी की सेवाएं समाप्त कर दी गईं और वेतन की रिकवरी के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही संबंधित विद्यालयों को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, इन शिक्षकों ने मोनार्ड यूनिवर्सिटी और संपूर्णानंद यूनिवर्सिटी बनारस की फर्जी अंकतालिकाएं लगाकर नौकरी हासिल की थी।

नियुक्ति के बाद इनकी तैनाती आजमगढ़ मंडल से शुरू होकर अलग-अलग जिलों में स्थानांतरित हो गई। भर्ती मेरिट के आधार पर होने के कारण इन नटवरलाल अभ्यर्थियों ने कागजों में हेरफेर कर नौकरी हथिया ली।

जांच में सामने आया कि यह कोई बड़ा रैकेट है, जो फर्जी मार्कशीट तैयार कर उम्मीदवारों को शिक्षक की नौकरी दिलवाता है। परिषदीय विद्यालयों में भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं। संभल, मुरादाबाद, अमरोहा, कासगंज और अलीगढ़ जिलों में जाति प्रमाणपत्र और अंकपत्र में हेरफेर कर नौकरी पाने के तथ्य मिले हैं। फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाने वाले शिक्षकों में विनय कुमार यादव, पवन कुमार, अतुल प्रकाश शर्मा, अंकित वर्मा, लक्ष्मी देवी, विवेक सिंह, राज, रजत वर्मा, रोहिणी शर्मा, अमित गिरी, रुचि सिंघल, नूतन सिंह, दीपा सिंह, आनंद सोनी, गीता, सलोनी, किरण मौर्य, रमन व विश्वकर्मा आदि के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। इन फर्जी शिक्षकों ने 2016 से अब तक प्रतिमाह लगभग एक लाख रुपये वेतन प्राप्त किया।

जांच टीम के अनुसार, शिक्षा विभाग में ऐसे मामलों की छानबीन लगातार जारी है और आने वाले दिनों में कई और खुलासे हो सकते हैं।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०), जनपद मुरादाबाद।**
**सिविल वाद संख्या:** 447/2025
**तारीख पेशी:** 20.09.2025
**श्रीमती सोनम आदि बनाम श्री सतीश कुमार आदि।**

1. श्रीमती सोनम पत्नी स्व. राहुल कुमार, 2. असीमित कुमार उम्र 11 वर्ष पुत्र स्व. राहुल कुमार (अवयस्क होने के कारण अपनी प्राकृतिक संरक्षिका व माता श्रीमती सोनम के माध्यम से) निवासीगण-आशापुर कालोनी, मुख्यारपुर नवादा तह. कांठ, जिला मुरादाबाद, वर्तमान निवासी-आदर्श कॉलोनी, निकट समाज कल्याण कार्यालय पाकबड़ा रोड, मुरादाबाद।

**बनाम**

**जनता आम** ग्राम आशापुर कॉलोनी, मुख्यारपुर नवादा तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित **वादनी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 09 के दिवस 20 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवे. दन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 20 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०), जनपद मुरादाबाद।**
**सिविल वाद संख्या:** 578/2024
**तारीख पेशी:** 19.09.2025

मौहम्मद माजिद **बनाम** शारिक आदि।

मौहम्मद माजिद आयु लगभग 51 वर्ष पुत्र श्री खलील अहमद निवासी ग्राम गढ़ी तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. राशिद हुसैन आयु लगभग 26 वर्ष पुत्र सगीर हसन निवासी ग्राम गढ़ी तहसील कांठ जिला मुरादाबाद, 2. मौहम्मद फाईज नाबालिग आयु लगभग 10 वर्ष पुत्र फिरोज जेरे सरपरस्ती पिता हकीकी फिरोज निवासी ग्राम गढ़ी तहसील कांठ जिला मुरादाबाद, 3. मौहम्मद फैसल नाबा. लिग आयु लगभग 7 वर्ष पुत्र फिरोज जेरे सरपरस्ती पिता हकीकी फिरोज निवासी ग्राम गढ़ी तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद, चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 09 के दिवस 19 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 20 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०), जनपद मुरादाबाद।**
**सिविल वाद संख्या:** 1331/2024
**तारीख पेशी:** 22.08.2025

नवीन कुमार आदि **प्रति** सतीश आदि।

**बनाम**

**प्रतिवादी सं०**-4. कु. रश्मि पुत्री इन्द्रपाल सिंह निवासी लाईनपार मझौला जिला मुरादाबाद।

**प्रतिवादी सं०**-5. कु. कुमकुम पुत्री इन्द्रपाल सिंह निवासी लाईनपार मझौला तहसील व जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 08 के दिवस 22 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 20 को निकाली गयी है।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

# जमीन बेचने के बाद दूसरों को कर दिया बैनामा, एसएसपी के आदेश पर मामला दर्ज

**कांठ।** स्योहारा के मोहम्मद खालिद के मुताबिक उसने मौजा सिकंदराबाद कांठ तहसील में रहमत अली अंसारी से एक भूमि का सौदा 60 लाख में करके 20 लाख रुपए देकर 26 मार्च 2018 को बैनामा कराया था। आरोप है कि रहमत अली ने उक्त जमीन का बैनामा 5 मई 2025 को कई लोगों को कर दिया इसकी शिकायत की तो उसने उसके साथ मारपीट कर धमकाना शुरू कर दिया।

आरोप है की भूमि के खरीदार सब लोग आपस में हम साज हैं और उसे नुकसान पहुंचाने की नीयत से फर्जी अभिलेख तैयार कर इस भूमि का बैनामा कराया गया है। पीड़ित ने उसे सिकंदराबाद में घेर कर गालियां देने और लोहे की सरियों से जान से मारने की नीयत से प्रहार कर चोट पहुंचाने का आरोप भी लगाया और कहा कि यह लोग सुपारी देकर उसकी हत्या भी करा सकते हैं। पीड़ित सुनवाई न होने के कारण एसएसपी के सामने पहुंचा और अपनी परेशानी उन्हें बताई एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# 10 लाख की मांग को लेकर महिला का उत्पीड़न ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** 10 लाख रुपए की मांग को लेकर ससुराल वाले 8 साल से महिला का उत्पीड़न करते चले आ रहे हैं पीड़ित की शिकायत पर अब पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया है कांठ निवासी भगवत की पुत्री निशि की शादी संजीव कुमार पुत्र शिवनाथ सिंह मोहल्ला गौतम नगर कोतवाली काशीपुर जिला उधम सिंह नगर में 2017 को हुई थी जिसमें लगभग 15 लाख रुपए खर्च हुए लेकिन निशि के पति संजीव कुमार जेठ राजीव कुमार सास सुमित्रा नंद शीतल और हेमा तथा मौसेरा जेठ कृष्ण कुमार इस दहेज से खुश नहीं थे और 10 लाख रुपए नगद लाकर देने का दबाव बनाते रहे।इस बीच निशिने एक पुत्र और एक पुत्री को जन्म दिया मगर ससुराल वालों द्वारा 10 लाख की मांग लगातार चलती रही इस साल मार्च में निशि अपनी छोटी बहन संगीता की शादी में कांठ आई तो उसके ससुराल वाले उसके बच्चों को परीक्षा दिलाने की बात कह कर ले गए और निशि को यही छोड़ दिया बार-बार कहने के बाद भी वह 10 लाख रुपए लिए बिना निशि को घर ले जाने के लिए तैयार नही हुए जिसकी वजह से निशि का मानसिक संतुलन बिगड़ने लगा पीड़ित पिता ने रिश्तेदारों को इकट्ठा कर इस मामले को सुलझाने का प्रयास किया लेकिन ससुराल वाले 10 लाख रुपए लिए बिना राजी नहीं हुए। अब पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने किया आकस्मिक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने केंद्र पर मरीजों की समस्याओं को गंभीरता से लिया और कई अहम फैसले सुनाए। बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पता चला कि हड्डी रोग विशेषज्ञ के स्थानांतरण के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों की इसी परेशानी को देखते हुए सीएमओ ने तत्काल निर्देश दिए कि सप्ताह में दो दिन हड्डी रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाएगी, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। सीएमओ ने यह भी घोषणा की कि नगर और देहात क्षेत्रों में चल रहे अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी लैब और अपंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मरीजों की सुविधा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिल्पी चौधरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महिलाओं के हौसला अफजाई के लिए जनपद के नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में से कम से कम दो केंद्रों पर महिला चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त करने का भी ऐलान किया गया।



फिलहाल, केवल ठाकुरद्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही डॉ. शिल्पी चौधरी को चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। एक अन्य केंद्र पर भी जल्द ही महिला चिकित्सा अधीक्षक की नियुक्ति की जाएगी। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि मरीजों के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा।

## शांतिभंग के आरोप में चार गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** पुलिस ने अलग अलग मारपीट पर उतारू चार लोगों का शांति भंग के आरोप में गिरफतार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पीलकपुर गुमानी निवासी दीपक कुमार की पत्नी ने गाली गलौज और मारपीट का आरोप लगते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में तहरीर के आधार एनसीआर दर्ज कर आरोपी उसके पति को शांति भंग के आरोप में गिरफतार कर लिया। वहीं क्षेत्र के गांव सरकड़ा करीम निवासी राकेश पुत्र तोताराम व यशपाल सिंह पुत्र मदन सिंह को पानी निकास को लेकर लेकर हुए विवाद में शांति भंग के आरोप में गिरफतार किया है। वहीं क्षेत्र के गांव पानूवाला की मंडैया निवासी विजयभान पुत्र घासी सिंह को गांव के ही राजवीर सिंह पुत्र जिराज के साथ मारपीट पर उतारू होने पर शांति भंग के आरोप में गिरफतार किया है। चारों आरोपितों का शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गया है।

## एक नजर

### लायंस क्लब दिल्ली द्वारा सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को किया सम्मानित



**बिलारी।** रानी प्रीतम कुंवर स्कूल सहसपुर बिलारी के होनहारों को लायंस क्लब दिल्ली द्वारा सी बी एस सी ई परीक्षा 2024-25 में 95% से अधिक अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक प्रदान करके सम्मानित किया। स्वर्ण पदक विजेताओं में कक्षा दश के कार्तिक माथुर ,रुद्र वार्ष्णेय एवं कृति शर्मा रहे। इस मौके पर विजेताओं ने प्रतियोगिता में सफल होने के लिए एन सी आर टी पुस्तकों का निरंतरता से गहन अध्ययन करने की सलाह दी। उन्होनें अध्यापकों द्वारा दिये मार्गदर्शन का शत-प्रतिशत अनुसरण करना ही सफलता प्राप्ति का मूल मंत्र बताया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत ईश्वर ने विद्यार्थियों को पदक प्रदान करके सम्मानित किया और भविष्य में इसी प्रकार सफलता के शिखर छूने के लिए उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई दी।

### साप्ताहिक बंदी के बाबजूद खुला रहा बाजार साप्ताहिक बंदी बेअसर

**ठाकुरद्वारा।** नगर साप्ताहिक बंदी के दौरान गुरुवार को नगर के सभी बाजार खुले रहे। इसे लेकर श्रमिकों और व्यापारियों में तीव्र आक्रोश रहा। पिछले कई सप्ताह से नगर में साप्ताहिक बंदी मजाक बनकर रह गई है। पूर्व में लेबर ऑफिसर की सख्ती के चलते नगर के शत-प्रतिशत बाजार बंद रहते थे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी समय-समय पर छापे मारकर व्यापारियों का चालान करते रहते थे। पिछले कई माह से श्रम प्रवर्तन अधिकारी के तहसील मुख्यालय न पहुंचने से व्यापारियों के हौसले काफी बुलंद हो गए हैं। प्रत्येक गुरुवार को नगर के शत-प्रतिशत बाजार खुले नजर आते हैं। गुरुवार को भी नगर के गंज बाजार, बुध बाजार, कदीर तिराहा, तिकोनिया बस स्टैड, बाबूरामपाल सिंह द्वार, कमालपुरी चौराहा, शगुन चौराहा, अस्पताल रोड , मौहल्ला ताली , बड़ा बाजार ,मीना बाजार आदि खुले रहे और लोगों की काफी भीड़ नजर आई। इससे दुकानो पर काम रहे मजूदरो और जो नियम अनुसार प्रतिष्ठन खोलने वाले व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। जिसमें रेडीमेड कपड़ों की दुकान, जनरल स्टोर, जुता चप्पल, मोबाइल सहित अन्य प्रतिष्ठान अन्य दिनों की तरह ही खुले रहे। व्यापारियों का कहना कि साप्ताहिक बंदी के दिन पूरे सप्ताह का घरेलू काम या दुकान के लिए सामान की खरीदारी कर लेते है। माह करीब चार दिन विद्युत बिल की भी बचत हो जाती थी लेकिन श्रम प्रवर्तन अधिकारी की लापरवाही के चलते सभी बाजार खुलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे नगर में साप्ताहिक बाजार बंदी सिर्फ मजाक बन कर रहै गई है।

### इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में यूपीआईटीएस 2025 का होगा आयोजन

**मुरादाबाद।** संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने बताया कि 25 से 29 सितंबर 2025 के मध्य इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में यूपीआईटीएस -2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद के निर्यातकों के लिए स्टॉल आवंटन की प्रक्रिया जारी है। जनपद के एएसआईडीई योजना के अंतर्गत एवं ओडीओपी कॉमन फैसिलिटी सेंटर योजना के प्रवर्तकों द्वारा भी स्टॉल आवंटन हेतु बुकिंग की गई है। उन्होंने बताया गया कि यूपीआईटीएस 2025 में नए निर्यातकों का मेले में बुकिंग का लक्ष्य पूर्ण हो गया है इसके साथ ही एक जनपद एक उत्पाद, एमएसएमई, महिला श्रेणी का जनपद मुरादाबाद का लक्ष्य पूर्ण हो गया है इन श्रेणियां में अब नए निर्यातक को मेले में स्टॉल आवंटन की बुकिंग नहीं होगी। मात्र पुराने नियमित निर्यातक श्रेणी के अंतर्गत ही स्टॉल मिल सकते हैं, जिसमें प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर बुकिंग होगी। वर्तमान में मात्र नियमित निर्यातक श्रेणी में तीन साल से पुराने निर्यातकों को ही मेले में स्टॉल आवंटन की कार्यवाही की जा रही है अन्य श्रेणियों के निर्यात को एवं नए एक्सपोर्टस को अब इंतजार करना पड़ सकता है।

उन्होंने बताया कि नियमित श्रेणी में प्रतिभाग करने वाले निर्यातकों को जमा किए गए स्टॉल शुल्क के सापेक्ष नियमानुसार प्रतिपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी।

ओडीओपी के अतिरिक्त अन्य श्रेणी के निर्यातक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विपणन विकास सहायता योजना अंतर्गत प्रतिपूर्ति प्राप्त कर सकेंगे जो कि स्टाल शुल्क का 60 प्रतिशत अधिकतम रुपए 50000 तथा एक व्यक्ति हेतु रेल, बस, वायुयान के इकोनॉमी क्लास में की गई यात्रा व्यय का 50 प्रतिशत और अधिकतम 25000 होगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यालय दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र मुरादाबाद कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाउपाध्यक्ष के पोल्ट्री फार्म पर चोरी

**कुन्दरकी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जैतपुर पट्टी गांव में चोरी की वारदात से हड़कंप मच गया। चोरों ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाउपाध्यक्ष मुहम्मद आलम के पोल्ट्री फार्म को निशाना बनाया। जानकारी के मुताबिक, देर रात चोर फार्म का ताला तोड़कर अंदर घुसे और वहां से इन्वेंटर, बैटरा समेत जरूरी उपकरण चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 35 हजार रुपये बताई जा रही है। सुबह जब मुहम्मद आलम को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

## कक्षा तीन से 12वीं तक के बच्चों को पढ़ाया जाएगा ऑपरेशन सिंदूर

**कांठ।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी किताबों में ऑपरेशन सिंदूर को शामिल किया है। इसके लिए कक्षा तीन से 12वीं तक के पाठ्यक्रम में पूरक सामग्री के रूप में शामिल किए गए ये मॉड्यूल ऑपरेशन सिंदूर के तीन महीने बाद आए हैं। प्रारंभिक और माध्यमिक स्तर यानी कक्षा तीन से आठ के लिए इन दो मॉड्यूल का शीर्षक श्ऑपरेशन सिंदूर-वीरता की गाथाश और माध्यमिक स्तर यानी कक्षा नौ से 12 के लिए श्ऑपरेशन सिंदूर-सम्मान और बहादुरी का मिशनश है। ये मॉड्यूल स्कूली बच्चों में भारत की सैन्य शक्ति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बनाए गए हैं।इन मॉड्यूल में ऑपरेशन सिंदूर को न केवल सैन्य अभियान बताया गया है, बल्कि शांति की रक्षा और पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के सम्मान का वादा भी बताया गया है। 2016 में हुए उरी हमले और 2019 के पुलवामा हमले जैसे विशिष्ट आतंकी हमलों पर भी संक्षेप में चर्चा की गई है।

# मनीषा रेप कांड पर यूथ कांग्रेस का आक्रोश, कैंडल मार्च निकालकर न्याय की मांग

## कैंडल मार्च के उपरांत दो मिनट का मौन रखकर पीड़िता की आत्मा की शांति के लिए दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** हरियाणा के जिला भवानी में हुए मनीषा रेप कांड के विरोध में यूथ कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आक्रोशपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में जलती मोमबत्तियां और तख्तियां लेकर दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। कैंडल मार्च के दौरान पीड़िता की आत्मा की शांति के लिए कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखा और परिवार को न्याय दिलाने का संकल्प लिया। कैंडल मार्च नगर के कदीर तिराहे से शुरू होकर पुराना बस स्टैंड पर समापन हुआ । यूथ कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष इस्लाम सलमानी ने कहा कि यह घटना पूरे समाज को झकझोर देने वाली है। दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की घिनौनी वारदात करने का साहस न कर सके। यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष लारेब मंसूरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़िता के परिवार के साथ खड़ी है और न्याय की लड़ाई में पीछे नहीं हटेगी। साथ ही सरकार से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। जिला महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा और सम्मान का सवाल किसी भी कीमत पर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कांग्रेस कार्यकर्ता समाज में महिलाओं के अधिकार और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार संघर्ष करते रहेंगे। जिला उपाध्यक्ष सलमा आगा ने कहा कि आज का कैंडल मार्च केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि समाज को चेतावनी है कि अब बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूथ कांग्रेस हर कदम पर पीड़िता के परिवार के साथ खड़ी है और न्याय दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा कैंडल मार्च में शरीफ आजाद, यूथ विधानसभा अध्यक्ष नौशाद अंसारी, जिला सचिव आसिफ हाजी मुस्तकीम तस्लीम मंसूरी, शहजाद सिद्दीकी, शाहनवाज, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद अयान, अरहान, इमरान, जीशान, मोहम्मद ओवैस, मोहम्मद जिब्रा, बिल्लू, जहूर रहमान, अबुजर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## प्रजापति समाज को मजबूत करने का किया आह्वान

**बिलारी।** तहसील क्षेत्र के गांव मोहनपुर में राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ की तिरपाल चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के प्रदेश महासचिव अमित प्रजापति, जिला अध्यक्ष देवीलाल प्रजापति आदि मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल रहे। इस बीच समाज की एकता व मजबूती पर बोल दिया गया और युवाओं को शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में मजबूत होने का संकल्प दिलाया गया ताकि देश सेवा में समाज को आगे लाया जा सके। गुरुवार को मोहनपुर गांव में हुई तिरपाल बैठक में बोलते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि हम सभी को जरूरी है कि युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ाए।

इसके अलावा शिक्षा पर बल दें ताकि समाज की तरक्की हो सके। इस मौके पर डॉक्टर प्रदीप गोला प्रजापति ने संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया, वहीं राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ का विस्तार किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा कहा कि समाज की तरक्की तभी हो सकती है जब युवा शिक्षा को अपनाएगा । इस मौके पर ललित प्रजापति ने आए हुए अतिथियों का फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विशाल प्रजापति,अंकित प्रजापति, राहुल दक्ष, बंटी प्रजापति,मोनू प्रजापति, अनिल प्रजापति, राहुल प्रजापति, अर्पण प्रजापति, कपिल प्रजापति, उमेश प्रजापति, शिव कुमार प्रजापति, अमित प्रजापति आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

### उत्तर रेलवे

#### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 144-DRM-MB-25-26 Dt. 19.08.2025 |
| कार्य का नाम | Reconditioning of tamping tools of different track machines working over Moradabad division. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 11.09.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत (रु.) | 1,34,13,840.00 |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,17,100.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत (रु.) | Nil |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 Months |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 28.08.2025 |

टेंडर नं.: 75/W/2/3/WA/DEN/T/T. Notice दिनांक: 20.08.2025 2540/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### कार्यालय ग्राम पंचायत बिलावाला विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 10.08.2025

#### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बिलावाला विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 05.09.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 05.09.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आदमपुरिया के घर से पप्पू सिंह के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, रोड़ा टाईल्स आदि | 37 मी0 | 158397/- | 500 | 2% | 8 माह |
| 2 | हरिराज सिंह के घर से सादिक के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 80 मी0 | 339182/- | 500 | 2% | 8 माह |
| 3 | महेश के घर से मित्रपाल सिंह के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 70 मी0 | 261848/- | 500 | 2% | 8 माह |
| 4 | मुनीराज के घर से हरिराज के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 40 मी0 | 400023/- | 500 | 2% | 8 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बिलावाला**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# आईएफटीएम में 'विश्व उद्यामिता दिवस' मनाए जाने के अंतर्गत हुआ सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के बौद्धिक सम्पदा प्रकोष्ठ एवं इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में ''स्किल टू स्टार्ट अप: ट्रांसफॉर्मिंग फार्मेसी नॉलेज इंटू बिजनेस वेंचर्स'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फार्मेसी एक विविध और आकर्षक कॅरियर विकल्प है, जिसमें दवाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में काम करना शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि फार्मेसी व्यवसाय से जुड़े लोग दवाओं के विकास, निर्माण, वितरण और उपयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस सेमिनार में ग्रेटर नोयडा की कम्पनी 'जेडेक हैल्थकेयर प्रा0 लिमि0' की सीईओ डॉ. वैशाली ने बतौर मुख्य वक्ता प्रतिभागी विद्यार्थियों को रोजगार के क्षेत्र में आगे बढकर आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। उन्होंने फार्मेसी नॉलेज को बिजनेस वेंचर में बदलने के लिए टिप्स देते हुए बताया कि रोजगार के क्षेत्र में आगे बढने के लिए आपको विभिन्न स्किल्स की आवश्यकता पड़ेगी, जिनमें मुख्यत: फार्मास्युटिकल ज्ञान, फार्मास्युटिकल उत्पादों और सेवाओं के बारे में गहन रूप से ज्ञान होना शामिल हैं। साथ ही रोगी परामर्श और दवा प्रबंधन हेतु क्लिनिकल फार्मेसी, दवा सुरक्षा और प्रतिकूल प्रभाव निगरानी हेतु फार्माकोविजिलेंस एवं अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए मार्केटिंग कौशल की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त आपको अपने ग्राहकों को अच्छी सेवा प्रदान करने के लिए ग्राहक सेवा कौशल की भी आवश्यकता होगी। इस मौके पर कार्यक्रम के समन्वयक व प्रतिकुलपति- रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट डॉ.. नवनीत वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को नई दवाओं के विकास और परीक्षण में आवश्यक शोध और विकास तथा दवाओं के निर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण के सम्बन्ध में अति आवश्यक जानकारियां प्राप्त हुईं। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि फार्मेसी एक आकर्षक और पुरस्कृत कॅरियर विकल्प है, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान करने का अवसर मिलता है। आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यशालाएं एवं वेबिनार आदि कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, जिनके परिणाम भी अच्छे प्राप्त हो रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में डीन-रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट डॉ. सुशील कुमार ने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि फार्मेसी के क्षेत्र में अद्यतन जानकारियों के माध्यम से नई चीजों को सीखकर समाज की भलाई करने में मदद मिलती है।



कार्यक्रम का संचालन कु. रितिका सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में फार्मेसी संकाय के आईआईसी समन्वयक प्रो. प्रशांत उपाध्याय, डॉ डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. शाहबाज खान एवं डॉ. अलंकार आदि फैकल्टी मैम्बर्स का योगदान रहा

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ओंकार सिंह रागी डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ एज्युकेशनल संस्था का स्वामी हूं जिसका मूल ऑफिस काशीराम नगर भोगपुर मिठोनी में स्थित है, जिसका पंजीकरण संख्या 242 है , जो 31-7- 2019 को उप निबंधक द्वितीय मुरादाबाद के कार्यालय में पंजीकृत है। मेरी संस्था के नाम से कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने फर्जी प्रमाण पत्र जारी किए हैं जो कि अवैध है उन फर्जी प्रमाण पत्र का मेरी संस्था या मुझसे कोई लेना-देना नहीं है, तथा किसी भी व्यक्ति के द्वारा जारी प्रमाण पत्रों को फर्जी माना जाए, एवं कोई भी व्यक्ति फर्जी प्रमाण पत्रों द्वारा कोई भी कार्य करता है तो इसकी जिम्मेदारी मेरी संस्था या मेरी नहीं होगी।

ओंकार सिंह रागी पुत्र छोटे सिंह संस्था संचालक डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ एज्युकेशनल, मुरादाबाद।

### बेदखली सूचना

हमने अपनी पुत्री व भतीजी महक को गलत संगत/अपनी मर्जी से शादी करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में महक के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद हम बाबू खां, मुनव्वर खां व असमत जहां से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। बाबू खां व मुनव्वर खां पुत्रगण छोटे खान व श्रीमति असमत जहां पत्नी बाबू खां निवासीगण कासदी टोला थाना मुगलपुरा तह. व जिला मुरादाबाद।

### न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0 डि0), महोदय, मुरादाबाद।

**उत्तराधिकार वाद सं0:** 458/2024

**तारीख पेशी:** 26.08.2025

**सरिता विश्नोई प्रति पुष्पेन्द्र सिंह आदि।**

सरिता विश्नोई पुत्री स्व. गंगा सिंह पत्नी स्व. संयोग विश्नोई निवासी नगीना, हाल निवासी मुख्त्यारपुर नवादा तहसील कांठ जिला मुरादाबाद-**वादनी**

**बनाम**

**प्रतिवादी सं०-8. जनता आम** निवासी ग्राम मुख्त्यारपुर नवादा तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2025 के माह 08 के दिवस 26 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 21 को निकाली गयी है।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज**
**(सी0 डि0) मुरादाबाद।**

# 25 से 29 सितम्बर 2025 के मध्य इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में UPITS 2025 का होगा आयोजन

**मुरादाबाद।** संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार ने बताया कि दिनांक 25 से 29 सितंबर 2025 के मध्य इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में UPITS-2025 का आयोजन किया जा रहा है , जिसमें जनपद के निर्यातकों के लिए स्टॉल आवंटन की प्रक्रिया जारी है। जनपद के ASIDE योजना के अंतर्गत एवं ओडीओपी कॉमन फैसिलिटी सेंटर योजना के प्रवर्तकों द्वारा भी स्टॉल आवंटन हेतु बुकिंग की गई है। उन्होंने बताया गया कि UPITS-2025 में नए निर्यातकों का मेले में बुकिंग का लक्ष्य पूर्ण हो गया है इसके साथ ही एक जनपद एक उत्पाद, एमएसएमई, महिला श्रेणी का जनपद मुरादाबाद का लक्ष्य पूर्ण हो गया है इन श्रेणियां में अब नए निर्यातक को मेले में स्टॉल आवंटन की बुकिंग नहीं होगी। मात्र पुराने नियमित निर्यातक श्रेणी के अंतर्गत ही स्टॉल मिल सकते हैं, जिसमें प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर बुकिंग होगी। वर्तमान में मात्र नियमित निर्यातक श्रेणी में तीन साल से पुराने निर्यातकों को ही मेले में स्टॉल आवंटन की कार्यवाही की जा रही है अन्य श्रेणियों के निर्यात को एवं नए एक्सपोर्टस को अब इंतजार करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि नियमित श्रेणी में प्रतिभाग करने वाले निर्यातकों को जमा किए गए स्टॉल शुल्क के सापेक्ष नियमानुसार प्रतिपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी। ओडीओपी के अतिरिक्त अन्य श्रेणी के निर्यातक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विपणन विकास सहायता योजना अंतर्गत प्रतिपूर्ति प्राप्त कर सकेंगे जो कि स्टाल शुल्क का 60 प्रतिशत अधिकतम रुपए 50000 तथा एक व्यक्ति हेतु रेल, बस, वायुयान के इकोनॉमी क्लास में की गई यात्रा व्यय का 50 प्रतिशत और अधिकतम 25000 होगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यालय दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र मुरादाबाद कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# खंडशिक्षा अधिकारी से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विकास खंड का एक प्रतिनिधि मंडल ब्लॉक अध्यक्ष दीपक गोले के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु मिला। स्वच्छ वातावरण में महोदय से जीपीएफ खातों की त्रुटियों के संबंध में, उन्हें अध्यापकों को अवलोकित करने के संबंध में, जीपीएफ बैलेंस मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने के संबंध में, विभिन्न प्रकार के अवकाश मानव संपदा पोर्टल पर ठीक करने के संबंध में, जीपीएफ पर्ची ब्लॉक स्तर से बंटवाने के संबंध में, बी एल ओ एवं सुपरवाइजर की ड्यूटी से संबंधित परेशानियों के निराकरण के संबंध में, कुछ विद्यालयों में खाद्यान्न समाप्त हो गया है उसके निराकरण के संबंध में विस्तार से वार्ता की गई। आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने सभी समस्याओं के समाधान का पूर्ण आश्वासन दिया। चयन वेतनमान के संबंध में वार्ता की गई और महोदय से ऑनलाइन अध्यापकों की सूची को ग्रुप में डालने का अनुरोध किया गया। महोदय ने उक्त सूची को ग्रुप में डलवाने को कहा। खंड शिक्षा अधिकारी महोदय से वार्ता करने वाले प्रतिनिधि मंडल में ब्लॉक अध्यक्ष दीपक गोले के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील तोमर, मोहम्मद फराज खान उपाध्यक्ष, धीरेंद्र कुमार उपाध्यक्ष, अजीत किशोर उपाध्यक्ष, मीरा सैनी महिला उपाध्यक्ष, अनिल राज संगठन मंत्री, साकिर हुसैन संयुक्त महामंत्री, विनोद भंडारी मीडिया प्रभारी एवं दीप्ति खुराना, शीशपाल आदि पदाधिकारी गण एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# एशिया कप में भारत-पाक मैच को हरी झंडी

**● सरकार ने इजाजत दी, कहा-मल्टीनेशन टूर्नामेंट खेलने से नहीं रोकेंगे, द्विपक्षीय सीरीज आयोजित नहीं होगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 9 सितम्बर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच होगा। भारत सरकार ने गुरुवार को इसकी अनुमति दे दी है। सरकार ने कहा- मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। दोनों देशों में द्विपक्षीय सीरीज नहीं होगी। खेल मंत्रालय के अधिकारी ने एक लेटर साझा किया, यह भारत सरकार की नई स्पोर्ट्स पालिसी है, जिसे गुरुवार को ही जारी किया गया है। यह लेटर खेल मंत्रालय ने जारी किया है। इसमें मीटिंग में लिए गए फैसले की जानकारी दी गई है। लेटर में लिखा है- इंटरनेशनल और मल्टीनेशनल इवेंट्स (चाहे भारत में हों या विदेश में) में भारत इंटरनेशनल खेल संस्थाओं के नियमों और अपने खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेगा। भारतीय टीमें और भारतीय खिलाड़ी उन इंटरनेशनल इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिनमें पाकिस्तान की टीमें और खिलाड़ी भी शामिल होंगे। यह ठीक वैसा ही है, जैसे भारत में होने वाले मल्टीनेशनल इवेंट्स में पाकिस्तान की टीमें और खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे। 2 दिन पहले 19 अगस्त को बीसीसीआई ने एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। इसमें सूर्यकुमार यादव को कप्तान और शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया था। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुक.ाबले हो सकते है। पहला मैच 14 सितम्बर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरा मैच-एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान की




दूसरी भिड़ंत हो सकती है। तीसरा मैच- अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद क्रिकेट एशिया कप में भारत के पाकिस्तान से खेलने का विरोध हो रहा है। यहां तक कि पाकिस्तान बिहार के राजगीर में भारत की मेजबानी में हो रहे हाकी एशिया कप से हट गया है। इस संबंध में मानसून सत्र में लोकसभा में भी सवाल उठा था। पूर्व क्रिकेटर्स की भारतीय टीम ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान से खेलने से इन्कार कर दिया था। वहीं बीसीसीआई ने बताए न खेलने के 4 नुकसान, पाकिस्तान से आए आतंकियों ने भारत पर बड़ा हमला किया था। इस घटना के कुछ ही महीनों बाद भारत को पाकिस्तान से क्रिकेट सीरीज खेलनी थी। विपक्षी दलों ने सरकार को घेरना शुरू किया। वे पूछते - जो पाकिस्तान हमारा खून बहा रहा है उसके साथ हम क्रिकेट क्यों खेलना चाहते हैं? इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से खेल मंत्रालय को निर्देश आता है कि वे बीसीसीआई को कह दें कि भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलेगी। यह वाकया 2008 का है। पाकिस्तान से आए आतंकियों ने 26 नवंबर को मुंबई में बड़ा हमला किया था। इसके बाद दिसंबर में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज पर रोक लगा दी थी। अब सीधा 2025 में लौटते हैं। पाकिस्तान अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया है। पिछले 22 अप्रैल को वहां से आए आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोषों की धर्म पूछकर हत्या कर दी। इसके बाद मांग उठने लगी है कि भारत को अब न सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज बल्कि एशिया कप और वर्ल्ड कप जैसे मल्टीनेशन इवेंट में भी पाकिस्तान का बायकाट करना चाहिए। 9 सितम्बर से यूएई में एशिया कप होना है। भारतीय टीम घोषित हो गई है और इस टूर्नामेंट में तीन भारत-पाकिस्तान मैच संभव हैं। पाकिस्तान से खेलने पर सरकार ने गुरुवार को कहा है कि मल्टीनेशन टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। हालांकि, बीसीसीआई भी नहीं चाहता कि भारत एशिया कप में पाकिस्तान का बायकाट करे। दैनिक भास्कर ने इस मुद्दे पर बीसीसीआई के दो शीर्ष अधिकारियों से इसकी वजह पूछी। दोनों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर 4 ऐसे कारण बताए जिनकी वजह से बीसीसीआई चाहता है कि एशिया कप हो और इसमें भारत-पाक मुकाबले भी खेले जाएं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने पुरुषों की 10 मी. एयर राइफल टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**कजाकिस्तान।** भारत के रुद्रांक्ष पाटिल, अर्जुन बाबूता और किरण जाधव ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। यहां आयोजित स्पर्धा में भारतीय तिकड़ी ने कुल मिलाकर 1892.5 अंक हासिल किए, जिसमें पाटिल 632-3 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे, जिससे वह क्वालीफाइंग राउंड में भी शीर्ष पर रहे और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई। अर्जुन बाबूता ने 631.6 अंक हासिल करते हुए प्रिलिमिनरी स्टेज में 4वों स्थान हासिल किया और पदक राउंड में भी जगह बनाई। लेकिन 628.6 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे किरण आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।

### ईरानी-वावसोरी फिर बने यूएस ओपन मिश्रित युगल चैंपियन

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इगा स्वियाटेक और कैस्पर रूड की जोड़ी को हराकर यूएस ओपन मिश्रित युगल का अपना खिताब बरकरार रखा। इटली की सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने बुधवार रात को मिश्रित युगल मुकाबले के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा व नॉर्वे के कैस्पर रूड को 6-3, 5-7, 10-6 से हराया। इससे पहले स्वियाटेक व रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त पेगुला और जैक को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी व वाव सोरी ने डेनियल व हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया।

# बीसीसीआई ने अगरकर का कान्ट्रैक्ट बढ़ाया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर का कान्ट्रैक्ट बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वे जून 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अब तक इस मामले पर कोई बयान नहीं आया है। पूर्व तेज गेंदबाज अगरकर को जुलाई 2023 में टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया था। अगरकर के कार्यकाल में टीम इंडिया 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी। जहां उसे आस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली थी। आईपीएल 2025 से पहले कान्ट्रैक्ट रिन्यू किया गया था रिपोर्ट के मुताबिक, अगरकर का कान्ट्रैक्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले रिन्यू किया गया था। एक बीसीसीआई अधिकारी ने बताया, उनके कार्यकाल में भारतीय टीम ने खिताब जीते और बदलाव (टेस्ट और टी-20 में) भी देखा। बीसीसीआई ने उनका



**● बीसीसीआई की ओर से अब तक इस मामले पर काई बयान नहीं आया है, अजीत अगरकर को 2023 में टीम का सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया था**

कान्ट्रैक्ट जून 2026 तक बढ़ा दिया था और उन्होंने कुछ महीने पहले इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। अगरकर करियर में 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं। उन्होंने टेस्ट में 58, वनडे में 288 और टी-20 इंटरनेशनल में 3 विकेट लिए हैं। अजित अगरकर 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 15 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया था। साउथ अफ्रीका में हुए टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।

अजित अगरकर वनडे में सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाने वाले भारतीय बैटर हैं। उन्होंने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 21 बाल पर अर्द्धशतक जमाया था। अगरकर ने भारत के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट पूरे किए हैं। उन्होंने 23 मुकाबलों में यह कारनामा किया था। फिलहाल, सिलेक्शन कमेटी में अगरकर, एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरत शामिल हैं, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि सितम्बर में होने वाली एनुअल जरनल बाडी मीटिंग के बाद सीनियर सिलेक्शन कमेटी में कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। शरत सितम्बर 2021 में जूनियर सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष थे और जनवरी 2023 में सीनियर सिलेक्शन कमेटी में प्रमोट हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बोर्ड उनकी जगह किसी नए चेहरे को नियुक्त कर सकता है।

**● आईसीसी ने रैंकिंग में हुई गलती पर सफाई दी**

# गलती की जांच हो रही: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसलि (आईसीसी) ने बुधवार (20 अगस्त) को खिलाड़ियों की रैंकिंग अपडेट की, लेकिन इसमें एक बड़ा ब्लंडर कर दिया। वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब थे। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे।

हालांकि, आईसीसी ने चार घंटे बाद ही गलती में सुधार किया और रैंकिंग अपडेट कर दी। अब आईसीसी ने इस मामले में सफाई दी है। काउंसिल ने विजडन से कहा, इस हफ्ते की रैंकिंग में कई दिक्कतें आई हैं, जिनकी जांच की जा रही है। हालांकि कुछ ही देर बाद टेक्निकल गड़बड़ियां ठीक कर दी गई और रैंकिंग को दोबारा

International Cricket Council

**● वनडे रैंकिंग में रोहित-कोहली के नाम शामिल नहीं थे गलती में सुधार किया**

अपडेट किया गया। इसमें इनएक्टिव खिलाड़ियों को हटा दिया गया और रोहित शर्मा, विराट कोहली को पिछले हफ्ते वाली ही पोजिशन पर बरकरार रखा गया। पहले भी हो चुकी हैं गलतियां आईसीसी की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। 3 साल पहले आईसीसी ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब ढाई घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था। आईसीसी रैंकिंग में 2 बड़ी गलतियां, दोनों बार भारत नंबर-1 बना इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की रैंकिंग में पहले भी गलतियां हो चुकी हैं। 2 मामलों में तो टीम इंडिया को टेस्ट की नंबर-1 टीम बता दिया गया था। बाद में गलती सुधार किया गया। पहली - भारत ढाई घंटे नंबर-1 रहा पहला मामला 18 जनवरी 2022 को हुआ था। जब आईसीसी की आफिशियल वेबसाइट पर दोपहर 1:30 बजे के करीब भारत को नंबर-1 टेस्ट टीम बताया गया। फिर ढाई घंटे बाद ही 4 बजे भारत को नंबर-1 से हटाकर नंबर-2 टेस्ट टीम कर दिया गया।

# महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

**● भारत को पूल 'बी' में रखा गया है जहां उसके मुकाबला जापान, थाईलैंड, सिंगापुर से होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सलीमा टेटे की अगुवाई में आगामी महिला एशिया कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।

चीन के हांग्जो में पांच से 14 सितंबर तक होने वाला इस टूर्नामेंट की विजेता टीम 2026 के एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगी। भारत को पूल बी में रखा गया है, जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा।

टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी, उसके बाद छह सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल-स्टेज मैच आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। सलीमा टेटे की अगुवाई वाली इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतु.लित मिश्रण है, जिसमें गोलक.ीपर बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम पोस्ट के नीचे गहराई प्रदान करेंगी।

रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी, जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थौदम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, कप्तान सलीमा टेटे, लालरेम.सियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसे मजबूत नाम हैं, जो रचनात्मकता और स्थिरता दोनों सुनिश्चित करते हैं। फॉरवर्ड लाइन में अनुभवी और उभरते सितारे नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल का मिश्रण शामिल है।

# रहाणे ने मुंबई की कप्तानी छोड़ी

**● यह निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छी खबर है क्योकि पुजारा का अनुभव टीम के लिए एक बड़ा अनुभव होगा**

**मुंबई, वार्ता।** अजिंक्य रहाणे ने रणजी ट्रॉफी के आगामी सीजन से पहले टीम की कप्तानी छोड़ दी। वहीं अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि वह आगामी सीजन के लिए उपलब्ध हैं।

सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुजारा की उपलब्धता की पुष्टि की। एससीए के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने आगामी रणजी सीजन में खेलने के लिए अपनी तत्परता का संकेत दिया है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छी खबर है क्योंकि उनका अनुभव टीम के लिए एक बड़ा फायदा होगा। भारत के लिए 103 टेस्ट मैच खेल चुके लाल गेंद के दिग्गज 37 वर्षीय पुजारा अब अपने गृह राज्य के लिए केवल बहु-दिवसीय मैचों में ही खेलते हैं। पुजारा ने पिछले सीजन में सात मैचों में 40-2 की औसत से 402 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्द्धशतक शामिल था, जब सौराष्ट्र को गुजरात के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

जून 2023 में द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद से वह भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हैं। हाल ही में पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने का हवाला देते हुए पुजारा को दलीप ट्रॉफी से बाहर कर दिया था। एससीए के एक अधिकारी ने कहा कि सौराष्ट्र को पुजारा के अनुभव से लाभ मिलने की उम्मीद है। रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से शुरू हो रही है,



जिसमें सौराष्ट्र अपने पहले मैच में कर्नाटक से भिड़ेगा।

इस बीच, रहाणे ने एक बयान जारी कर कहा कि अब समय आ गया है कि मुंबई टीम की कमान एक युवा कप्तान के हाथों में दी जाए। उन्होंने कहा कि मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात रही है। नए घरेलू सीजन नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है, इसलिए मैंने कप्तानी की भूमिका जारी नहीं रखने का फैसला किया है। रहाणे ने कहा कि मैं एक खिलाड़ी के तौर पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और मुंबई क्रिकेट के साथ अपना सफर जारी रखूंगा ताकि हम और अधिक ट्रॉफियां जीत सकें। इस सीजन का बेसब्री से इंतजार है।

# इंग्लैंड की विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित

**● ब्रंट की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में हीथर नाइट को शामिल किया गया है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने अगले महीने शुरू होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए नेट शिवर-ब्रंट की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में हीथर नाइट को शामिल किया है। मई में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद से ही नाइट ने क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वह विश्वकप के लिए फिट होने के लिए अच्छी तरह से रिकवरी कर रही हैं। इसके अलावा करीब सात महीने से समय से टीम से बाहर चल रही डैनी वायट-हॉज की भी विश्वकप टीम में वापसी हुई है जिससे इंग्लैंड की बल्लेबाजी को मजबूती मिलेगी। वायट-हॉज ने अंतिम बार एकदिवसीय प्रारूप में जनवरी में ऐशेज के दौरान खेला था। चयनकर्ताओं ने 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्वकप को ध्यान में रखते हुए इंग्लैंड की टीम में चार स्पिनर को शामिल किया है और माया बाउचियर, एलिस डेविड्सन-रिचर्ड्स और केट क्रॉस को विश्व कप दल में जगह नहीं मिल पाई है। सोफी एक्लस्टोन स्पिन आक्रमण की अगुवाई करेंगी और बाएं हाथ की स्पिनर ललसी स्मिथ, ऑफ स्पिनर चार्ली डीन और लेग स्पिनर सारा ग्लेन उनका साथ देंगी। लॉरेन बेल, लॉरेन फाइलर और एम आरलट पर तेजी गेंदबा.जी का दरमदार होगा। वनडे विश्वकप में इंग्लैंड की टीम:- एम आरलट, टैमी बोमॉन्ट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया, सोफी एक्लस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी, हीथर नाइट, एमा लैंब, नेट शिवर-ब्रंट (कप्तान), लिंसी व डैनी वायट-हॉज।

# सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में भारत चिर-प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश से भिड़ने के लिए तैयार

**● नेपाल को 7-0 से हराकर भारत की शानदार शुरूआत के बाद इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी पांच मैच बाकी है**

**भूटान, वार्ता।** सैफ अंडर17 महिला चैंपियनशिप 2025 में नेपाल को 7-0 से हराकर भारत की शानदार शुरुआत के बाद, इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी पांच मैच और बाकी हैं, मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन की राय में, 'पांच परफेक्ट मैच।

अगला मुकाबला बड़ा है। यंग टाइग्रेसेस का सामना 22 अगस्त को यहां चांगलिमथांग स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे बांग्लादेश से होगा। वे इस टूर्नामेंट के इतिहास की दो सबसे सफल टीमें रही हैं, जिन्होंने चार फाइनल खेले हैं और दो-दो जीते हैं।

बांग्लादेश ने पिछले साल पेनल्टी शूटआउट में भारत से सैफ अंडर16 महिला चैंपियनशिप का खिताब छीन लिया था। और चूंकि कई खिलाड़ी मौजूदा अंडर-17 टीम का हिस्सा हैं, इसलिए यह मैच यंग टाइग्रेसेस के लिए अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वियों से बदला लेने का एक सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भारत की तरह, बांग्लादेश ने भी बुधवार शाम मेजबान भूटान को 3-1 से हराकर जीत के साथ शुरुआत की।

हालांकि भारत की 7-0 की जीत आरामदायक लग सकती है, लेकिन शुरुआती 15 मिनट में ऐसा नहीं लगा, कम से कम तब, जब कुछ घबराहट भरे पल आए और गोलकीपर मुन्नी को कुछ बार एक्शन में आना पड़ा। लेकिन राजस्थान की 15 वर्षीय खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरी और सहज थी, और उसने एक योग्य क्लीन शीट हासिल की। एलेक्ज़ेंडरसन ने कहा कि 7-0 से जीतना, जाहिर है, एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन सच कहूं तो, मैं अपनी शुरुआत से संतुष्ट नहीं था।

# प्रेस्टविज का कहर, इंडिया ए की पारी लड़खड़ाई

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** वर्षा प्रभावित इकलौते टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ए की जॉर्जिया प्रेस्टविज (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के आगे गुरुवार को इंडिया ए की टीम पहले दिन लड़खड़ा गई। यहां एलन बॉर्डर मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए को लगातार बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पघ और न्यूनतम 100 ओवरों में से केवल 23-2 ओवर का ही खेल हो पाया। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने मौसम का पूरा फायदा उठाया। प्रेस्टविज ने नई गेंद से ऑस्ट्रेलिया को दूसरे ही ओवर में दोहरी सफलता दिलाई। उन्होंने दूसरे ओवर की पांचवी गेंद पर सलामी बल्लेबाज नंदिनी कश्यप (शून्य) और अगली ही गेंद पर धारा गुज्जर (शून्य) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इंडिया ए का तीसरा विकेट 10वें ओवर में तेजल हसबनिस (नौ) के रूप में गिरा। उन्हें सियाना जिंजर ने मिल्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद अगले ही ओवर में प्रेस्टविज ने स्टार ओपनर शेफाली वर्मा को एक बेहतरीन गेंद पर बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की झोली में चौथा विकेट डाल दिया। शेफाली ने 38 गेंदों में 35 रन की पारी में आठ चौके लगाए। इस समय भारत का स्कोर चार विकेट पर 44 रन था। ऐसे संकट के समय तनुश्री सरकार ने राघवी बिष्ट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

# गिल के उपकप्तान बनने से संजू की जगह को खतरा

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए शुभमन गिल का बतौर उप-कप्तान टी-20 टीम में वापसी करना संजू सैमसन की प्लेइंग-इलेविन में जगह पर बड़ा खतरा साबित हो सकता है। अब जब गिल उप-कप्तान हैं तो जाहिर है प्लेइंग-इलेविन में उनका स्थान करीब-करीब तय है, गिल के लिए यह तो अच्छा मौका है लेकिन इसका असर टी-20 में भारतीय टीम के संयोजन पर भी पड़ेगा। गिल लाल गेंद में तो पहले नंबर-3 और अब नंबर-4 पर खेलते हैं लेकिन सफेद गेंद में वह एक ओपनर हैं। यानी वह अगर प्लेइंग-इलेविन में आते हैं जिसकी संभावना प्रबल है तो फिर उनके लिए अभिषेक शर्मा या सैमसन में से किसी एक को अपना स्थान देना होगा। भारत के लिए पिछले 12 टी-20 से लगातार अभिषेक और सैमसन की जोड़ी ही पारी का आगाज

**● शुभमन गिल के लिए यह तो अच्छा मौका है लेकिन इसका असर टी-20 में भारतीय टीम के संयोजन पर भी पड़ेगा**

कर रही है। अभिषेक और सैमसन की सलामी साझेदारी ने इस दौरान 22-25 की औसत से 267 रन बनाए हैं, जिसमें एक ही बार दोनों के बीच 50+ की साझेदारी हुई और इस जोड़ी ने 9-82 की रन रेट से आक्रामक शुरुआत दिलाई है। इतना ही नहीं इन 12 मैचों में 10 बार भारत के सिर जीत का सेहरा बंधा है और इनमें से तीन बार सैमसन (2) और अभिषेक (1) में से कोई प्लेयर ऑफ द मैच रहा है। अभिषेक ने इस दौरान एक तो सैमसन ने तीन शतक भी जड़े हैं। अब ऐसे आंकड़ों के बावजूद इस सलामी जोड़ी को छेड़ना या तोड़ना हैरान जरूर कर सकता है। लेकिन भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर की





सोच कुछ अलग है, उन्होंने कहा कि सैमसन पारी का आगाज तब कर रहे थे जब सीनियर खिलाड़ी नहीं खेल रहे थे। अगरकर का यह बयान इशारा कर रहा है कि गिल के आने के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव लगभग तय है। अब सवाल ये खड़ा होता है कि गिल अगर ओपन करेंगे तो उनके सलामी साझेदार सैमसन होंगे या अभिषेक। टीम मैनेजमेंट के हाल के फैसले और सोच को समझने की कोशिश की जाए तो इसका जवाब ज्यादा मुश्किल नहीं है। एक तो ये कि टीम मैनेजमेंट अब वैसे खिलाड़ियों को तरजीह देती है जो बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी का भी विकल्प दे सकें। अभिषेक इस श्रेणी में सटीक बैठते हैं क्योंकि वह एक उपयोगी बाएं हाथ के स्पिन गें.दबाज भी हैं। दूसरा उनका मौजूदा फॉर्म और बेजोड़ स्ट्राइक रेट विपक्षी टीम को हक्का बक्का कर देता है। अभिषेक ने भारत के लिए आखिरी टी-20 में 54 गेंदों पर 135 रनों की आतिशी पारी खेली थी।

# दामाद ने की ससुर की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मूंढापांडे।** रामपुर में पति-पत्नी के विवाद में पंचायत लेकर आए ससुराल वालों पर दामाद ने हमला कर ससुर को मौत के घाट उतार दिया जिसमे तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,घटना मिलक जिला रामपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलाईबड़ा गांव निवासी नदीम पुत्र सितार अहमद की शादी लगभग 2 वर्ष पूर्व जनपद मुरादाबाद के ग्राम सिरसखेड़ा थाना मूंढापांडे निवासी अफसर अली की पुत्री अरमाना के साथ हुई थी उसकी ढाई साल की बेटी भी है।



दोनों का पारिवारिक रिश्ता पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रहा था जिसको लेकर कई बार पंचायत का दौर भी चल चुका है बुधवार को करीब शाम 7:00 बजे नदीम के ससुर अफसर अली पत्नी शन्नो, बहन अख्तरी और बहनोई, इस्लाम नदीम के घर पहुंचे और अपनी लड़की को ले जाने को कहने लगे इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई बात गाली गलौज के बाद खूनी संघर्ष में बदल गई,लड़के पक्ष ने लड़की पक्ष पर हमला कर दिया, नदीम, कदीम पुत्र सितार अहमद ने लड़की पक्ष के लोगों पर अवैध पिस्टल से गोलियों की बुछार कर दी जिसमें नदीम के ससुर अफसर अली, शन्नो बहन अख्तरी और बहनोई और साला गंभीर गंभीर रूप से घायल हो गए, लड़की का पिता अफसर अली गंभीर रूप से घायल होने के बाद नीचे गिर गया जिस पर लड़के की माँ ने फावड़े से वार कर दिया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर भेजा जहां पर डॉक्टरों ने अफसर अली को मृत् घोषित कर दिया। और घायलों को बेहतर उपचार जिला चिकित्सालय भेज दिया।



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गंभीर रूप से घायल लड़की के फूफा ने बताया कि हम लोग पंचायत करने के लिए गए थे कि वहां पहुंचते ही नदीम, कदीम सितार अहमद और उमर पुत्र अली अहमद, नूरजहां पत्नी अली अहमद निवासी मुंडिया ने एक राय होकर हम सभी पर हमला बोल दिया पिस्टल से फायर किए और और फावड़ा से हमला कर घटना को अंजाम दिया है,वहीं पीड़ित परिवार का आरोप है कि अगर पुलिस समय रहते कार्यवाही करती तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती।

## यूनिफॉर्म पहनकर सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले बच्चों की तस्वीर होगी फ्लेक्स बोर्ड पर चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** अब परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को यूनिफार्म पहनने के लिए प्रेरित करने के लिए नई पहल की जा रही है। विद्यालयों में जो बच्चे यूनिफार्म पहनकर सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज करेंगे, उनकी तस्वीर फ्लेक्स बोर्ड पर कक्षा के बाहर लगाई जाएगी। खर्च विद्यालयों को मिलने वाले कंपोजिट ग्रांट से वहन किया जाएगा। अन्य बच्चे भी यूनिफार्म पहन कर आने के लिए प्रेरित होंगे। महिला एवं बाल विकास संयुक्त समिति की बैठक में यह सुझाव आया था। कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को यूनिफार्म, स्वेटर, जूता, मोजा और स्कूल बैग खरीदने के लिए सरकार की ओर से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराई जाती है।

## एक नजर

### नगर में धूमधाम से निकली फुल डोल शोभायात्रा सुंदर-सुंदर झांकिया बनीं आकर्षक का केंद्र



**कुंदरकी।** नगर में धूमधाम से निकली फूलडोल शोभायात्रा सुंदर-सुंदर झांकिया बनी आकर्षक का केंद्र। शुक्रवार को भगवान श्री कृष्ण की छठी का पर्व फूलडोल शोभायात्रा श्री शिव मंदिर से शुरू होकर स्टेशन रोड हरियाना रोड होती हुई मेला फुल डाल स्थित जगह पर संपन्न हुई शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ श्री कृष्ण की आकर्षित झांकियां व अन्य देवी देवताओं की उपस्थिति देखते ही बनती थी सड़कों छतो से फूल बरसा कर शोभायात्रा का स्वागत किया फूल डाल स्थित परिसर मेले में बदल गया बच्चों बड़ों ने खाने पीने की चीजों का आनंद लिया शोभायात्रा में शामिल झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। बैंड बाजे की मधुर भजनों पर युवा वर्ग को नाचने पर मजबूर कर दिया जगह-जगह जालपान आदि ने शोभा यात्रा का उत्साह बढ़ाया श्री कृष्ण की छठी के पर्व पर कड़ी चावल का भोग प्रसाद भी लगाया जाता है तथा बांटा जाता है। देर शाम शोभायात्रा वापस मोहल्ला नुरुल्लाह स्थित श्री शिव मंदिर पर आकर संपन्न हुआ सुरक्षा के दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।


# मास्को की धरती पर रूस और अरब को पछाड़ा, बिलारी के कैफ ने लहराया तिरंगा

## रूस में ओपन यूरेशिया वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में झपटे 4 गोल्ड और टाइटल, 22 साल की उम्र में दो इंटरनेशनल टाइटल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने कैफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद/बिलारी।** आई पी सी द्वारा आयोजित ओपन यूरेशिया वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2025 में भारत के युवा खिलाड़ी मोहम्मद कैफ (93 किलोग्राम वर्ग) ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पूरी दुनिया के सामने भारतीय शक्ति का लोहा मनवाया। 17 अगस्त को खेले गये पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारत सहित 39 देशों ने भाग लिया, जिसमें रूस, जॉर्डन, अर्मेनिआ, नॉर्वे, एस्टोनिया, कजाखस्तान, अजरबाईजान, मंगोलिया, दक्षिण अफ्रीका जैसे मजबूत देश भी शामिल थे। क्वार्टर फाइनल के पहले ही राउंड में आधी से ज्यादा टीमें बाहर हो गईं, लेकिन मोहम्मद कैफ ने 190, 220 और 242.5 किलोग्राम की स्क्वॉट लिफ्टों के साथ विरोधियों को वहीं पछाड़ दिया और अगले राउंड में पहुँच गये। इसके बाद बेंच प्रेस में 120, 140 और 155 किलोग्राम उठाकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि भारत का तिरंगा मॉस्को में लहराने वाला है। 19 अगस्त को सेमी फाइनल में उन्होंने 80 किलोग्राम की स्ट्रिक्ट कर्ल और 100 किलोग्राम की पावर कर्ल लगाकर न केवल अरब और रूस के दावेदारों को पछाड़ा बल्कि स्टेडियम में बैठे दर्शकों को भारत के पक्ष में तालियाँ बजाने को मजबूर कर दिया। फाइनल मुकाबले में जब मुकाबला पाँच देशों ख्र अरब, भारत, रूस, अजारबाईजान और कजाखघ्स्तान ख्र के बीच पहुँचा तो हर किसी की नजर मोहम्मद कैफ पर थी। डेडलिफ्ट के लगातार छह प्रयासों में उन्होंने 190, 210, 230, 245, 255 और अन्तिम बार 270 किलोग्राम उठा कर न सिर्फ मुकाबला जीता, बल्कि रूस और अरब दोनों को पीछे छोड़ते हुए तिरंगा लहराया और भारत का मान बढ़ाया। कुल स्कोर 675 किलोग्राम रहा जिसके दम पर उन्होंने डेडलिफ्ट में स्वर्ण,स्क्वाट में स्वर्ण, बेंच प्रेस में स्वर्ण, पावर कर्ल में स्वर्ण तथा ओपन (सभी वजन श्रेणियों के बीच) स्पर्धा में रजत अपने नाम किया। इसके अलावा ओवरऑल सर्वश्रेष्ठ स्कोर (20/17.5) बनाकर उन्होंने "ओपन यूरेशियन चौंपियन" का खिताब भी हासिल कर लिया। मात्र 22 वर्ष की उम्र में मोहम्मद कैफ लगातार दो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में स्वर्ण व ओवरऑल ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गये हैं। उनकी इस अभूतपूर्व जीत से उनकी यूनिवर्सिटी ग्राफिक एरा देहरादून में जश्न का माहौल है जबकि उनके पैतृक घर बिलारी में शुभकामनाएं देने वालो का तांता लगा है।



## सड़क हादसे में महिला घायल, तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर



**कुन्दरकी।** थाना कुन्दरकी क्षेत्र के भीकनपुर कुलवाड़ा के निकट बृहस्पतिवार को एक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार वाहन ने टीवीएस लूना सवार महिला को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां उसका इलाज जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव काफी अधिक रहता है। अव्यवस्थित यातायात और तेज रफ्तार वाहनों के चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सड़क पर यातायात व्यवस्था को बेहतर किया जाए और नियमित गश्त बढ़ाई जाए।

## ईद उल मिलादुन्नबी को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय

**मुरादाबाद।** खुद्दामें गुलामाने ताजदारे मदीना कमेटी की बैठक मे ईद उल मिलादुन्नबी को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। फैजगंज स्थित पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन के निवास पर खुद्दामें गुलामाने ताजदारे मदीना कमेटी की एक बैठक पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें इस बार हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम की यौमे पैदाइश को शान औ शौकत के साथ मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन ने कहा कि सारी कायनात अल्लाह ने अपने नबी के तुफैल मैं बनाई है। उन्होंने बताया कि इस बार जीआईसी तिराहे पर एक विशाल जलसे का आयोजन किया जाएगा। जो हर वर्ष आयोजित किया जाता है इस वर्ष भी आयोजित किया जाएगा बाजारों को सजाया जाएगा लंगर तकसीम किए जाएंगे। इस बैठक में विधायक नासिर कुरेशी मोहम्मद इकबाल अंसारी कैसर अली कुदूसी सलीम वारसी जाकिर अली बेग मोहम्मद जान तुर्की मिर्जा सरवर बेग आजम पहलवान शोएब हसन पाशा अहमद मुरादाबाद पप्पू हाजी फहीम अरबाज खान नोमान मंसूरी अहमद कलीम इसरार सैयद आरिफ अली मोहसिन मिर्जा अलीम सैयद हाशिम अली आदि मौजूद रहे।

## हत्यारों को कठोर सजा की मांग को लेकर युवाओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**कांठ।** हरियाणा के भिवानी में 12 अगस्त को हुई मनीषा की निर्मम हत्या को लेकर आज नगर के युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा वह इकट्ठा होकर तहसील पहुंचे और हरियाणा के मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन तहसीलदार को देकर हत्या करने वालों को कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की। तहसील पहुंचे उस्मान उर्फ राजा भैया अरसलम बुमराह और रिजवान अल्वी ने कहा कि इस तरह के जघन्य अपराध के लिए समाज में कोई जगह नहीं है यह समाज के लिए कलंक है और इससे आम जनता में भय का माहौल बन जाता है उन्होंने कहा कि दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जाए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए इस घटना की जांच उच्च स्तरीय समिति से कराई जाए और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने की उम्मीद जताई ।इस अवसर पर दर्जन भर युवा मौजूद रहे।

# टीएमयू के दीक्षारम्भ में न्यू स्टूडेंट्स शिक्षा-संस्कृति से रूबरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के ऑडी में शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं को पांच दिनी दीक्षारम्भ 2025- इंडक्शन प्रोग्राम में यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया, स्पोर्ट्स, लाइब्रेरी, व्यक्तित्व विकास, को-करिकुलर एक्टिविटीज के संग-संग करियर, अनुशासन, कायदे-कानून, शिक्षा-संस्कृति को लेकर विस्तार से समझाया गया। इस इंडक्शन प्रोग्राम में वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसके सिंह, ज्वाइंट कंट्रोलर एग्जाम प्रो. एके सक्सेना, डायरेक्टर सीटीएलडी प्रो. पंकज कुमार सिंह, फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा, चीफ लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन, ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. वैभव रस्तोगी, श्री दीपक यादव आदि ने अपने-अपने विभागों की वर्किंग के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है, इको फ्रेंडली एवम् नैक से ए ग्रेड प्राप्त तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी 130 एकड़ में आच्छादित है। यूनिवर्सिटी के वातानुकूलित ऑडी में कॉलेजवार मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण के संग दीक्षारम्भ प्रोग्राम का श्रीगणेश हुआ। इंडक्शन प्रोग्राम में कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सीसीएसआईटी, एफओई, टिमिट, पैरामेडिकल, फिजियोथैरेपी, फार्मेसी, एग्रीकल्चर, फिजिकल एजुकेशन, एजुकेशन, फाइन आर्ट्स और लॉ कॉलेज के हजारों-हजार नवागत विद्यार्थियों ने शिरकत की। दीक्षारम्भ इस प्रोग्राम में प्रो. एसपी सुभाषिनी, डॉ. जेसलीन एम., प्रो. श्योली सेन, प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. विपिन जैन, प्रो. नवनीत कुमार, प्रो. शिवानी एम. कौल, डॉ. आशु मित्तल, प्रो. प्रवीन कुमार जैन, डॉ. विनोद जैन, श्री रविन्द्र देव आदि ने अपने-अपने कॉलेजों की रीति नीति के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया। इंडक्शन प्रोग्राम में एआर श्री दीपक मलिक की भी सक्रिय भूमिका रही। उल्लेखनीय है, यूजीसी की गाइडलाइंस के तहत इंडक्शन प्रोग्राम का मकसद न्यू स्टुडेंट्स को इंट्रोडक्शन के संग-संग सकारात्मक सोच और आत्म विश्वास बढ़ाने में मदद करना है।



## वृक्षों की उपयोगिता पर बच्चों ने बनाई पेंटिंग, दिया हरियाली का संदेश



**कांठ।** मांन नगर प्राथमिक विद्यालय में सहयोगात्मक सुपरविजन करने पहुंची एआरपी वर्षा चौधरी के समक्ष बच्चों ने इको क्लब योजना के अंतर्गत वृक्षो की उपयोगिता पर आकर्षक पोस्टर बनाकर उन्हें आश्चर्य चकित कर दिया। उन्होंने बच्चों का सहयोगात्मक सुपरविजन किया और प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी ने वृक्षों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि जहां हरियाली है वहां खुशियली है। और इसके प्रति बच्चों को जागरूकता का संदेश दिया। गतिविधि में अल्फैज अलफिजा राधिका अदीबा हयात परिनीता ने प्रतिभाग किया

## राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए शौर्य बिश्नोई व असमित बिश्नोई का चयन




**कांठ।** 18 अगस्त को विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज रामपुर द्वारा शहीद ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम वमनपुरी रामपुर में आयोजित मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा के छात्र शौर्य विश्नोई एवं असमित बिश्नोई ने खेल शिक्षक पदम सिंह के दिशा निर्देशन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 सीनियर वर्ग के डबल्स मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्थान प्राप्त करने पर दोनों छात्र शौर्य बिश्नोई व असमित बिश्नोई का चयन प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने खेल शिक्षक पदम सिंह व खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल व्यायाम का एक उत्तम साधन है अतः सभी छात्रों को खेलों में पूरी मेहनत और लगन से प्रतिभाग करना चाहिए। खेल शिक्षक पदम सिंह ने बताया कि शौर्य बिश्नोई व असमित बिश्नोई 9 सितंबर से 11 सितंबर तक बरेली में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## पुलिस पेंशनर्स की बैठक में नहीं मिली कोई शिकायत

**कांठ।** पुलिस पेंशनर्स की बैठक का आयोजन थाना कांठ में किया गया जिसमें पेंशनर्स को बुलाकर उनसे समस्याओं के बारे में जानकारी की गई। लेकिन किसी भी पेंशनर्स ने अपनी शिकायत दर्ज नहीं कराई थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने पेंशनर्स को साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया और बताया कि अपनी सारी उम्र की कमाई को बचाए रखने के लिए साइबर अपराधियों से सतर्कता रखना जरूरी है।

इस दौरान अज्ञात व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार न करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। बैठक में दो दर्जन के करीब पेंशनर्स मौजूद रहे।

# लोन माफी का झांसा बन गया ठगी का जाल

## साइबर क्राइम व एसओजी की संयुक्त कार्रवाई, पांच अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल पुलिस ने एक बड़े साइबर अपराध का खुलासा करते हुए ऐसे संगठित गिरोह को पकड़ा है, जो लोन माफी का झांसा देकर भोले-भाले लोगों के बैंक खातों पर कब्जा कर करोड़ों रुपये का अवैध लेन-देन कर रहा था। यह गिरोह कई महीनों से सक्रिय था और लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए पहले उनसे संपर्क करता, फिर लोन माफी या अन्य किसी बहाने से उनका विश्वास जीतकर बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड अपने कब्जे में ले लेता। उसके बाद इन्हीं खातों का इस्तेमाल देशभर में फैले ऑनलाइन सट्टेबाजी के अवैध नेटवर्क में किया जाता था। मामला तब उजागर हुआ जब चन्दौसी निवासी दीनदयाल और उनकी पत्नी मीना के साथ ठगी हुई। उन्हें बदायूं निवासी ऋषिपाल यादव ने 10-10 हजार रुपये का बैंक लोन माफ कराने का लालच दिया और उनकी पासबुक और एटीएम अपने पास ले लिए। बाद में उनके खातों से करोड़ों रुपये का लेन-देन सामने आया और जब पुलिस से नोटिस आया, तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए इस गैंग की गहन जांच शुरू की और महज कुछ ही दिनों में पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर दिया।

गिरोह के तार केवल सम्भल और चन्दौसी तक सीमित नहीं थे, बल्कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और नेपाल तक फैले हुए पाए गए। यह गिरोह अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए फ्रेंचाइजी मॉडल पर काम कर रहा था। दिल्ली के शालीमार बाग में इनकी एक फ्रेंचाइजी संचालित हो रही थी, जिसे जय कक्कड़ और आदित्य गुप्ता चला रहे थे। इसी नेटवर्क से जुड़ा हुआ इंगित कोहली, जो मूल रूप से चन्दौसी का निवासी है और इस समय पंचकूला हरियाणा में रह रहा था, गिरोह में अहम भूमिका निभा रहा था। उसका साथी अमित वार्ष्णेय, निवासी ब्रह्म बाजार, चन्दौसी भी इसमें शामिल था। गिरोह के सरगना ऋषिपाल यादव के अलावा नेपाल के पुष्कर सारकी और पंजाब निवासी पवन कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। इस तरह पुलिस ने पांच आरोपियों को दबोचकर गिरोह के बड़े हिस्से को ध्वस्त कर दिया है।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। आरोपियों के कब्जे से तीन लैपटॉप, एक जियो नेटबॉक्स, पांच पीओएस मशीनें, इक्कीस मोबाइल फोन, एक रेडमी मोबाइल, एक सौ तिरासी बैंक खातों के चेक, बीस सिम कार्ड, चालीस डेबिट और क्रेडिट कार्ड, सत्रह क्यूआर कोड स्कैनर तथा कई पासबुक और दस्तावेज बरामद किए गए। इनमें चन्दौसी निवासी दीनदयाल और मीना की पासबुक भी शामिल हैं, जिनका दुरुपयोग कर यह ठगी की गई थी।

पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार ने बताया कि यह गिरोह एक अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़ा हुआ है और लंबे समय से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी के जरिए धन शोधन और ठगी जैसी गतिविधियों में सक्रिय था। उनके अनुसार, गिरोह में और भी कई लोग शामिल हो सकते हैं जिनकी तलाश जारी है। पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल लाखों रुपये की ठगी का पर्दाफाश हुआ है बल्कि यह भी स्पष्ट हो गया है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी का अवैध कारोबार किस तरह भोले-भाले लोगों को शिकार बना रहा है। सम्भल पुलिस की साइबर क्राइम शाखा और एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई को जिले में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

**कुंदरकी।** गुरुवार को हबीबी इंस्टीट्यूट आफ हायर एजुकेशन गुरेर डींगरपुर मुरादाबाद में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा ष्साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियानष एवं ष्सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियानष्कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना थाना - मैनाठेर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्री अजय कुमार द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की गई साथ ही साथ सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन मोहम्मद जीशान जी ,प्राचार्य डॉ सुनील कुमार, ललित मिश्रा , कर्मचारी रामौतार आदि उपस्थित रहे।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें,
अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल


amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

# देर आयद, दुरुस्त आयद

संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन ऑनलाइन गेमिंग बिल को राज्यसभा में पास कर दिया गया। सरकार को देर से ही सही, लेकिन लोगों के पैसों को सुरक्षित रखने के लिए बिल लाना ही पड़ा, क्योंकि यह लत देश के लोगों की आर्थिक स्थिति को खराब कर रही थी, जिसकी वजह से हर चौथे घर में झगड़े होते रहते हैं। अब देखना यह है कि सरकार इस बिल को किस प्रकार अमल में लाती है और इसकी जिम्मेदारी किसको दी जाती है। अगर इस बिल का सही क्रियान्वयन हुआ, तो यह लोगों के लिए अच्छा साबित होगा और यदि किसी ऐसे अधिकारी को इसकी जिम्मेदारी दी गई, जो भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है, तो इस बिल की आड़ में और ज्यादा भ्रष्टाचार पनपने लगेगा, इसलिए सरकार को सोच-समझकर कदम उठाना है।

सत्र की शुरुआत 21 जुलाई से हुई थी। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर इस सत्र में बहुत कम कामकाज हुआ है। एक महीने लंबे सत्र के दौरान लोकसभा ने 12 और राज्यसभा ने 15 विधेयक पास किए, लेकिन बार-बार व्यवधान, स्थगन और बायकॉट जारी रहा। आखिरी दिन की कार्यवाही के दौरान सदन में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। इसके साथ लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस बिल का मकसद ऑनलाइन मनी गेम्स और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से बैन लगाना और ई-स्पोर्ट्स व सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है। हर साल करीब 45 करोड़ लोग इन ऑनलाइन मनी गेम्स के चक्कर में फंसकर 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक गंवा देते हैं। केंद्र सरकार ऑनलाइन गेमिंग से लोगों को हो रहे वित्तीय और सामाजिक नुकसान को रोकने के लिए यह बिल लाई है। इसका नाम प्रमोशन एंड रेग्युलेशन आफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 है। हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन मनी गेम्स के जाल में फंसकर नुकसान उठाते हैं। इन गेम्स की लत सिर्फ पैसों का नुकसान ही नहीं, बल्कि एक सामा. जिक संकट बन चुकी है।

एक अनुमान के अनुसार इन गेम्स की वजह से आम लोगों को हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसकी लत की वजह से सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। कई तो आत्महत्या और हिंसा जैसा गंभीर कदम भी उठा लेते हैं। ऑनलाइन गेम ने देशभर में युवाओं को पूरी तरह से जकड़ लिया है। बर्बादी का ऑनलाइन खेल इन दिनों इंटरनेट पर खुलेआम चल रहा है। इसके अलावा गेम के द्वारा ऑनलाइन पैसा कमाने का धंधा भी जोरों पर है। खुलकर कहा जाए तो ऑनलाइन गेम खेलने का धन्धा कह सकते है। इंटरनेट का ज्ञान रखने वाले लड़के हो या लड़की इसी तरह से पैसा कमाने के लिए अग्रसर हो रहे है। हालंकि मिडल क्लास के पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि वह महंगा मोबाइल फोन लैपटॉप और रिचार्ज का पैसा उपलब्ध करा सके। इसलिए अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ये गलत काम करने के लिए प्रेरित होते हैं और अंतत: आज की युवा पीढ़ी गलत रास्ते पर चलने लगती है और शॉर्टकट से पैसा कमाने के लिए इन ऑनलाइन गेम का सहारा लेती है।

## डर सबको लगता है



एक्सियम मिशन के तहत हम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में दो हफ्ते रहे, मैं मिशन पायलट था, मैं कमांडर था मैं सिस्टम को कमांड कर रहा था, आईएसएस में दो हफ्ते के दौरान हमने कई एक्सपेरिमेंट किए। कुछ तस्वीरें लीं, इसके लिए हमने कई ट्रेनिंग ली, यह एक अलग ही अनुभव था, अगर हम कहें कि डर कभी नहीं लगता, ये कहना गलत होगा, डर सबको लगता है, लेकिन हमारे पीछे एक भरोसेमंद टीम होती है, जिसे हम अपनी जिंदगी सौंप देते हैं, ह्यूमन स्पेस मिशन को अंजाम देने का फायदा सिर्फ ट्रेनिंग तक ही सीमित नहीं है, वहां रहकर जो अतिरिक्त ज्ञान हमें मिलता है, वह अमूल्य है।

**-शुभांशु शुक्ला**
**इंडियन एस्ट्रोनाट**

# विश्वास की परीक्षा





**एस.वाई. कुरैशी**

चुनाव आयोग की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता रही है। यदि लोगों का भरोसा कम होता है, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ सकता है।

पारदर्शिता को लेकर कोई समझौता न करते हुए चुनाव आयोग को फिर से अपने सबसे कठोर, सबसे निष्पक्ष स्वरूप में लौटना होगा। विश्वास पुन: अर्जित करने के लिए, चुनाव आयोग को हर नाम, हर बदलाव और हर मतदाता सूची संशोधन के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से साझा करना होगा। मतदाता सूची का सही और पारदर्शी प्रबंधन लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। चुनाव आयोग का आदर्श वाक्य होना चाहिए, हर वोट मायने रखता है, हर वोटर मायने रखता है।

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की जीवनरेखा हैं, और मतदाता सूची उसका मूल आधार है। यदि सही, सटीक, अद्यतन और विश्वसनीय मतदाता सूची नहीं हो, तो लोकतंत्र गंभीर खतरे में पड़ सकता है। विशेष रूप से हमारे जैसे विशाल और विविध देश में, जहां मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है, मतदाता सूची का सटीक और निरंतर अद्यतन एक असाधारण तार्किक और लोकतांत्रिक अभ्यास है। यह एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत का व्यावहारिक रूप है।

भारत का चुनाव आयोग ECI, जिसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का संवैधानिक दायित्व सौंपा गया है, दशकों से इस जिम्मेदारी को निभा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी बार-बार यह दोहराया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव मूलभूत संवैधानिक अधिकार हैं और मतदाता सूची की सटीकता इस प्रक्रिया की आत्मा है।

पारदर्शिता हमेशा से चुनाव आयोग का मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। मतदाता सूची सभी के लिए खुली रहती है, आपत्तियों के लिए आमंत्रित किया जाता है और सभी हितधारकों को भाग लेने का अवसर दिया जाता है। चुनाव आयोग का यह खुलापन इसे वर्षों से भारी सार्वजनिक भरोसा दिलाता रहा है। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज CSDS द्वारा 2000-2009 के बीच किए गए सर्वेक्षणों में, चुनाव आयोग को भारत की सबसे भरोसेमंद सार्वजनिक संस्था पाया गया, जिसकी विश्वसनीयता 85-87 प्रतिशत तक रही। 2007 का एक महत्वपूर्ण प्रयोग SAD मतदाता, मतदाता सूची प्रबंधन में सबसे उल्लेखनीय प्रयोगों में से एक 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान हुआ। उस समय चुनाव आयोग ने एक नई समस्या का समाधान करने के लिए एक अभिनव तरीका अपनाया। समस्या थी SAD - Shifted Absent Dead, यानी स्थानांतरित, अनुपस्थित और मृत मतदाता। इन्हें हटाना विवाद और गड़बड़ी का कारण बन सकता था, इसलिए चुनाव आयोग ने इनके नाम हटाने की बजाय एक अलग सूची बनाई। इस सूची के मतदाताओं को एक विशेष पहचान दी गई और उन्हें मतदान केंद्र पर सत्यापन के बाद ही वोट डालने की अनुमति दी गई। इन लोगों की जिम्मेदारी प्रेसाइडिंग ऑफिसर को दी गई। जब SAD मतदाता मतदान करने आते, तो अधिकारी उनके कागजातों की जांच करता और फिर तय करता कि उन्हें वोट डालने की अनुमति दी जाए या नहीं। इस प्रक्रिया से 2007 का प्रयोग बहुत सफल रहा। गुजरात में SAD मतदाताओं में से 42 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे, जिससे स्पष्ट हुआ कि यह प्रभावी था।

**2011 से आगे- राष्ट्रीय मतदाता दिवस**

2011 में चुनाव आयोग ने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। इसका उद्देश्य था लोकतंत्र की भावना को बढ़ावा देना और मतदाता भागीदारी में सुधार लाना। हर साल, नए मतदाताओं को शामिल करना और जागरूक बनाना आयोग की प्राथमिकता रही है। हाल के वर्षों में, चुनाव आयोग ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया, स्पेशल समरी रिवीजन SSR इस प्रक्रिया के तहत हर साल मतदाता सूची को अपडेट किया जाता है। लेकिन 2023-24 में, बिहार की मतदाता सूची से जुड़े एक विवाद ने चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए। रिपोर्टों के अनुसार, बिहार की मतदाता सूची में संशोधन के दौरान 65 लाख नामों को हटाया गया, जिनमें से 22 लाख दोहराए गए, 36 लाख स्थाई रूप से गुम हो गए और 7 लाख संदिग्ध डुप्लीकेट पाए गए। इससे लोगों के बीच चिंता और अविश्वास फैल गया।

जब इन परिवर्तनों पर जनता को स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, तो पारदर्शिता पर प्रश्न उठे। अंतत: 14 अगस्त 2024 को चुनाव आयोग को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना पड़ा कि बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख नाम हटाए गए हैं, लेकिन फिर भी नामों की विस्तृत सूची, कारण और सत्यापन के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए।

**विश्वास बहाल करने की आवश्यकता**

चुनाव आयोग की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता रही है। यदि लोगों का भरोसा कम होता है, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ सकता है। पारदर्शिता को लेकर कोई समझौता न करते हुए चुनाव आयोग को फिर से अपने सबसे कठोर, सबसे निष्पक्ष स्वरूप में लौटना होगा। विश्वास पुन: अर्जित करने के लिए, चुनाव आयोग को हर नाम, हर बदलाव और हर मतदाता सूची संशोधन के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से साझा करना होगा। मतदाता सूची का सही और पारदर्शी प्रबंधन लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। चुनाव आयोग का आदर्श वाक्य होना चाहिए, हर वोट मायने रखता है, हर वोटर मायने रखता है।

(लेखक पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# कॉफी पाउडर में कॉकरोच: मन में बढ़ता संकट

**कॉफी पाउडर में कॉकरोचों की मिलावट और अन्य खाद्य पदार्थों में पशु-आधारित सामग्री का मिश्रण न केवल एक स्वास्थ्य संकट है, बल्कि यह शाकाहारी लोगों के विश्वास और मूल्यों पर भी हमला है। यह समय है कि हम खाद्य मिलावट के खिलाफ एकजुट हों और अपने भोजन की शुद्धता और सुरक्षा को सुनिश्चित करें। सरकार, खाद्य कंपनियों और उपभोक्ताओं को मिलकर इस समस्या का समाधान करना होगा ताकि हमारा भोजन और पेय न केवल स्वादिष्ट हो, बल्कि शुद्ध और नैतिक भी हो। कॉफी का एक कप हमें ताजगी और खुशी देता है, और यह हमारा अधिकार है कि यह शाकाहारी और सुरक्षित रहे।**



**रजनीश कपूर**

भारत में कॉफी और चाय न केवल एक पेय हैं, बल्कि यह हमारे सामाजिक मेलजोल और रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। सुबह की ताजगी हो या दोस्तों के साथ गपशप, कॉफी का एक कप हमें जोड़ता है। लेकिन क्या हो अगर यह कॉफी, जिसे हम शुद्ध और शाकाहारी मानते हैं, वास्तव में शाकाहारी न हो? हाल ही में सोशल मीडिया में कुछ खबरों और अध्ययनों ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया है कि कॉफी पाउडर में कॉकरोच जैसे कीड़ों की मिलावट हो सकती है। यह न केवल खाद्य सुरक्षा का सवाल उठाता है, बल्कि उन लाखों शाकाहारी लोगों के विश्वास को भी तोड़ता है जो अपने आहार को लेकर सजग रहते हैं। पेयों और खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट की समस्या एक गंभीर मुद्दा है जिसे हल्के में नहीं लेना चाहिए।

कॉफी पाउडर में कॉकरोच की मौजूदगी का विचार ही किसी के लिए भी घृणित हो सकता है। लेकिन यह केवल एक डरावनी कहानी नहीं, बल्कि एक वास्तविकता है जो खाद्य प्रसंस्करण और गुणवत्ता नियंत्रण की कमियों को उजागर करती है। कुछ अध्ययनों और उपभोक्ता शिकायतों के अनुसार, सस्ते और निम्न गुणवत्ता वाले कॉफी पाउडर में कीड़े, कॉकरोचों के अवशेष और अन्य अशुद्धियां पाई गई हैं। यह समस्या विशेष रूप से उन ब्रांडों में देखी गई है जो लागत कम करने के लिए निम्न गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग करते हैं या जिनके उत्पादन इकाइयों में स्वच्छता मानकों का पालन नहीं होता। कॉकरोच जैसे कीड़े न केवल कॉफी को अशुद्ध करते हैं, बल्कि इसे शाकाहारी पेय की श्रेणी से बाहर भी ले जाते हैं। भारत जैसे देश में, जहां शाकाहार न केवल एक आहार है, बल्कि एक धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्य भी है, यह एक गंभीर मुद्दा है। शाकाहारी लोग अपने भोजन और पेय में पशु-आधारित सामग्री से बचते हैं, लेकिन ऐसी मिलावट उनकी पसंद और विश्वास का उल्लंघन करती है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि नैतिकता और विश्वास का भी सवाल है। वहीं यदि कोई कॉफी के साबुत बीन्स को स्वयं ही पीस कर कॉफी बनाए तो उसमें मिलावट का डर नहीं रहता। कॉफी पाउडर में कॉकरोचों की मिलावट केवल एक उदाहरण है। खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या भारत में लंबे समय से चली आ रही है। दूध, मसाले, शहद, घी और यहां तक कि अनाज जैसे रोजमर्रा के खाद्य पदार्थ भी मिलावट का शिकार हैं। उदाहरण के लिए, दूध में पानी, यूरिया या डिटर्जेंट मिलाने की खबरें आम हैं। मसालों में कृत्रिम रंग, चूरा या ईंट का पाउडर मिलाया जाता है। शहद में चीनी का सिरप और घी में वनस्पति तेल की मिलावट कोई नई बात नहीं है। इनमें से कई मिलावटें न केवल शाकाहारी भोजन को प्रभावित करती हैं, बल्कि कुछ मामलों में पशु-आधारित सामग्री भी शामिल हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ सस्ते घी ब्रांडों में पशु वसा द्धंदपउंसजिक्ष की मिलावट भी पाई गई है, जिसे शाकाहारी लोग पूरी तरह से अस्वीकार करते हैं। इसी तरह, कुछ मिठाइयों और बेकरी उत्पादों में अंडे या पशु-आधारित जेलाटिन का उपयोग होता है, जिसे पैकेजिंग पर स्पष्ट रूप से नहीं बताया जाता। यह शाक. ाहारी उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ा धोखा है, जो अपने भोजन को लेकर सावधानी बरतते हैं। मिलावट का प्रभाव केवल स्वाद या गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, यह स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। कॉकरोच और अन्य कीड़े बैक्टीरिया और रोगजनकों के वाहक हो सकते हैं, जो कॉफी के सेवन से पेट की बीमारियों, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, मिलावटी खाद्य पदार्थों में रासायनिक पदार्थों का उपयोग, जैसे कृत्रिम रंग या संरक्षक, दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कैंसर, गुर्दे की बीमारी और हृदय रोगों को जन्म दे सकता है।

नैतिक दृष्टिकोण से, यह उपभोक्ताओं के साथ विश्वासघात है। शाकाहारी लोग अपने आहार को लेकर इसलिए सजग रहते हैं क्योंकि यह उनकी धार्मिक, सांस्कृतिक या पर्यावरणीय मान्यताओं का हिस्सा है। जब उन्हें पता चलता है कि उनके द्वारा खाया या पिया गया भोजन शाकाहारी नहीं है, तो यह उनके विश्वास और मूल्यों पर चोट करता है। इसके अलावा, यह खाद्य कंपनियों और नियामक संस्थानों पर सवाल उठाता है कि वे उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं।

मिलावट की समस्या के कई कारण हैं। पहला, लागत कम करने की होड़ में कुछ निर्माता निम्न गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग करते हैं और स्वच्छता मानकों की अनदेखी करते हैं। दूसरा, खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन न होना और निरीक्षण की कमी। तीसरा, उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी, जिसके कारण वे सस्ते और मिलावटी उत्पादों को खरीद लेते हैं। इस समस्या का समाधान तभी संभव है जब सभी हितधारक मिलकर काम करें। सरकार को खाद्य सुरक्षा मानकों को और सख्त करना चाहिए और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करना चाहिए। खाद्य कंपनियों को पारदर्शिता बरतनी चाहिए और अपने उत्पादों की सामग्री को स्पष्ट रूप से पैकेजिंग पर उल्लेख करना चाहिए। उपभोक्ताओं को भी जागरूक होना होगा और विश्वसनीय ब्रांडों को चुनना होगा। इसके अलावा, शाकाहारी लोग अपने भोजन की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए घर पर कॉफी बीन्स को पीसने या प्रमाणित शाकाहारी उत्पादों का उपयोग करने जैसे विकल्प चुन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खंडहरों में फलस्तीन: युद्ध की असहनीय कीमत



**के.सी. त्यागी**

जैसे-जैसे राजनीतिक अस्थिरता गहराती जा रही है और वैश्विक शक्तियां गाजा के भविष्य पर बहस कर रही हैं, लाखों फलस्तीनी अनिश्चित और भयावह भविष्य का सामना कर रहे हैं। 7 अक्टूबर 2003 को हमास लड़ाकों ने सफलतापूर्वक इजराइल पर एक बड़ा हमला किया, लेकिन इसकी जो कीमत फिलिस्तीनियों को चुकानी पड़ रही है, वह दिल दहला देने वाली है। इस युद्ध से हुई तबाही से उबरने में फिलिस्तीन को सदियों लग सकते हैं। यह युद्ध 15 महीनों से अधिक समय तक चला, और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, फलस्तीन को फिर से बनाने में 350 से अधिक वर्ष लग सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, सिर्फ पहले चार महीनों में हुए नुकसान की कीमत लगभग 18.5 अरब डॉलर आंकी गई है। फिलहाल, गाजा की लगभग 69 प्रतिशत संरचनाएं या तो पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हैं। केवल गाजा क्षेत्र में 50 मिलियन टन से अधिक मलबा जमा हो चुका है, जिसे साफ करने में भी 15 साल से अधिक का समय लग सकता है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक की रिपोर्टों के अनुसार, गाजा में जमा मलबा मिस्र के ग्रेट पिरामिड ऑफ गीजा के आकार से लगभग 12 गुना बड़ा है। यदि प्रतिदिन 100 ट्रक लगातार मलबा साफ करें, तब भी इसे पूरी तरह हटाने में 15 साल से अधिक का समय लगेगा।



**मानव जीवन की भयावह कीमत**

गाजा में तबाही के कारण तीन पीढ़ियां अपने स्थाई घर खो चुकी हैं और उन्हें लंबे समय तक विस्थापित रहना होगा। अब तक 58,000 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें 44 प्रतिशत बच्चे हैं। जो बच्चे जीवित बचे हैं, वे भी बेहद खराब परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं। वे लगातार बीमारियों, तनाव, आघात, अवसाद और भय से जूझ रहे हैं। फिलिस्तीन के बच्चों पर किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 96 प्रतिशत बच्चों ने कहा कि वे अब जीवित नहीं रहना चाहते। जिन बच्चों ने 16 वर्ष की आयु पूरी की, उनमें 72 प्रतिशत लड़कियां और 68 प्रतिशत लड़के आत्महत्या के विचार व्यक्त करते हैं। नीदरलैंड्स की एक संस्था वर्ल्ड चाइल्ड अलायंस ने रिपोर्ट दी है कि 92 प्रतिशत माता-पिता ने अपने बच्चों को लगातार हिंसा और युद्ध से बचाने में असमर्थता व्यक्त की है।

**अर्थव्यवस्था का पतन**

विश्व बैंक का अनुमान है कि केवल पहले चार महीनों में गाजा की अर्थव्यवस्था को जितना नुकसान हुआ, वह वेस्ट बैंक और गाजा की संयुक्त वार्षिक अर्थव्यवस्था के बराबर है। प्रमुख सड़कें गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, पानी और बिजली की आपूर्ति ठप हो चुकी है, और अस्पतालों की कार्यक्षमता पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है।

**राजनीतिक अस्थिरता और वैश्विक प्रतिक्रिया**

इस स्थिति ने फिलिस्तीन के भीतर राजनीतिक उथल-पुथल पैदा कर दी है। फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतएह ने इस्तीफा दे दिया और अपने इस्तीफे में स्वीकार किया कि गाजा के लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नेतृत्व में किए गए सैन्य अभियानों और इजराइल के हमलों ने इस मानवीय संकट को और गहरा बना दिया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम संकल्प का समर्थन 158 देशों ने किया, लेकिन जमीनी हालात में कोई बदलाव नहीं आया। गाजा के पुनर्निर्माण में अब अरब देशों, यूरा. ेपीय संघ और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है, लेकिन राजनीतिक टकराव और प्रतिबंध पुनर्निर्माण को धीमा कर रहे हैं।

**रोजगार, विस्थापन और भुखमरी**

हमास के हमले के बाद इजराइल ने लगभग 80,000 फिलिस्तीनी मजदूरों के परमिट रद्द कर दिए, जिससे बेरोजगारी 40 प्रतिशत तक पहुंच गई। वहीं, मुद्रास्फीति 3.6 प्रतिशत बढ़ गई और भोजन तथा ईंधन की कीमतें दोगुनी हो गईं। इसके अलावा, अमेरिका और यूरोपीय देशों ने गाजा के लिए वित्तीय सहायता सीमित कर दी है। इसने मानवीय संकट को और भी गंभीर बना दिया है। गाजा में स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ध्वस्त हो चुकी हैं, अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं, और लोग भूख से मर रहे हैं।

**क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक कूटनीति**

कई अरब देश, जैसे सऊदी अरब, कतर, जॉर्डन और तुर्की, इजराइल के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। वहीं, अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देश हमास के खिलाफ खड़े हैं। यह राजनीतिक विभाजन गाजा संकट को और भी जटिल बना रहा है। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक इजराइल और फिलिस्तीन के बीच एक व्यापक शांति समझौता नहीं होता, तब तक यह संकट और गहराता जाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि यदि गाजा में पुनर्निर्माण और राहत कार्य तुरंत शुरू नहीं हुए, तो आने वाले वर्षों में मानवीय त्रासदी और भी भयावह हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत नहीं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार

## जयशंकर ने अमेरिका और यूरोप पर साधा निशाना

**मास्को।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा हम रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं हैं, वह यूरोपीय संघ है। 2022 के बाद रूस के साथ व्यापार में सबसे तेज बढ़त भी हमारे साथ नहीं हुई, बल्कि दक्षिण के कुछ अन्य देशों के साथ हुई है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जिसे अमेरिकी प्रशासन खुद कहता आया है कि हमें वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है। वैसे, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और वह मात्रा बढ़ रही है। इसलिए, ईमानदारी से कहूं तो जो तर्क मीडिया की ओर से दिया गया है, वह हमें पूरी तरह से उलझाने वाला और अस्पष्ट लगता है। इससे पूर्व रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष एस, जयशंकर के साथ बैठक की। इस दौरान



**कहा: चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार, हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं, यूरोपीय संघ एलएनजी का सबसे बड़ा खरीदार है**

उन्होंने कहा, हमें आपको मास्को में देखकर खुशी हो रही है। मुझे पता है कि आपका कल का दिन व्यस्त था। आपने उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव के साथ व्यापार और आर्थिक मामलों की अंतर-सरकारी आयोग की बैठक की, जो सफल रही। लावरोव ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आज हमें राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा का अवसर मिलेगा। हम अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखते हैं और हमें उम्मीद है कि हम इन संबंधों को पूरी तरह सही ठहराएंगे। उन्होंने आगे कहा, हम अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक नई व्यवस्था बनते हुए देख रहे हैं, जो एक बहुध्रुवीय व्यवस्था है। इसमें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स और जी-20 की भूमिका बढ़ती जा रही है और निश्चित रूप से संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा मंच है, जहां सभी मौजूदा और भविष्य के शक्ति केंद्र देश आपस में सहयोग, समझौते और संतुलित दृष्टिकोण से काम कर सकते हैं। रूस ऐसे संतुलित दृष्टिकोण का समर्थन करता है। मुझे आपसे मिलकर खुशी हो रही है और मुझे आज की चर्चाओं से अच्छे परिणाम की उम्मीद है। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, आज की बैठक हमारे लिए एक अवसर है कि हम अपने राजनीतिक संबंधों पर चर्चा करें।

### टैरिफ पर अमेरिका पर पलटवार के लिए यूरेशिया बनेगा ब्रम्हास्त्र

**मास्को।** टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका से तनाव के बीच भारत का दोस्त रूस एक बार फिर आगे आया है। दरअसल, भारत और रूसी नेतृत्व वाले यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर वार्ता शुरू हो गई है। इस बाबत बुधवार को दोनों पक्षों ने टर्म्स आफ् रेफरेंस पर हस्ताक्षर भी किए। यह समझौता भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के मास्को दौरे के दौरान भारत के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भाडू और ईएईयू की व्यापार नीति विभाग के उप निदेशक मिखाइल चेरेकैव के बीच हुआ। इस मौके पर दोनों पक्षों ने वार्ता की औपचारिक शुरुआत की रूपरेखा और भविष्य की संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

## अमेरिका ने आईसीसी कर्मचारियों पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में कार्यरत चार कर्मचारियों पर प्रतिबंध लगा दिए। ये लोग दोनों देशों की सहमति के बिना अमेरिकी और इज़रायली कर्मियों की जांच, गिरफ्तारी, हिरासत या मुकदमा चलाने के लिए आईसीसी द्वारा की गई कार्रवाइयों में सीधे तौर पर शामिल थे। अफ़गानिस्तान में अमेरिकी कर्मियों की आईसीसी की जांच को अधिकृत करने और इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के लिए आईसीसी द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी करने को अधिकृत करने के लिए दो आईसीसी न्यायाधीशों को नामित किया गया था।



भारत-रूस व्यापार मंच के दौरान रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव और अन्य के साथ केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

## अमेरिका की मोस्ट वांटेड महिला भारत से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने टेक्सास की एक मोस्ट वांटेड महिला को भारत से गिरफ्तार किया है। सिंडी राड्रिगेज सिंह नाम की इस महिला पर अपने ही 6 साल के बेटे बेटे नोएल रोड्रिग्ज की हत्या का आरोप है। एफबीआई के डायरेक्टर काश पटेल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने एक्स पर बताया कि सिंडी ने अपने ठिकाने के बारे में झूठ बोला था और फिर भारत भाग गई थी। भारतीय अधिकारियों और इंटरपोल की मदद से एफबीआई ने 20 अगस्त

**■ अपने ही छह साल के बेटे की हत्या का आरोप, दो करोड़ का इनाम था सिंडी राड्रिगेज सिंह पर**

2025 को भारत में सिंडी को हिरासत में लिया। उसे अमेरिका वापस भेज दिया गया है, जहां उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। सिंडी एफबीआई की टाप 10 मोस्ट वांटेड भगोड़ों की लिस्ट में शामिल थी। एफबीआई ने उनकी खबर देने वाले को 2.50 लाख डॉलर (लगभग 2 करोड़ रुपये) इनाम का ऐलान की थी। काश पटेल के मुताबिक, वह पिछले 7 महीनों में गिरफ्तार होने वाली चौथी मोस्ट वांटेड भगोड़ी है। जांच के दौरान सिंडी ने दावा किया था कि नोएल नवम्बर 2022 से अपने पिता के साथ मेक्सिको में है। लेकिन दो दिन बाद वह अपने पति अर्शदीप और छह बच्चों के साथ भारत के लिए फ्लाइट में देखी गई, जिसमें नोएल नहीं था। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने सिंडी के गिरफ्तारी के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। टेक्सास अधिकारियों ने नवम्बर 2023 में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई ने गाजा से 155 फलस्तीनियों को सुरक्षित निकाला

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर गाजा से 155 घायल और बीमार फलस्तीनी लोगों को सुरक्षित निकाला है। यूएई की विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूएई चिकित्सा कर्मियों ने गंभीर रूप से घायल लोगों को अबु धाबी के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करवा दिया है, जबकि अन्य बीमारों और उनके परिजनों को एमिरेट्स ह्यूमैनिटेरियन सिटी में रखा गया है, जहां उनको आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

### मिस्र ने गाजा में राहत सामग्री से भरे 1288 ट्रक भेजे

**काहिरा।** मिस्र ने 27 जुलाई से 17 अगस्त के बीच करेम शालोम सीमा के माध्यम से गाजा पट्टी में मानवीय राहत सामग्री से भरे 1288 ट्रक भेजे हैं। मिस्र के विदेश मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक सांख्यिकीय चार्ट में यह जानकारी दी गई है। चार्ट में दिखाया गया है कि राहत सामग्री से लदे लगभग 5000 ट्रक अभी भी गाजा में प्रवेश करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### यांगून में भूकंप के तेज झटके लगे

**यांगून।** म्यांमार के यांगून शहर में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। म्यांमार के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग (डीएमएच) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार लगभग आज पूर्वाह्न नौ बजकर 28 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए।

## भारत से रिश्ते बिगाड़ना बड़ी गलती: निक्की हेली

### संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत ने ट्रम्प को चेताया: भरोसा टूटा तो 25 साल की मेहनत खराब होगी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत से संबंधों को लेकर ट्रम्प प्रशासन को चेतावनी दी है। न्यूजवीक मैगजीन में लिखे अपने आर्टिकल में निक्की कहा कि अगर भारत के साथ 25 साल में बना भरोसा टूटता है, तो यह एक रणनीतिक गलती होगी।

निक्की ने यह आर्टिकल ट्रम्प के भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ और उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को सलाह दी है कि वह भारत को एक और लोकतांत्रिक साझेदार माने। भारत-अमेरिका के रास्ते अलग लेकिन मंजिल एक निक्की ने आर्टिकल की शुरुआत रीगन और इंदिरा गांधी के बीच 43 साल पहले हुए एक मुलाकात से की है। उन्होंने लिखा: जुलाई 1982 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने व्हाइट हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए



**निक्की ने यह आर्टिकल ट्रम्प के भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ व उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा**

डिनर रखा था। उस समय उन्होंने कहा था कि भारत और अमेरिका दो आजाद देश हैं। कभी-कभी हमारे रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है। लेकिन चार दशक बाद आज अमेरिका-भारत संबंध मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। निक्की ने अपने आर्टिकल में आगे लिखा कि चीन पर रूस से तेल खरीदने के बावजूद कोई प्रतिबंध नहीं है, जबकि भारत पर अमेरिकी टैरिफ लगाए जा रहे हैं। हेली के मुताबिक यह दिखाता है कि अमेरिका-भारत रिश्तों पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। हेली ने कहा कि भारत ही वह देश है जो एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को बैलेंस कर सकता है। पूर्व राजदूत ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जापान को पीछे छोड़ देगा। भारत का यह उभार चीन की महत्वाकांक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक विवाद को अगर लंबे समय के लिए बढ़ाया गया, तो चीन इसका फायदा उठा लेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीधे पीएम मोदी से बात करें और रिश्तों को फिर से पटरी पर लाएं। निक्की बोलीं: ट्रम्प प्रशासन के दो मकसद, पूरा करने के लिए भारत की जरूरत ट्रम्प प्रशासन की विदेश नीति के दो बड़े मकसद हैं। पहला चीन को पीछे छोड़ना और ताकत के जरिए दुनिया में शांति कायम करना। इन दोनों मकसद को पाने के लिए भारत के साथ रिश्ते सुधारना बेहद जरूरी है। भारत को चीन जैसा विरोधी मानकर सजा देना सही नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक और अहम साझेदार है। अगर अमेरिका भारत के साथ ऐसे ही टकराव जारी रखता है, तो यह रिश्तों के लिए खतरनाक होगा। एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को रोकने में भारत ही सबसे मजबूत देश है। अगर अमेरिका ने इस साझेदारी को कमजोर कर दिया तो यह एक बड़ी रणनीतिक भूल होगी। अभी के समय में भारत की अहमियत और भी बढ़ जाती है।

## अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का बुधवार को निधन हो गया। वे 88 साल के थे। कैप्रियो लंबे समय से पैंक्रियाटिक कैंसर से लड़ रहे थे। उनके परिवार ने इंस्टाग्राम पर उनकी मौत की जानकारी दी। कैप्रियो अपने कोर्ट शो 'काट इन प्रोविडेंस' से दुनियाभर में मशहूर हुए। यह शो 2018 से 2020 तक चला और कई डेटाइम एमी अवाड्र्स के लिए नामिनेट हुआ। उनकी दया और इंसानियत भरे फैसलों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे हैं। उन्होंने कई बार गरीब परिवारों के चालान माफ किए और लोगों को हौसला बढ़ाया। जज फ्रैंक कैप्रियो के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। उनके इंस्टाग्राम पर उनके 34 लाख फालोअर्स हैं। उनके वीडियो को ऑनलाइन अरबों बार देखा गया। कैप्रियो ने रविवार को ही इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया था।

## इमरान खान को मिली आठ मामलों में जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 9 मई 2023 के दंगों से जुड़े 8 मामलों में जमानत दे दी। इमरान खान के समर्थकों ने 9 मई को रावलपिंडी में सेना के जनरल हेडक्वार्टर्स (जीएचआईक्यू) और लाहौर में सैन्य अधिकारियों के घर पर हमला किया था। इमरान खान पर आरोप था कि उन्होंने इस दंगे की साजिश रची थी।

इमरान की जमानत का फैसला मुख्य न्यायाधीश याह्या अफरीदी की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने सुनाया। इमरान फिलहाल रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद भी इमरान जेल से रिहा नहीं होंगे, क्योंकि उनके खिलाफ कई अन्य मामले लंबित हैं और वे 50 अरब पाकिस्तानी रुपये के भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की



**मिलिट्री हेडक्वॉर्टर पर हमले का केस भी शामिल, लेकिन जेल से रिहा नहीं होंगे पूर्व पाक पीएम**

अडियाला जेल में बंद हैं। लाहौर की एक काउंटर टेररिज्म अदालत ने नवम्बर 2024 में इमरान को इन मामलों में जमानत देने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद, लाहौर हाई कोर्ट ने भी 24 जून को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इमरान खान ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। इमरान की तरफ से वकील ने दलील दी थी कि दंगों के वक्त वे नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) की हिरासत में थे, इसलिए घटनाओं में शामिल होना मुमकिन नहीं था।

## आईसीसी और फ्रांस ने डोनाल्ड ट्रम्प को घेरा

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने फ्रांस और बेल्जियम के साथ मिलकर उसके न्यायाधीशों और अभियोजकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की कड़ी आलोचना की है।

अमेरिका के इस कृत्य को आईसीसी ने न्यायालय की न्यायिक स्वतंत्रता पर करारा हमला करार दिया है।बुधवार को स्थानीय समयानुसार जारी एक बयान में आईसीसी ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों की चिंता किए बगैर वह अपने काम को जारी रखेगा। साथ ही आईसीसी ने अपने 125 सदस्य देशों से

**नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी करने वालों जजों पर प्रतिबंध के मामले ने पकड़ा तूल**

अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के पीड़ितों को न्याय दिलाने में अपने कार्य के लिए निरंतर समर्थन देने के लिए भी आह्वान किया। आईसीसी ने अपने बयान में कहा कि ये प्रतिबंध निष्पक्ष न्यायिक संस्था की स्वतंत्रता पर खुला हमला है। ये प्रतिबंध न्यायालय के सदस्य देशों, नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और सबसे बढ़कर, दुनिया भर के लाखों निर्दोष पीड़ितों का अपमान हैं।

## भारत-चीन लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार करेंगे

### नेपाल ने सीमा विवाद को लेकर विरोध जताया, भारत बोला: यहा से 1954 से ट्रेड हो रहा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला 18-19 अगस्त को चीनी विदेश मंत्री वांग ई की भारत यात्रा के दौरान हुआ। बातचीत में लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया। नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई है।

उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। इस पर



भारत नेलिखित जवाब में कहा कि लिपुलेख के रास्ते 1954 से व्यापार हो रहा है, जो हाल के सालों में कोरोना और अन्य वजहों से रुका था। अब दोनों देशों ने इसे फिर शुरू करने का फैसला किया है। भारत का कहना है कि नेपाल के क्षेत्रीय दावे ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। ये एकतरफा दावे मान्य नहीं हैं। भारत ने नेपाल के साथ सीमा विवाद को बातचीत और डिप्लोमेसी से हल करने की इच्छा जताई है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सितम्बर में भारत दौरे पर आएंगे। वे 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में हिस्सा लेने के बाद 16 सितम्बर को भारत पहुंचेंगे। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार, 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे और प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की।

## चीन ने अफगान-पाक से आतंकवाद पर की चर्चा

**काबुल।** चीन के विदेश मंत्री यांग वी ने कहा है कि आम सहमति पर आधारित व्यापक उपायों से आतंकवाद के मूल कारणों का समाधान करना चाहिए। उन्होंने यह बात यहां अफगानिस्तान और पाकिस्तान से साथ त्रिपक्षीय बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि तीनों पक्षों को सहयोग विस्तार, सुरक्षा वार्ता तंत्र, कानून प्रवर्तन और सुरक्षा सहयोग को गहरा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के प्रयासों को मजबूत करना चाहिए।

बिकाऊ है।
एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।
शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010

## यूक्रेन पर रूस का साल का सबसे बड़ा हमला

**कीव।** यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रानिक्स निर्माता संस्था पर हमला किया है। रूस का ये हमला तब हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समेत पश्चिमी देश रूस-यूक्रेन संघर्ष को रुकवाने की कोशिश में जुटे हैं। बीते

**■ 574 ड्रोंस और 40 मिसाइलों के साथ बरपाया कहर**

हफ्ते अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद सोमवार को ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक की थी। ट्रम्प ने इस बैठक के दौरान साफ किया कि वे किसी तरह के संघर्ष विराम को लागू करने की जगह सीधा शांति समझौते की तरफ जाना चाहते हैं। हालांकि, इस दौरान उनकी और यूरोपीय नेताओं में इस बात पर सहमति रही कि यूक्रेन को शांति समझौते के एवज में भविष्य के खतरों से निपटने के लिए कुछ सुरक्षा गारंटी दी जा सकती हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बाद में कहा कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD (होम्यापैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108